समर एक्सप्रेस
www.summerexpress.in
सूर्योदय सुबह 6:47 बजे
सूर्यास्त शाम 5:33 बजे
R.N.I NO. CHMUL/25/A1155
• साल-1 • अंक-85 • पृष्ठ-8 • मूल्य-1 रूपये • रविवार 30 नवंबर 2025 • पंजाब • हरियाणा • हिमाचल • चंडीगढ़ • ग्रुप एडिटर : अर्शदीप सिंह समर

# पंजाब-चंडीगढ़ में बढ़ी ठंड; कड़ाके की सर्दी का अलर्ट! टूट सकते हैं रिकॉर्ड

समर न्यूज | चंडीगढ़

पंजाब और चंडीगढ़ में ठंड लगातार बढ़ रही है। दिन में धूप खिली होने के बावजूद सुबह धुंध और कोहरा छाने लगा है। पिछले 24 घंटों में न्यूनतम तापमान में 0.2 डिग्री सेल्सियस की हल्की बढ़ोतरी जरूर दर्ज की गई, लेकिन अधिकांश शहरों में पारा 4.5 से 9 डिग्री सेल्सियस के बीच ही रहा। सबसे ठंडी रात फरीदकोट में दर्ज की गई, जहां तापमान 4.5 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। कनक की बुआई के मौसम के साथ ही सुबह-सवेरे धुंध छाने लगी है। मौसम विभाग के अनुसार अगले सात दिनों में मौसम में किसी बड़े बदलाव की संभावना नहीं है।

## आने वाले दिनों में और गिर सकता है पारा

*मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि आने वाली रातें और ठंडी होंगी। न्यूनतम तापमान 1 डिग्री तक गिरने की संभावना है। वर्तमान में औसत न्यूनतम तापमान 8 डिग्री के आसपास है, जो 3 दिसंबर तक 7 डिग्री तक जा सकता है। दिन का तापमान भी 27 डिग्री से गिरकर 24 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने का अनुमान है। हालांकि दिन के समय ठंड का एहसास अपेक्षाकृत कम रहेगा।*

**▪ पहाड़ों पर गिरावट तेज-**

**• पंजाब के प्रमुख शहरों का तापमान**

| | | |
|---|---|---|
| • चंडीगढ़: | अधिकतम 27.8 | न्यूनतम 7.6 |
| • पटियाला: | अधिकतम 26.7 | न्यूनतम 8.8 |
| • लुधियाना: | अधिकतम 25.2 | न्यूनतम 7.6 |
| • अमृतसर: | अधिकतम 23.0 | न्यूनतम 7.1 |

**कश्मीर में तापमान माइनस में**

*कश्मीर में ठंड अपने चरम पर पहुंच सकती है। घाटी के मैदानी इलाकों में रात का न्यूनतम तापमान –4 से –7 डिग्री सेल्सियस तक गिर सकता है। श्रीनगर में आज रात तापमान –5 डिग्री पहुंचने की संभावना है।*

**▪ सर्द मौसम का फायदा टूरिज़्म को भी...**

*मौसम विभाग ने लोगों से अपील की है कि गर्म कपड़े पहनें, छोटे बच्चों और बुजुर्गों का खास ध्यान रखें। कोहरे के चलते सड़क पर बेहद सावधानी से चलें। घर से निकलते समय विज़िबिलिटी की स्थिति देखकर ही यात्रा करें। गर्म पेय पदार्थों का सेवन करें। ठंडी हवाओं और धुंध के कारण स्वास्थ्य और यात्रा दोनों पर खास ध्यान देने की जरूरत है। पंजाब और हरियाणा से बड़ी संख्या में पर्यटक कश्मीर के बर्फीले नज़ारों का आनंद लेने पहुंचते हैं। बढ़ती सर्दी और बर्फबारी के चलते इस सीजन में कश्मीर में पर्यटकों की संख्या और बढ़ सकती है।*

**▪ साइक्लोन दितवाह भारत की तरफ तेजी से बढ़ रहा...**

*श्रीलंका में तबाही मचाने के बाद साइक्लोन दितवाह भारत की तरफ तेजी से बढ़ रहा है। तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश और पुडुचेरी के तटीय इलाकों में भारी बारिश के साथ तेज हवाएं शुरू हो चुकी है। शनिवार शाम तक इसके और तेज होने की संभावना है। तमिलनाडु में भारी बारिश के कारण 54 उड़ानें रद्द कर दी गई हैं। पुडुचेरी सेंट्रल यूनिवर्सिटी ने साइक्लोन के कारण शनिवार को छुट्टी घोषित करते हुए सभी परीक्षाएं स्थगित कर दी हैं। पुडुचेरी, कराईकल, माहे और यनम में सभी स्कूल और कॉलेज सोमवार तक बंद रहेंगे। श्रीलंका में दितवाह के कारण बाढ़ और लैंडस्लाइड से 123 से ज्यादा लोगों की मौत हो गई है। 130 से ज्यादा लापता हैं। चेन्नई की फ्लाइट्स कैंसिल होने के कारण कोलंबो एयरपोर्ट पर लगभग 300 भारतीय यात्री पिछले तीन दिनों से फंसे हुए हैं। ये सभी दुबई से श्रीलंका के रास्ते भारत आने वाले थे।*

## न्यूज ब्रीफ

### 62 वर्षीय ऑस्ट्रेलियाई पीएम ने की शादी

**मेलबॉर्न**| ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज ने अपनी पार्टनर जोडी हेडन से कैनबरा में प्रधानमंत्री कार्यालय में शादी की। 62 वर्षीय अल्बनीज ऑस्ट्रेलिया के पहले ऐसे प्रधानमंत्री बन गए हैं जिन्होंने पद पर रहते हुए विवाह किया है। 46 वर्षीय हेडन फाइनेंशियल सर्विस सेक्टर में काम करती हैं। दोनों ने फरवरी 2024 में सगाई की थी। अल्बनीज ने सोशल मीडिया पर "Married" लिखकर खुशी साझा की और शादी का वीडियो भी पोस्ट किया। दंपति सोमवार से शुक्रवार तक ऑस्ट्रेलिया में ही हनीमून मनाएंगे और इसका खर्च स्वयं वहन करेंगे। यह अल्बनीज की दूसरी शादी है। उनकी पहली शादी कार्मेल टेबट से 19 साल चली थी और 2019 में उनका तलाक हुआ था।

### रूसी टैंकर पर ड्रोन जहाजों का हमला

**अंकारा**|तुर्की ने शनिवार को पुष्टि की कि ब्लैक सी में उसके तट से करीब 35 मील दूर रूसी शैडो फ्लीट के टैंकर 'विराट' पर बिना पायलट वाले ड्रोन जहाजों ने हमला किया। हमले में जहाज को मामूली नुकसान पहुंचा, लेकिन उसकी स्थिति स्थिर है और सभी क्रू सदस्य सुरक्षित हैं। मंत्रालय के अनुसार, शुक्रवार देर रात हुए पहले हमले के बाद शनिवार सुबह भी एक और हमला किया गया। हमले के पीछे कौन है, यह अभी स्पष्ट नहीं हो सका है। इसी बीच, तुर्की अधिकारियों ने ब्लैक सी में विस्फोट के बाद आग पकड़ चुके एक अन्य रूसी टैंकर 'कैरोस' पर भी नियंत्रण पाने की कोशिश जारी रखी है।

### भारत और अमेरिका में हुई रक्षा डील

**नई दिल्ली**| भारत ने अमेरिका के साथ 7,995 करोड़ रुपये की रक्षा डील साइन की है। रक्षा मंत्रालय ने अमेरिका के साथ 2025 से 2030 तक चलने वाला 5 साल का समझौता किया है, जिसके तहत अमेरिका भारतीय नौसेना के 24 MH-60R सीहॉक रोमियो हेलीकॉप्टर की मेंटेनेंस, तकनीकी सहायता और ट्रेनिंग में सहयोग करेगा। दोनों देशों ने इसके लिए लेटर ऑफ ऑफर एंड एक्सेप्टेंस (LOA) पर हस्ताक्षर किए हैं। यह समझौता 'फॉलो ऑन सपोर्ट' के तहत हुआ है। इसके जरिए अमेरिका हेलीकॉप्टर के स्पेयर पार्ट्स, सपोर्ट इक्विपमेंट, पायलट और स्टाफ की ट्रेनिंग तथा तकनीकी मदद उपलब्ध करवाएगा।

## सिटीजन रिपोर्टर

*अब आप भी बन सकते हैं समर एक्सप्रेस के सिटीजन रिपोर्टर। अपने इलाके की कोई भी समस्या, आयोजन, जानकारी या खबर हमें भेजें। आपके नाम के साथ प्रकाशित की जाएगी। अपनी खबर इस फोन नंबर 7986630191 या ईमेल infosummerexpress@gmail.com पर भेजें।*

### जीडीपी पर सियासत गर्म

# IMF की C रेटिंग पर कांग्रेस बोली- डेटा चमका है या देश

## ग्रोथ नंबर वास्तविक अर्थव्यवस्था नहीं दर्शाते

समर न्यूज | नई दिल्ली
समर न्यूज

कांग्रेस ने भारत की ताज़ा जीडीपी वृद्धि दर पर बड़ा सवाल उठाते हुए आरोप लगाया है कि सरकार "महंगाई दबाकर" आर्थिक विकास की तस्वीर चमका रही है। पार्टी के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने कहा कि यह विडंबना है कि जिस समय एनएसओ ने जुलाई–सितंबर तिमाही (Q2 FY26) के लिए 8.2% वास्तविक जीडीपी वृद्धि घोषित की, उसी हफ़्ते अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने भारत के राष्ट्रीय खातों (नेशनल एकाउंट्स स्टेटिसटिक्स) को सी ग्रेड दिया, जो किसी भी देश को मिलने वाली दूसरी सबसे निचली श्रेणी है।

जयराम रमेश के अनुसार, जीडीपी में दर्शाई गई वृद्धि तब तक टिकाऊ नहीं हो सकती जब तक निजी निवेश में वास्तविक उछाल न दिखे। सकल स्थिर पूंजी निर्माण में ठोस सुधार न आए। उन्होंने कहा कि सरकारी आंकड़े "जमीन पर मौजूद आर्थिक सच्चाई" से मेल नहीं खाते।

**▪ जीडीपी डिफ्लेटर पर सबसे बड़ा हमला...**सरकारी जीडीपी गणना में इस्तेमाल किए गए डिफ्लेटर को लेकर भी रमेश ने तीखी आलोचना की। उनका कहना है कि डिफ्लेटर ऐसा रखा गया है जैसे देश में महंगाई केवल 0.5% हो, जबकि आम लोग रोजमर्रा की ज़िंदगी में तेज़ी से बढ़ती कीमतों का बोझ झेल रहे हैं। रमेश ने आरोप लगाया कि मुद्रास्फीति को कृत्रिम रूप से कम दिखाकर जीडीपी आंकड़ों को मोटा दिखाया जा रहा है।

**▪ कांग्रेस अभी इस मुद्दे को क्यों उठा रही है...**क्योंकि एनएसओ के ताज़ा 8.2% जीडीपी आंकड़ों के साथ ही आईएमएफ की सी ग्रेडिंग आई है, जिसने डेटा की विश्वसनीयता पर गहरी बहस छेड़ दी है। कांग्रेस का कहना है कि एक तरफ भारत को "सबसे तेज़ बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्था" बताया जा रहा है। दूसरी तरफ अंतरराष्ट्रीय संस्थान डेटा की गुणवत्ता पर ही प्रश्नचिह्न लगा रहे हैं। यह दोनों बातें एक-दूसरे के साथ मेल नहीं खातीं।

**▪ आईएमएफ की ग्रेडिंग-क्या संकेत देती है...**आईएमएफ ने भारत के राष्ट्रीय खातों संबंधी आंकड़ों को सी ग्रेड देकर इन मुद्दों पर चिंता जताई है। जीडीपी बेस ईयर में बार-बार बदलाव। जीडीपी व टैक्स/इंडस्ट्रियल डेटा के बीच अंतर। निजी निवेश की सुस्ती और जीडीपी वृद्धि के दावे में विसंगति। कांग्रेस का कहना है कि आईएमएफ की यह ग्रेडिंग एनएसओ द्वारा जारी जीडीपी वृद्धि दर पर विश्वसनीयता का साया डालती है। कांग्रेस का आरोप है कि मौजूदा जीडीपी आंकड़े "कागज़ पर चमकते हैं, ज़मीन पर नहीं" और जल्द ही सरकार को यह बताना होगा कि आईएमएफ की चेतावनी और एनएसओ के दावों में वास्तव में सच्चाई कहाँ पर है।

# कच्चे मुलाजिम सस्पेंड, जुर्माना भी लगाया

## • किलोमीटर स्कीम के विरोध में हड़ताल को सरकार ने अवैध बताया

सारांश मेहता | चंडीगढ़
समर न्यूज

पंजाब में किलोमीटर स्कीम के तहत नई बसों के टेंडर रद्द करने की मांग को लेकर चल रही सड़क परिवहन कर्मियों की हड़ताल पर सरकार ने कड़ा कदम उठाया है। रोडवेज और पीआरटीसी के सभी अस्थायी (कच्चे) कर्मचारियों को हड़ताल में शामिल होने के आरोप में तत्काल प्रभाव से सस्पेंड कर दिया गया है। विभाग ने मेल भेजकर कर्मचारियों को नोटिस और सस्पेंशन की जानकारी दी।

ईमेल के अनुसार, कर्मचारियों ने "गैर-कानूनी धरने" में शामिल होकर राज्य को आर्थिक नुकसान पहुंचाया है। बसों के रूट पर न चलने के कारण जुर्माना भी लगाया गया है और सभी को सेवा से निलंबित कर दिया गया है।

**▪ सीएम भगवंत मान शनिवार तड़के पहुंचे बस स्टैंड...**

*सरकार की सख्ती के बीच सीएम भगवंत मान शनिवार तड़के 3:30 बजे कुराली बस स्टैंड पर पहुंचे। उन्होंने यात्रियों से बातचीत की और बसों की उपलब्धता का जायज़ा लिया।*



सीएम मान कुराली बस अड्डे पर यात्रियों से बातचीत करते हुए। -समर न्यूज

## सरकार की कार्रवाई: क्या लिखा गया नोटिस में

*नोटिस में लिखा है कि 28 नवंबर 2025 को सैकड़ों बसें हड़ताल के कारण नहीं चलीं। एक-एक बस के न चलने से बस अड्डा राजस्व, टिकट आय, ओवरटाइम, मजदूरी जैसी मदों में प्रति बस 9520 रुपए का नुकसान हुआ। अवैध हड़ताल से सरकार को भारी नुकसान हुआ है। दो दिन में यह नुकसान 11,939 रुपए प्रति बस तक पहुंच गया।*

**▪ ड्यूटी पर लौटने के निर्देश नहीं माने...**

*28 नवंबर को विभाग ने कर्मचारियों को ड्यूटी पर वापस आने के निर्देश दिए, लेकिन वे 29 नवंबर को भी गैरहाजिर रहे। इससे प्रति बस 301 किलोमीटर की ड्यूटी मिस हो गई। इसे विभाग और कर्मचारियों के बीच हुए एग्रीमेंट की शर्त-15 का उल्लंघन माना गया है।*

**सरकारी बस सेवा की बदनामी...**

*नोटिस में आगे लिखा है कि आपकी हड़ताल से जनता को कठिनाई हुई, सेवा बाधित हुई। विभाग की साख को नुकसान पहुंचा। इसलिए विभाग आपको सेवा से हटाने के लिए बाध्य है।*

**▪ यूनियन की आपत्ति: ये कहना है कर्मचारी नेताओं का...**

*जालंधर डिपो-1 के प्रधान विक्रमजीत सिंह ने कहा कि सरकार किलोमीटर स्कीम में 1600 नई बसें डालने जा रही है जो पाँच साल के टेंडर पर चलेंगी। इससे रोडवेज ड्राइवरों की नौकरी खत्म हो सकती है। नई बसों की मेंटेनेंस मालिक की ओर से करवाई जाएगी। इससे डिपो में मैकेनिकों की जरूरत समाप्त हो जाएगी। विक्रमजीत आरोप लगाते हैं कि बसों को सरकार के "चहेते" ठेकेदारों और रिश्तेदारों को फायदा पहुंचाने के लिए लाया जा रहा है। कंडक्टर सरकारी होगा, तेल सरकार का होगा, और मुनाफा प्राइवेट मालिकों को जाएगा।*

### भट्टी ने ऑडियो जारी कर सिरसा महिला थाने पर हुए धमाके की जिम्मेदारी भी ली

# पाकिस्तानी डॉन शहज़ाद भट्टी की धमकी-लॉरेंस बिश्नोई को नहीं छोड़ूंगा, भारतीय एजेंसियों से कोई विरोध नहीं

समर न्यूज | चंडीगढ़

पाकिस्तानी गैंगस्टर शहज़ाद भट्टी ने एक ऑडियो संदेश जारी कर भारत के कुख्यात गैंगस्टर लारेंस बिश्नोई को जान से मारने की खुली धमकी दी है। भट्टी ने दावा किया कि उसका भारत, भारतीय नागरिकों या भारतीय सरकारी एजेंसियों से कोई विरोध नहीं है। उसकी दुश्मनी केवल लारेंस बिश्नोई से है।भट्टी ने कहा कि लारेंस ने पाकिस्तान में अवैध गतिविधियों के लिए हवाला चैनलों के जरिए पैसे भेजे और आतंकी गतिविधियों को बढ़ावा देने की कोशिश की। भट्टी ने कहा-"जिस दिन लारेंस मेरे हाथ लग गया, मैं उसे मार दूंगा। उसने अपने दोस्तों को धोखा दिया है और ऐसे गद्दार को जीने का अधिकार नहीं।" 27–28 नवंबर 2025 की रात हरियाणा के सिरसा महिला पुलिस थाने पर विस्फोटक फेंके गए थे। घटना के बाद पुलिस ने पांच संदिग्धों को हिरासत में लिया। भट्टी ने ऑडियो जारी कर धमाके की जिम्मेदारी लेने का दावा किया और कहा कि यह "लारेंस को सबक सिखाने के लिए किया गया।

*शहज़ाद भट्टी ने अपने ऑडियो संदेश में कहा-"मेरी भारत सरकार, भारतीय एजेंसियों या भारतीयों से कोई दुश्मनी नहीं। "मेरा इतराज़ सिर्फ लारेंस बिश्नोई पर है, जिसने पाकिस्तान में गलत इरादों से पैसे भेजे। लारेंस ने अपने देश भारत को भी धोखा दिया है।" भट्टी ने यह भी आरोप लगाया कि लारेंस बिश्नोई ने अपने भाई अनमोल बिश्नोई के लिए ग्रीन कार्ड दिलाने के मकसद से एफबीआई से सौदेबाजी की। भारत की जानकारी साझा कर वह अपने भाई को बचाने की कोशिश करता रहा। जिस FBI के लिए वह जानकारी दे रहा था, उसी ने उसके भाई को वापस भेज दिया। भट्टी ने कहा-"भारत की एजेंसियों को भी जल्द पता चल जाएगा कि वह एक गद्दार है। आप लोग एक सांप को पाल रहे हैं।"भट्टी ने धमकी भरे शब्दों में कहा कि जब भी लारेंस उसके कब्जे में आएगा, वह उसे नहीं छोड़ेगा। उसके अनुसार, लारेंस ने हमेशा अपने साथियों और दोस्तों को धोखा दिया है, और "ऐसे व्यक्ति को जिंदा रहने का कोई अधिकार नहीं।"*

# ट्रैफिक जाम देख भड़के विधायक कुलदीप

## खुद संभाला ट्रैफिक और एसएचओ ड्यूटी पर लेट आया तो विधायक ने उसे लगाई फटकार

समर न्यूज | अमृतसर

पंजाब के अमृतसर में ट्रैफिक जाम देखकर आम आदमी पार्टी के विधायक कुलदीप सिंह धालीवाल आपा खो बैठे। भीड़भाड़ के बीच उन्होंने पहले पुलिस की लापरवाही पर नाराज़गी जताई और फिर एसएचओ को काफी झाड़ लगाई। इस दौरान किसी ने उनका वीडियो बना लिया, जो बाद में सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। वीडियो में धालीवाल एसएचओ पर गुस्सा निकालते हुए दिखाई दिए।

**▪ अजनाला के मुख्य चौक पर लगा भारी जाम...**



*धालीवाल अजनाला से पहली बार आप के विधायक बने हैं। शुक्रवार को वह अजनाला होते हुए गुजर रहे थे, तभी मुख्य चौक पर भीषण ट्रैफिक जाम में फंस गए। स्थिति गंभीर देख उन्होंने अपनी कार सड़क पर ही रोक दी और खुद ट्रैफिक नियंत्रण में जुट गए। उन्होंने स्कूल बसों, ट्रैक्टर ड्राइवरों और दूसरे वाहनों को रास्ता दिलवाकर जाम हटवाने की कोशिश की। पूरी कार्रवाई के दौरान धालीवाल पुलिस की अनुपस्थिति और देरी पर लगातार नाराज़ दिखे।*

**▪ एसएचओ देर से पहुंचा, इससे बढ़ा गुस्सा...**

विधायक के करीबी सूत्रों का दावा है कि जब धालीवाल जाम में फंसे तो मौके पर कोई भी पुलिसकर्मी मौजूद नहीं था। एसएचओ को बुलाया गया, लेकिन वह देर से पहुंचा। यही कारण धालीवाल के गुस्से का मुख्य कारण बना और उन्होंने मौके पर ही एसएचओ को फटकार लगा दी। धालीवाल ने पुलिसकर्मियों से कहा-"आप यहां खड़े-खड़े क्या कर रहे हो? पूरे शहर में जाम लगा है। पहले ट्रैफिक संभालो, बाकी बात मैं बाद में करूँगा।

# 'ब्रेकअप पर मेकअप' का खेल? सिद्धारमैया शिवकुमार की 'एकता' पर बीजेपी का वार

समर न्यूज | नई दिल्ली

कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने शनिवार को नेतृत्व में बदलाव और अपने और उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार के बीच मतभेदों के दावों को खारिज करते हुए कहा कि दोनों नेताओं के बीच अच्छे संबंध हैं और उनके बीच कोई मतभेद नहीं हैं। शिवकुमार ने कांग्रेस की राज्य इकाई के भीतर एकजुटता पर ज़ोर दिया और कहा कि वह कांग्रेस आलाकमान के निर्देशों का पालन करते रहेंगे और इस बात पर ज़ोर दिया कि पार्टी में कोई आंतरिक गुटबाज़ी नहीं है। हालांकि, इसको लेकर भाजपा ने तंज कसा है। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने कहा कि यह मुलाकात कोई ब्रेकफ़ास्ट मीटिंग नहीं थी। यह ब्रेकअप मीटिंग और 'ब्रेकअप पर मेकअप' मीटिंग थी। वे मेकअप और एकता के नाश्ते से अपने ब्रेकअप को ठीक करने की कोशिश कर रहे थे। आईएनसी का मतलब है 'मुझे कन्फ़्यूज़न देखना है।' वे कहते हैं कि कोई मुद्दा ही नहीं था... खड़गे ने कहा है कि बहुत सारे मुद्दे हैं जिन्हें ठीक करने की ज़रूरत है। परमेश्वर ने कहा है कि वे मुझे मुख्यमंत्री भी बना सकते हैं। विरप्पा मोइली ने कहा है कि नेतृत्व बहुत गैर-ज़िम्मेदार है कि ऐसे मुद्दे पैदा होने दिए जाएँ। तो ये सब झूठ था। भाजपा नेता ने कहा कि हमने इन दोनों नेताओं के बीच ट्वीट वॉर भी देखा है। आज, वे एकता में अपने अभिनय के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेता और सहायक अभिनेता के पुरस्कार के हक़दार हैं... आज, एक बात बिल्कुल साफ़ है: इस नाश्ते की मेज़ पर कर्नाटक के लोग नहीं थे... यह सिर्फ़ राजनीति की बात थी, लोगों की नहीं। केरल भाजपा अध्यक्ष राजीव चंद्रशेखर ने कहा कि कर्नाटक की लंबे समय से पीड़ित जनता को यह एहसास हो गया है कि राहुल गांधी और सिद्धारमैया के झूठे वादों पर विश्वास करके और वास्तव में भाजपा सरकार के खिलाफ झूठे आख्यान का शिकार होकर उन्होंने कांग्रेस को जनादेश देकर कितनी बड़ी गलती की थी। सिद्धारमैया और शिवकुमार के बीच तनाव लंबे समय से चल रहा है। माना जा रहा है कि 2023 के कर्नाटक चुनावों के दौरान कांग्रेस एक ऐसे फॉर्मूले पर विचार कर रही है जिससे दोनों नेता पाँच-पाँच साल का कार्यकाल बाँटकर मुख्यमंत्री पद साझा कर सकें।

## पेज 1 एंकर स्टोरी

### इंडिगो के 160 विमानों पर काम पूरा, उड़ानें रद्द नहीं-कुछ में हल्की देरी संभव

# इंडिगो ने एयरबस सॉफ्टवेयर अपडेट पर दिया स्पष्टीकरण

समर न्यूज | नई दिल्ली

एयरबस सॉफ़्टवेयर अपडेट को लेकर उठे सवालों के बीच इंडिगो ने शनिवार को साफ किया कि तकनीकी अपडेट के कारण एक भी उड़ान रद्द नहीं की गई है। कंपनी ने कहा कि अधिकतम 30 मिनट तक की ही देरी देखी गई है और बेड़े का 60% हिस्सा पहले ही आवश्यक निर्देशों का पालन कर चुका है।

इंडिगो EASA और एयरबस द्वारा जारी दिशानिर्देशों के अनुसार अपने A320 परिवार के कुल 200 विमानों की जांच कर रही है, जिनमें से 160 विमानों पर काम पूरा हो चुका है। शेष विमानों का निरीक्षण भी निर्धारित समय के भीतर पूरा किए जाने का भरोसा दिया गया है। यह पूरा अपडेट उस एहतियाती चेतावनी के बाद किया जा रहा है, जिसमें एयरबस ने सौर विकिरण के प्रभाव से उड़ान नियंत्रण प्रणाली में डेटा त्रुटि की आशंका जताई थी। इसी के बाद DGCA ने भी कुछ मॉडलों पर उड़ान योग्यता निर्देश जारी किया था।

सूत्रों के अनुसार, एयरबस सॉफ्टवेयर अपडेट की अनिवार्यता के चलते केवल चुनिंदा उड़ानों में छोटी-मोटी देरी हुई है, लेकिन परिचालन सामान्य रूप से जारी है। इंडिगो के प्रवक्ता ने बताया-"हम अपने A320 परिवार के विमानों में EASA और एयरबस के निर्देशों के तहत सभी निरीक्षण और अपडेट सावधानी से पूरा कर रहे हैं। कुल 200 विमानों की पहचान की गई है, जिनमें से 160 पर कार्रवाई आज दोपहर 12 बजे तक पूरी कर ली गई है। बाकी विमानों की जांच भी तेज़ी से चल रही है। इन अपडेट्स के कारण किसी भी उड़ान को रद्द नहीं किया गया है, हालांकि कुछ उड़ानों का प्रस्थान समय थोड़ा बदल सकता है।"

## सुरक्षा सर्वोपरि- हम आवश्यक अपडेट पूरा कर रहे हैं

*इंडिगो कंपनी ने पहले सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म X पर भी जानकारी साझा की थी कि अनिवार्य तकनीकी अपडेट के दौरान कुछ उड़ानों के शेड्यूल में मामूली बदलाव हो सकते हैं। पोस्ट में स्पष्ट कहा गया-"सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। एयरबस ने वैश्विक A320 बेड़े के लिए तकनीकी सलाह जारी की है। हम सभी नियामकीय सुरक्षा प्रोटोकॉल के अनुसार अपने विमानों पर अनिवार्य अपडेट पूरी सतर्कता के साथ कर रहे हैं।*

***▪ एयरबस की चेतावनी और DGCA की कार्रवाई...***

*एयरबस ने हाल ही में बताया था कि तेज़ सौर विकिरण A320 परिवार के विमानों में उड़ान नियंत्रण प्रणाली के लिए महत्वपूर्ण डेटा को प्रभावित कर सकता है। इस चेतावनी के बाद नागरिक उड्डयन महानिदेशालय ने A320 परिवार के कुछ मॉडलों के उपयोग पर प्रतिबंध लगाते हुए उड़ान योग्यता निर्देश जारी किया और सॉफ्टवेयर अपडेट को अनिवार्य कर दिया। इंडिगो उन्हीं निर्देशों के तहत अपने विमानों की व्यापक जांच कर रही है।*

# अकाली दल गैंगस्टरों के सहारे अपनी खोई सियासी जमीन वापस पाना चाहता: धालीवाल

## आप ने कहा- पंजाब में गैंगस्टरवाद की कोई जगह नहीं, कानून तोड़ने वालों पर होगी कड़ी कार्रवाई

**समर न्यूज़ | अमृतसर**

आम आदमी पार्टी के मुख्य प्रवक्ता और अजनाला से विधायक कुलदीप सिंह धालीवाल ने अमृतसर में आयोजित एक विशेष प्रेस कॉन्फ्रेंस में पंजाब की मौजूदा राजनीतिक स्थिति, गैंगस्टरवाद और विपक्षी दलों के रवैये को लेकर बड़ा हमला बोला। उन्होंने शिरोमणि अकाली दल पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि पार्टी अपनी "मर चुकी राजनीतिक जमीन" को पुनर्जीवित करने के लिए गैंगस्टरों का सहारा लेने की कोशिश कर रही है।

धालीवाल ने कहा कि पंजाब की राजनीति में गैंगस्टरों के लिए कोई स्थान नहीं है और भगवंत मान सरकार किसी भी कीमत पर राज्य को फिर से अंधेरे दौर में नहीं जाने देगी। धालीवाल ने हाल



कुलदीप सिंह धालीवाल - समर न्यूज़

ही में गिरफ्तार की गई कंचन प्रीत कौर के मामले को लेकर अकाली दल पर भ्रम फैलाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि अकाली दल जानबूझकर कंचन प्रीत कौर को सिर्फ "एक फौजी की बेटी" के रूप में पेश कर रहा है, ताकि उसे सहानुभूति मिले, जबकि यह तथ्य छुपाया जा रहा है कि वह एक कुख्यात गैंगस्टर की पत्नी है। धालीवाल के अनुसार, तरणतारन उपचुनाव के दौरान यही गैंगस्टर लोगों को धमकाकर वोटों पर दबाव बनाने की कोशिश कर रहा था। उन्होंने दावा किया कि उनके पास 2013 से 2024 तक दर्ज 20 से अधिक FIR का रिकॉर्ड मौजूद है, जिनमें हत्या, हत्या के प्रयास, लूट, अवैध वसूली और धमकी जैसे गंभीर अपराध शामिल हैं।

उन्होंने कहा कि ये तथ्य स्पष्ट करते हैं कि अकाली दल गैंगस्टरों से जुड़ी गतिविधियों को राजनीतिक मुद्दा बनाकर अपने लिए लाभ कमाने की कोशिश कर रहा है। प्रवक्ता ने कहा कि पंजाब में गैंगस्टर राजनीति की जड़ें अकाली दल–भाजपा के दशकभर के शासनकाल में पड़ीं, जब अपराधियों को राजनीतिक संरक्षण मिला और कई क्षेत्रों में गुंडागर्दी को बढ़ावा मिला। उन्होंने आरोप लगाया कि आज वही दल गैंगस्टरवाद को लेकर "नैतिकता" और "अत्याचार" की झूठी कहानियां गढ़ रहा है। धालीवाल ने कहा कि आम आदमी पार्टी और भगवंत मान सरकार ने राज्य में अपराध और गैंगस्टरवाद पर प्रभावी नकेल कसी है, जिसके चलते कई गैंगस्टर जेलों में हैं और कानून अपने हिसाब से काम कर रहा है।

अकाली दल यह भूल रहा है कि पंजाब के लोग अब वो दौर वापस नहीं देखना चाहते। राज्य को शांति, विकास और रोज़गार चाहिए, न कि गैंगस्टरों की छत्रछाया में पनपती राजनीति न हो। लोगों को डराकर वोट लेने या कानून तोड़ने की कोशिश करेगा, तो उसके खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# नशे का इंजेक्शन लगाने से अभय कुमार की मौत

**समर न्यूज़ | तरणतारन**

तरणतारन के मोहल्ला नानकसर में रहने वाले अभय कुमार की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत ने इलाके में सनसनी फैला दी है। मृतक के पिता विजय कुमार, निवासी गली मेहर सिंह वाली तरणतारन, ने पुलिस को बताया कि उनका बेटा अभय कुमार उर्फ़ अब्बी घर से बाल कटवाने गया था, लेकिन रास्ते में आरोपियों ने साज़िश के तहत उसे नशे का इंजेक्शन लगा दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। पिता के मुताबिक, नवप्रीत सिंह, बाऊ, निशान सिंह और मलकित सिंह ने मिलकर अभय को रोका और नवप्रीत सिंह व बाऊ ने उसे नशे का टीका लगाया, जिसके कारण उसकी हालात बिगड़कर मौत हो गई। इस शिकायत के आधार पर थाना सिटी पुलिस ने आईपीसी की धारा 194 के तहत चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों बाऊ और निशान सिंह को गिरफ्तार कर लिया है।

# लाल किला ब्लास्ट मामले में दिल्ली पुलिस का बड़ा एक्शन

## अब पाकिस्तान-बांग्लादेश से डिग्री हासिल करने वाले डॉक्टरों का ब्योरा मांगा

**समर न्यूज़ | नई दिल्ली**

राजधानी दिल्ली के लाल किला विस्फोट की जांच मामले में अब दिल्ली पुलिस ने एक और बड़ा कदम उठाया है। इसके तहत दिल्ली के सभी निजी अस्पतालों को नोटिस जारी कर उन डॉक्टरों का विवरण मांगा है, जिन्होंने पाकिस्तान, बांग्लादेश, संयुक्त अरब अमीरात और चीन से एमबीबीएस की डिग्री हासिल की है और राजधानी में प्रैक्टिस कर रहे हैं। इस बीच जांच एजेंसी NIA भी आत्मघाती हमलावर उमर नबी और अल फलाह विश्वविद्यालय के डॉक्टर के बीच संबंधों की और जांच कर रही हैं।

**उमर के बारे में अल-फलाह के 30 डॉक्टरों से पूछताछ**

राष्ट्रीय जांच एजेंसी NIA ने अल- फलाह विश्वविद्यालय के 30 डॉक्टरों के बयान दर्ज किए हैं। डॉक्टरों से उमर और उसके व्यवहार के बारे में पूछताछ की गई। साथी डॉक्टरों ने बताया कि उमर का व्यवहार बहुत रूखा था और वह अपने कमरे में कुछ चुनिंदा लोगों को ही आने देता था।

**आरोपी शोएब को 10 दिन की रिमांड पर लिया** : इसके अलावा 26 नवंबर को दिल्ली ब्लास्ट मामले में एनआईए (नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी) ने आरोपी शोयब को 10 दिन की रिमांड पर लिया है। शोएब को फरीदाबाद से गिरफ्तार किया गया था। उसे पाटियाला हाउस कोर्ट में पेश किया गया, जहां एनआईए रिमांड को मंजूरी मिली।

दिल्ली ब्लास्ट मामले में एक और आरोपी आमिर राशिद अली, जिसकी एनआईए कस्टडी उसी दिन समाप्त हो रही थी, उसे भी कोर्ट में पेश किया गया और उसकी कस्टडी को 7 दिन और बढ़ा दिया गया।

**शोएब ने डॉ. उमर मोहम्मद को बम विस्फोट से ठीक पहले ठिकाना दिया था** : एनआईए के मुताबिक, शोएब ने डॉ. उमर मोहम्मद को बम विस्फोट से ठीक पहले आश्रय दिया था। इसके अलावा उसने विस्फोट की योजना को अंजाम देने में जरूरी लॉजिस्टिक सपोर्ट भी प्रदान किया।

# नेशनल हेरॉल्ड केस में ईडी की चार्जशीट पर फैसला टला

**समर न्यूज़ | नई दिल्ली**

राउज एवेन्यू कोर्ट ने शनिवार को नेशनल हेराल्ड से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ईडी की ओर से दाखिल चार्जशीट पर संज्ञान लेने का फैसला टाल दिया। अब अदालत 16 दिसंबर को अपना आदेश सुनाएगी, हालांकि ईडी की जांच पर कांग्रेस की दलील थी कि यह राजनीतिक बदले की कार्रवाई है। इस मामले में कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, कांग्रेस ओवरसीज प्रमुख सैम पित्रोदा को आरोपी बनाया गया है। इनके अलावा सुमन दुबे, सुनील भंडारी, यंग इंडियन और डोटेक्स मर्चेंडाइज प्राइवेट लिमिटेड को प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट के तहत आरोपी बनाया गया है।

ईडी का आरोप है कि कांग्रेस के शीर्ष नेताओं ने एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड (एजेएल) की 2,000 करोड़ रुपए से अधिक की संपत्तियों पर गलत तरीके से कब्जा किया। एजेंसी का दावा है कि यह पूरी योजना महज 50 लाख रुपए में यंग इंडियन नाम की कंपनी के माध्यम से की गई। इस कंपनी में सोनिया और राहुल गांधी की अधिकांश हिस्सेदारी है।

**कांग्रेस ने कहा- बदले की कार्रवाई**

ईडी का कहना है कि इसमें फर्जीवाड़ा और मनी लॉन्ड्रिंग के स्पष्ट सबूत मिले हैं और यह एक गंभीर आर्थिक अपराध है। वहीं कांग्रेस का दावा है कि यह राजनीतिक बदले की कार्रवाई है।

उनका कहना है कि यंग इंडियन का गठन कानूनी नियमों के तहत हुआ और इसमें किसी भी तरह का निजी लाभ शामिल नहीं है। जांच एजेंसी ने आरोप लगाया है कि कई वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं के निर्देश पर कुछ लोगों ने वर्षों तक फर्जी अग्रिम किराया भुगतान दिखाया और नकली किराया रसीदें जारी कीं।

# बीएसएफ ने वां तारा सिंह में हथियारों की लगाई प्रदर्शनी

**समर न्यूज़ | वां तारा सिंह**

डायमंड जुबली कार्यक्रमों के तहत बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स की ADHOC P-11 बटालियन द्वारा सरहदी गांव वान तारा सिंह में स्थित शहीद बाबा तारा सिंह सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल में एक बड़े स्तर का कम्युनिटी आउटरीच कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम कमांडेंट गुंजन कुमार शाह की अगुवाई में हुआ, जबकि 142 बटालियन बीएसएफ के डिप्टी कमांडेंट निवास धर भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। विभिन्न बीओपी से लगभग 50 बीएसएफ जवानों ने इसमें भाग लिया, जबकि स्कूल के 650 से अधिक छात्रों और 35 स्टाफ सदस्यों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। कार्यक्रम के दौरान स्कूल प्रबंधन की ओर से स्वागत समारोह आयोजित किया गया और बीएसएफ के 60 वर्षों की उपलब्धियों, सेवाओं और बलिदानों पर प्रस्तुति दी गई। कमांडेंट गुंजन कुमार शाह ने अपने संबोधन में छात्रों को अनुशासन, देशभक्ति और बीएसएफ/सीएपीएफ में करियर बनाने के लिए प्रेरित किया। वहीं बीएसएफ जवानों ने हथियारों और उपकरणों की प्रदर्शनी लगाई तथा इंटरैक्टिव सत्र में छात्रों ने सीमा सुरक्षा, तकनीक और बीएसएफ के कार्य प्रणाली से जुड़े सवाल पूछे। छात्रों ने देश की सुरक्षा में बीएसएफ की भूमिका के प्रति गहरी दिलचस्पी दिखाई, जिससे फोर्स और स्थानीय समुदाय के बीच संबंध और मजबूत हुए। स्कूल प्रबंधन ने बीएसएफ के इस पहल की सराहना करते हुए भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रमों के आयोजन की इच्छा जताई, जबकि बीएसएफ ने कहा कि वह आगे भी नागरिकों के साथ मजबूत संबंध बनाए रखने और नई पीढ़ी को प्रेरित करने के लिए इसी तरह की गतिविधियां जारी रखेगी।

# तरनतारन पुलिस ने अवैध हथियारों सहित सात शूटर गिरफ्तार

**समर न्यूज़ | तरनतारन**

तरणतारण पुलस ने गैंगस्टर चरणजीत सिंह उर्फ राजू शूटर और हरप्रीत सिंह उर्फ हैप्पी बाबा को उनके पांच साथियों समेत अवैध हथियारों सहित गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई माननीय डीजीपी पंजाब गौरव यादव आईपीएस द्वारा असामाजिक तत्वों के विरुद्ध चलाई गई विशेष मुहिम के तहत, डीआईजी फिरोज़पुर रेंज हरमनबीर सिंह गिल आईपीएस के दिशा-निर्देश और एसएसपी तरणतारण सुरेन्दर लांबा आईपीएस की निगरानी में की गई। एसपी (डी) रिपुतापन सिंह एवं CIA इंचार्ज इंस्पेक्टर प्रभजीत सिंह की टीम को तकनीकी और मानव खुफिया के आधार पर सूचना मिली थी कि राजू शूटर और हैप्पी बाबा जेल से जमानत पर छूटने के बाद नौरंगाबाद स्थित शाह पैलेस में पार्टी कर रहे हैं तथा उनके पास भारी मात्रा में अवैध हथियार मौजूद हैं।



पकड़े गए आरोपी पुलिस टीम के साथ। - समर न्यूज़

सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने शाह पैलेस पर छापेमारी कर दोनों अपराधियों समेत छह आरोपियों—मनजीत सिंह उर्फ मनी, राजकर्ण उर्फ राजा, बेबी, जुगराज सिंह और गुरदेव सिंह को गिरफ्तार कर लिया। इनके कब्जे से पांच पिस्तौल .30 और .32 बोर, एक डमी पिस्तौल, तथा कुल दस जिंदा कारतूस बरामद हुए।

थाना सदर तरणतारण में इनके खिलाफ आर्म्स एक्ट की धाराओं दर्ज की गई। जांच में सामने आया कि राजू शूटर के खिलाफ पहले से 17 और हैप्पी बाबा के खिलाफ 16 आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। अदालत से 2 दिन का पुलिस रिमांड मिलने पर दोनों की निशानदेही पर उनके घरों से दो विदेशी पिस्तौल और चार जिंदा राउंड अतिरिक्त बरामद किए गए। पुलिस के अनुसार मामले की जांच जारी है और आगे और भी महत्वपूर्ण खुलासों की संभावना है।

# लोहिया में मां बेटी से किया गैंगरेप, पुलिस ने तीन को किया गिरफ्तार

**समर न्यूज़ | जालंधर**

जालंधर के थाना लोहियां में मां-बेटी से दुष्कर्म करने के मामले में पुलिस ने 3 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। मामले की जानकारी देते हुए एसएसपी हरविदंर सिहं विर्क ने बताया कि 23/24 दिन रविवार की मध्य रात्रि लगभग 12:30 बजे गांव कंग कलां में मोटर पर खेत में मजदूरी कर रहे प्रवासी मां और बेटी के साथ उसके दामाद और छोटे 3 बच्चों को बंधक बनाकर हथियारों के बल पर गैंगरैप किया गया था। संबंधित मां और बेटी ने बताया कि 4 अज्ञात व्यक्तियों ने जबरदस्ती मोटर पर बने कमरे के अंदर दाखिल होकर उनसे मारपीट की। उसके दामाद और छोटे बच्चों को दूसरे कमरे में बंद कर विधवा मां के साथ 3 व्यक्तियों द्वारा घटना को अंजाम दिया गया और 19 वर्षीय बेटी के साथ एक व्यक्ति द्वारा डराकर धमका कर बार-बार गैंगरेप किया गया, जिसके बाद आरोपियों ने किसी को ना बताने की धमकी दी



पुलिस हिरासत में आरोपी - समर न्यूज़

थी। इस मामले में पीड़ित परिवार को बयानों के आधार पर कार्रवाई करते महिला इंस्पेक्टर ने थाना लोहियां में आरोपियों के खिलाफ दुष्कर्म की अन्य धाराओं के तहत मामला दर्ज करते हुए इसकी सूचना तत्काल वरिष्ठ अधिकारी को दी गई और तुरंत ही आरोपियों की तलाश शुरू कर दी गई। जिसके बाद इस मामले में 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान 19 वर्षीय साजन पुत्र मार्क वासी निवासी लोहियां, 19 वर्षीय रॉकी पुत्र लेट शौकत वासी निवासी लोहिया और 19 वर्षीय अर्शप्रीत सिंह उर्फ अर्श पुत्र रंजीत सिंह निवासी गांव पूनियां थाना लोहियां के रूप में हुई है। आरोपियों के कब्जे से 2 बिना नंबरी बाइक बरामद की गई है। जिसमें एक मोटरसाइकिल हीरो स्प्लेंडर और दूसरी बजाज पलिटिना शामिल है। गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ पहले से मामले दर्ज है।

आरोपियों को कोर्ट में पेश कर पुलिस रिमांड हासिल किया जा रहा है। एसएसपी ने बताया कि इस घटना में चौथा साथी राजन उर्फ रोहित पुत्र मंगल को काबू करने के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है। एसएसपी ने बताया कि गिरफ्तार व्यक्तियों ने पूछताछ में बताया है कि उन्होंने मिलकर चोरी के साथ-साथ गैंगरेप जैसे घिनौने अपराध को अंजाम दिया और गैंगरेप के बाद वहां पड़ी विदेशी शराब पी थी। पुलिस ने कहा कि दोनों आरोपी सज्जन और रॉकी पर पहले भी विभिन्न धाराओं के तहत अलग-अलग थानों में मुकदमें दर्ज हैं। जिनमें से सज्जन 12 अगस्त 2025 और आरोपी रॉकी 8 जुलाई 2025 को कपूरथला जेल से जमानत पर बाहर आए हैं।

# कोर्ट ने बढ़ाई गैंगस्टर अनमोल की कस्टडी

**समर न्यूज़ | नई दिल्ली**

राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने जेल में बंद गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के भाई और अंतरराष्ट्रीय गैंगस्टर अनमोल बिश्नोई की हिरासत अवधि 7 दिन और बढ़ा दी है। गंभीर सुरक्षा चिंताओं के चलते, एनआईए जज ने सुनवाई के लिए खुद एनआईए मुख्यालय का दौरा किया। अधिकारियों ने बताया कि अनमोल बिश्नोई की सुरक्षा को संभावित खतरे के चलते जज ने सुनवाई अदालत से एनआईए कार्यालय स्थानांतरित कर दी। विशेष सुनवाई एनआईए मुख्यालय के एक सुरक्षित हिस्से में हुई। सुनवाई के बाद, अदालत ने आदेश दिया कि अनमोल बिश्नोई 5 दिसंबर तक एनआईए की हिरासत में रहेगा क्योंकि जांचकर्ता उससे चल रहे मामलों में पूछताछ जारी रखेंगे। नवंबर में दिल्ली की पटियाला हाउस कोर्ट ने बिश्नोई को 11 दिन की एनआईए हिरासत में भेज दिया था।

# अर्जेंट मामले दो दिन में लिस्ट किए जाएंगे: सीजेआई सूर्यकांत

**समर न्यूज़ | नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने सुप्रीम कोर्ट में केस लिस्टिंग की प्रक्रिया को आसान और तेज बनाने के लिए नए नियम लागू किए हैं। ये बदलाव 1 दिसंबर से लागू हो गए हैं। अदालत ने इसके लिए नया सर्कुलर जारी किया है, जिसमें साफ तौर पर बताया गया है कि अब वकीलों को अपने मामलों को बेंच के सामने ज़िक्र करने की ज़रूरत नहीं होगी। नए केस अपने-आप कोर्ट की लिस्ट में शामिल हो जाएंगे।

सर्कुलर के अनुसार आजादी से जुड़े जरूरी केस या वे मामले जिनमें तुरंत अंतरिम राहत मांगी गई है, उन्हें त्रुटि सुधार के बाद दो कार्यदिवसों के भीतर सुनवाई के लिए तय किया जाएगा। जमानत याचिकाओं को जल्दी निपटाने के लिए याचिका की एक अग्रिम प्रति सरकारी वकील या नोडल अधिकारी को भेजना जरूरी किया गया है। अत्यावश्यक मामलों जैसे अग्रिम जमानत, मृत्युदंड, हैबियस कॉर्पस, बेदखली या ढहाने से जुड़े विवाद को जरूरत पड़ने पर रोजाना सुबह 10 से 10:30 बजे के बीच तत्काल मेंशनिंग करके लिस्ट कराने की अनुमति दी जाएगी।

महत्वपूर्ण बात यह है कि अब सीनियर वकील मेंशनिंग नहीं कर पाएंगे, जबकि युवा जूनियर वकीलों को ज़िक्र करने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा, ताकि उन्हें कोर्ट की प्रक्रिया समझने का मौका मिले। कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया है कि पुराने मामलों को टालने के लिए किसी भी तरह के पत्र या अनुरोध स्वीकार नहीं किए जाएंगे, ताकि इन मामलों का समय पर निपटारा हो सके। यह बदलाव सुप्रीम कोर्ट की कामकाज प्रणाली को और तेज़, सरल और पारदर्शी बनाने के लिए किए गए हैं।

# हरिद्वार अर्धकुंभ 2027 में पहली बार साधु-संत भी करेंगे शाही स्नान

## 14 जनवरी से पूर्ण कुम्भ तर्ज पर अर्धकुंभ का आयोजन होगा: सीएम धामी

**समर न्यूज़ | उत्तराखंड**

जैसा अब तक केवल पूर्ण कुम्भ में ही दिखाई देता था। के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने घोषणा की है कि आगामी अर्धकुंभ को पूर्ण कुम्भ की तर्ज पर आयोजित किया जाएगा और पहली बार साधु-संत अर्धकुंभ में शाही स्नान करेंगे। ये 14 जनवरी से शुरू होगा। उन्होंने गंगा तट पर 13 अखाड़ों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक के दौरान कुल 10 प्रमुख स्नान पर्वों की तिथियां घोषित कीं, जिनमें तीन अमृत स्नान भी शामिल हैं। महाशिवरात्रि (6 मार्च), फाल्गुन अमावस्या (8 मार्च) और मेष संक्रांति (14 अप्रैल) को होने वाले इन शाही स्नानों को अद्वितीय भव्यता के साथ आयोजित किया जाएगा। अर्धकुंभ 2027 जनवरी से अप्रैल तक चार महीनों तक चलेगा और



मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी
फोटो - समर न्यूज़

इसमें मकर संक्रांति, मौनी अमावस्या, वसंत पंचमी, माघ पूर्णिमा, नव संवत्सर, राम नवमी और चैत्र पूर्णिमा जैसे अन्य महत्वपूर्ण स्नान पर्व भी शामिल हैं। संत समुदाय ने मुख्यमंत्री के इस निर्णय की सराहना करते हुए इसे संस्कृति और सनातन परंपराओं के संरक्षण का महत्वपूर्ण कदम बताया है। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'आध्यात्मिक राजधानी' के विजन को साकार करने के लिए राज्य सरकार कोई कसर नहीं छोड़ेगी। उन्होंने बताया कि इस बार अर्धकुंभ में श्रद्धालुओं की संख्या 2010 और 2021 की तुलना में कई गुना अधिक होने की संभावना है, इसलिए सुरक्षा, यातायात, आवास और व्यवस्थाओं को लेकर व्यापक तैयारी शुरू कर दी गई है।

उन्होंने अधिकारियों को केंद्रीय और राज्य सुरक्षा एजेंसियों के साथ बेहतर समन्वय बनाते हुए फूलप्रूफ व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। धामी ने कहा कि परंपराओं और संतों की जरूरतों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी। बैठक में गढ़वाल आयुक्त विनय शंकर पांडे, पुलिस महानिरीक्षक राजीव स्वरूप, मेला अधिकारी सोनिका समेत कई वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे।

**बदलाव** 1860 के पुराने सोसाइटीज़ एक्ट में संशोधन कर सोसाइटी रजिस्ट्रेशन एक्ट, 2025 पेश किया

# पंजाब की सभी अब सोसाइटियां आरटीआई के दायरे में होंगी : मंत्री

**समर न्यूज़ | चंडीगढ़**

पंजाब में चल रही सोसाइटीज़ के कामकाज में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करते हुए उनकी कार्यकुशलता बढ़ाने के उद्देश्य से पंजाब सरकार ने 1860 के पुराने सोसाइटीज़ एक्ट में संशोधन कर सोसाइटी रजिस्ट्रेशन एक्ट, 2025 पेश किया है। कैबिनेट मंत्री संजीव अरोड़ा ने बताया कि नया कानून विशेष रूप से स्वास्थ्य, शिक्षा, खेल, समाज भलाई और चैरिटेबल गतिविधियों में शामिल सोसाइटीज़ के नियामक ढांचे को आधुनिक बनाता है।

ये संशोधन सभी सोसाइटीज़ को समान, पारदर्शी शासन के अधीन लाकर सार्वजनिक फंड और कर-मुक्त स्रोतों के जिम्मेदार उपयोग को सुनिश्चित करते हैं। उन्होंने यह भी जोर दिया कि पंजाब में सभी पंजीकृत सोसाइटीज़ अब सूचना का अधिकार एक्ट के तहत अनिवार्य रूप से कवर होंगी, जो पारदर्शिता सुनिश्चित करते



कैबिनेट मंत्री संजीव अरोड़ा
फोटो - समर न्यूज़

हुए लोगों के विश्वास को और मजबूत करेगा। सोसाइटीज़ द्वारा कानून की पालना सुनिश्चित करने और फंडों के दुरुपयोग या निर्धारित उद्देश्यों से भटकाव पर रोक लगाने के उद्देश्य से रजिस्ट्रारों को सोसाइटीज़ से किसी भी जानकारी या रिकॉर्ड मांगने का अधिकार दिया गया है। उन्होंने यह भी कहा कि सभी सोसाइटीज़ को अपनी सक्रियता बनाए रखने, सही और व्यवस्थित रिकॉर्ड रखने तथा अपने उद्देश्यों और प्रबंधन की समय-समय पर पुष्टि सुनिश्चित करने के लिए हर पांच साल बाद अपनी रजिस्ट्रेशन नवीनीकृत करनी होगी। पंजाब में सभी मौजूदा सोसाइटीज़ को संशोधित एक्ट लागू होने के एक वर्ष के भीतर इस एक्ट के तहत पुनः रजिस्टर करना होगा, जिससे उन्हें नए पालन और पारदर्शिता ढांचे के अधीन लाया जाएगा। उन्होंने कहा कि संबंधित क्षेत्र में एक से अधिक सोसाइटीज़ को एक ही नाम के तहत रजिस्टर नहीं किया जाएगा, क्योंकि यह जनता को भ्रमित कर सकता है।

किसी भी सोसाइटी को रजिस्ट्रार की पूर्व अनुमति के बिना अचल संपत्ति को बेचने, बदलने या निपटाने की अनुमति नहीं होगी, जो अनधिकृत लेन-देन पर रोक लगाने के साथ-साथ सार्वजनिक संपत्तियों की सुरक्षा सुनिश्चित करेगा। उन्होंने कहा कि जिन क्षेत्रों में सोसाइटीज़ पंजीकृत हैं, वहां के डिप्टी कमिश्नरों (डी सीज ) द्वारा सोसाइटीज़ की निगरानी की जाएगी। शिकायतें मिलने की स्थिति में डिप्टी कमिश्नर को तहसीलदार रैंक के अधिकारी के माध्यम से जांच संबंधी आदेश देने का अधिकार होगा। यदि खामियां पाई जाती हैं और निर्धारित समय में इन्हें ठीक नहीं किया जाता, तो एस.डी.एम. स्तर के प्रबंधक को नियुक्त किया जाएगा और सुव्यवस्थित कामकाज बहाल किया जाएगा। इससे प्रशासनिक पारदर्शिता और जवाबदेही में वृद्धि होगी। उन्होंने आगे कहा कि यदि चुनी हुई प्रबंधक कमेटी भंग कर दी जाती है या प्रबंधक की नियुक्ति की जाती है, तो समाजों के लोकतांत्रिक कामकाज को सुनिश्चित करते हुए छह महीने के भीतर नई चुनाव प्रक्रिया करवाई जानी चाहिए।

मंत्री अरोड़ा ने कहा कि सोसाइटीज़ के रूप में पंजीकरण कर कई चैरिटेबल संस्थाएं आय अर्जित कर लाभ प्राप्त करती हैं। यह एक्ट यह सुनिश्चित करता है कि सार्वजनिक और चैरिटेबल संस्थाओं को सुरक्षित रखने के लिए ऐसी संस्थाएं लाभ प्राप्त करना जारी रखने हेतु संबंधित नियमों का कड़ाई से पालन करें। उन्होंने कहा कि ये संशोधन विशेष रूप से स्वास्थ्य सेवाओं, शैक्षणिक संस्थाओं, खेल संस्थाओं और अन्य लोक-हितैषी चैरिटेबल गतिविधियों में शामिल सोसाइटीज़ की निगरानी बढ़ाएंगे। हमारी सरकार का उद्देश्य सामाजिक ढांचे के दुरुपयोग को रोकना, लोकतांत्रिक और पारदर्शी कामकाज सुनिश्चित करना और सार्वजनिक संपत्तियों तथा चैरिटेबल स्रोतों की सुरक्षा करना है। उन्होंने आगे कहा कि सोसाइटी रजिस्ट्रेशन (पंजाब संशोधन) एक्ट, 2025 प्रमुख सामाजिक क्षेत्रों में बेहतर कामकाज सुनिश्चित करेगा। उन्होंने बताया कि इस एक्ट का मसौदा उद्योग और वाणिज्य विभाग के सचिव के. के. यादव की अगुवाई वाली टीम, निदेशक उद्योग सौरभि मलिक और पंजाब विकास आयोग की वाइस चेयरपर्सन सीमा बांसल द्वारा समयबद्ध ढंग से तैयार किया गया है।

## मैं बोलूंगा तो...

### राजस्थान ट्यूनिंग: सरकार की नहीं, पूरा ऑर्केस्ट्रा ही बेसुरा



समर न्यूज | चंडीगढ़

*राजस्थान की राजनीति इन दिनों ऐसी लग रही है जैसे शादी में DJ की तार आधी कटी हो—लोग नाचना चाहें और स्पीकर से सिर्फ "कर्क-कर्क-कड़ाक!" की आवाज़ आए। सरकार की ट्यूनिंग ऐसे बिगड़ी है कि दो साल मानो सिर्फ सुर ढूंढते-ढूंढते निकल गए। मुख्य सचिव और मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव—दोनों का बीच कार्यकाल में एक साथ तबादला—प्रशासनिक इतिहास भी इसे देख कर चश्मा उतारकर पूछ रहा है, "ये हुआ क्या है?" राजस्थान में किसानों, युवाओं और आम लोगों की समस्याओं से ज़्यादा चर्चा अब इस बात की है कि सरकार किस अफसर के ईगो पर लटकी हुई थी। सब-इंस्पेक्टर भर्ती इसका क्लासिक उदाहरण—सरकार खुद रद्द करती है, फिर खुद ही सुप्रीम कोर्ट पहुंच जाती है। यह शासन था या IPL का डबल हेडर?*

*मुख्यमंत्री का प्रमुख सचिव 'हार्ट' और मुख्य सचिव 'माइंड' माना जाता है, लेकिन राजस्थान में दोनों अलग-अलग प्ले लिस्ट पर थे—एक भजन में, दूसरा EDM में। नतीजा सरकार एक अजीब सा "रिमिक्स वर्ज़न" बन गई। उपलब्धियां फाइलों में 'ड्राफ्ट सेव्ड' रह गईं और चुनावों में 11 सीटें उड़ गईं—जिसे आहट कहा जा रहा था वह अब धमाका बन चुका है। इतिहास गवाह है—भैरोंसिंह से वसुंधरा तक—सुर, ताल और मंच सब एक साथ चलते थे। आज पूरा ऑर्केस्ट्रा बेसुरा है। राजस्थान को बस एक कंडक्टर चाहिए, जो सुर मिला दे। वरना अगली बार DJ भी कह देगा—*

*भाई, यह धुन मेरे बस की नहीं।*

*#MainBolungaTo #SummerExpress #SummerNews #BakwaasBulletin #SatireShots #FakeSeriousNews*

# रेल पार्सल में स्कैन-स्टिकर घोटाला! ₹8-10 में बिक रही 'क्लियरेंस', देशभर में कहीं भी भेजो पाबंदीशुदा सामान

## लुधियाना पार्सल विभाग में निजी कंपनी एजेंट गठजोड़ खुला: बिना स्कैनिंग लग रहा 'सेफ्टी स्टीकर', अधिकारी भी चुप-निगरानी की आंखें बंद

लुधियाना रेलवे स्टेशन के पार्सल विभाग में इन दिनों एक ऐसा 'स्टीकर स्कैम' चल रहा है, जिसने सुरक्षा से लेकर सिस्टम तक—सबको आईना दिखा दिया है। रेलवे का वह स्टीकर, जो किसी भी पार्सल को "सुरक्षित" घोषित करता है, अब एजेंटों के लिए महज़ 8 से 10 रुपए का सौदा बन चुका है। स्कैनिंग हो या न हो, पाबंदीशुदा सामान हो या कोई संवेदनशील सामग्री—एक स्टीकर लगाओ और देशभर में बेधड़क भेज दो! सबसे हैरानी की बात: यह धांधली रेलवे पुलिस के सीसीटीवी कैमरों और अधिकारियों के दफ्तरों के बिलकुल नाक के नीचे हो रही है। सवाल यह है—ये चुप्पी लापरवाही है या मिलीभगत?

सुनील शिंगार | लुधियाना
समर न्यूज़




इन दिनों लुधियाना के पार्सल विभाग में स्कैन कंपनी का स्कैम चल रहा है। यह स्कैम एक ऐसे स्टीकर का है, जो कि काफी बड़ी जिम्मेदारी वाला है। क्योंकि जब भी यह स्टिकर रेलवे के जरिए दूसरे राज्यों में भेजने वाले सामान पर लग जाता है तो इस बात की पुष्टि होती है कि उसमें कोई भी संवेदनशील या आपत्तिजनक सामान नहीं है। लेकिन प्राइवेट कंपनी के लोग इस जिम्मेदारी को दरकिनार करते हुए महज चंद रुपयों में ही इस स्टीकर को एजेंटों को दे रहे है। ऐसे ही स्टिकर रेलवे के पार्सल से जुड़े हुए लगभग सभी एजेंटों के पास आसानी से देखे जा सकते हैं। खास बात यह भी है कि यह स्टिकर किसी आम आदमी को नहीं, रेल के पार्सल में तैनात एजेंटों को ही मिलता है। क्योंकि उनका दावा है कि उनकी प्राइवेट कंपनी के साथ सेटिंग है। चंद रुपयों के लिए इतना गैर जिम्मेदाराना रवैया और धांधली रेलवे स्टेशन के पार्सल इंचार्ज के दफ्तर से चंद कदमों की दूरी पर हो रहा है। बड़ी बात यह है कि रेल के ही संबंधित विभाग के अधिकारी सारा दिन रेलवे के पार्सल विभाग के आसपास मंडराते रहते हैं। साहब! अब इसको लापरवाही कहा जाए या आपसी साठगांठ।

*इसके बारे में जब लुधियाना रेलवे स्टेशन पार्सल विभाग के सीपीएस अश्विनी कुमार से बात की गई तो उन्होंने बताया कि वह छुट्टी पर हैं और उनको इसके बारे में कुछ पता ही नहीं। जवाब तो हैरान करने वाला दिया क्योंकि छुट्टी पर वह शनिवार को है जबकि उससे पहले तो सारा कार्यभार उन्हीं ने संभाल रखा था। अब उनके बाद दूसरे सीपीएस कुलदीप गिल से बात की गई तो उन्होंने बताया कि उनकी जानकारी में ऐसा नहीं है। उन्होंने बताया कि अगर प्राइवेट कंपनी एजेंट को स्टीकर दे रही है तो ऐसा सरासर गलत है। उन्होंने यह भी बताया कि कंपनी द्वारा समान स्कैन कर खुद ही स्टिकर लगाना होता है ना की एजेंट द्वारा स्टीकर लगाया जाता है।*

### राजनीतिक और कानूनी मोर्चे पर बढ़ी परेशानी

▪ **निजी कंपनी काम कैसे करेगी ये भी निर्धारित है...** *जिस प्राइवेट कंपनी को सामान स्कैन करने का ठेका दिया हुआ है। उसका काम करने का तरीका भी रेल अधिकारियों की तरफ से निश्चित है। जानकारी के मुताबिक उक्त कंपनी ने रेलवे स्टेशन के पार्सल विभाग में एक स्कैन मशीन लगा रखी है। उक्त प्राइवेट कंपनी का कर्मचारी ने रेलवे स्टेशन के पार्सल विभाग में आने वाले हर सामान को स्कैन करना होता है। स्कैन करने के बाद अगर उसमें रेल द्वारा पाबंदीशुधा सामान नहीं मिलता तो उस सामान पर कंपनी की तरफ से स्टीकर लगाया जाएगा। उक्त स्टीकर पर कंपनी का नाम, मोहर और उक्त कर्मचारी के दस्तखत भी रहेंगे। इस प्रक्रिया के बाद जब पार्सल विभाग में रेलवे कर्मचारियों के पास सामान पहुंचता है तो वह प्राइवेट कंपनी की तरफ से लगाए गए स्टीकर के आधार पर बिना किसी शंका के उक्त सामान को बुक कर दिया जाता है।*

▪ **एजेंटों की है कंपनी के साथ सेटिंग...** *नाम नहीं छापने की शर्त पर एजेंटों ने समर एक्सप्रेस को बताया कि उनकी स्कैन कंपनी के साथ सेटिंग है। उन्होंने बताया कि उनको यह स्टिकर 8 से 10 रुपए प्रति पीस के हिसाब से मिल जाता है। उन्होंने बताया कि उनके नग काफी ज्यादा होते हैं। ऐसे में एक-एक नग को स्कैन करवाने में काफी समय और मजदूरी लगती है। समय और मजदूरी बचाने के लिए स्कैन कंपनी के साथ सेटिंग कर स्टीकर ही खरीद लिए जाते हैं। जब भी उनके नग आते हैं तो वह खुद ही उन पर स्टिकर लगाकर रेलवे अधिकारियों के पास सामान ले जाते हैं और आसानी से बुक करवा लेते हैं।*

▪ **सीसीटीवी कैमरा है पर सबकी आंखें बंद...** *लुधियाना रेलवे स्टेशन के पार्सल विभाग में जहां पर सामान को स्कैन किया जाता है, वहां पर रेलवे पुलिस की तरफ से बड़े कैमरे लगाए हुए हैं। उन कैमरा में वहां हर हरकत को कैप्चर किया जाता है। ऐसे में अगर उन कैमरों की रिकॉर्डिंग को भी खंगाला जाए तो इस स्टीकर की धांधली को सीधे तरीके से पकड़ा जा सकता है। लेकिन आला अधिकारी ऐसे नहीं करते। सूत्रों ने यह भी बताया कि आला अधिकारियों की भी पार्सल में तैनात प्राइवेट कंपनी के साथ सेटिंग है, जिसके चलते वह भी चुप रहते हैं।*

▪ **यह सामान हैं बैन...** *रेलवे के पार्सल विभाग में कुछ सामान ऐसे हैं, जिनको मंडल अधिकारियों और रेलवे बोर्ड की तरफ से बैन किया गया है। इन में शराब, ज्वलनशील पदार्थ, मीट, सिगरेट, तंबाकू, जर्दा इत्यादि है। बीते समय में देखने में आया था कि कुछ एजेंटों द्वारा इन पाबंदीशुदा सामान को घरेलू सामान या फिर अन्य किसी तरीके से छुपा कर रेलवे के पार्सल विभाग में बुक करवाया गया था। उनकी मंशा इन पाबंदीशुधा सामान को दूसरे राज्यों में भेजना था। बड़ी बात यह रही कि लगभग हर बार रेल अधिकारियों की सतर्कता के चलते इन धोखाधड़ी से बुक कराए सामान को पकड़ लिया गया। बाद में अधिकारियों ने इसका हल निकालते हुए स्कैन मशीन लगाने का ही फैसला लिया।*

# नगर निगम मोहाली ने अपना दायरा बढ़ाते हुए हदबंदी में 14 नए गांवों को किया शामिल

## लोगों की मांग पर की गई हदबंदी मुख्यमंत्री के हम अभारी हैं: विधायक कुलवंत

प्रदीप सिंह हैप्पी | मोहाली
समर न्यूज़

मोहाली, पिछले कई दिनों से मोहाली कॉर्पोरेशन की हदबंदी को लेकर चल रहे आंदोलन को देखते हुए पंजाब लोकल गवर्नमेंट डिपार्टमेंट की तरफ से आम लोगों से आपत्तियां और सुझाव मांगे गए थे। इन आपत्तियों और सुझावों को मांगने का समय खत्म होने के बाद लोकल गवर्नमेंट डिपार्टमेंट ने डिलिमिटेशन को लेकर जारी फाइनल नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। मोहाली से सटे 14 गांवों जिनमें गांव बरियाली, संभालकी, बल्लो माजरा, लखनौर, चप्पड़चिड़ी कलां, चप्पड़चिड़ी खुर्द, नानू माजरा, बलोंगी, लांडरां, मौली वैदवान, कंबली, रुड़की, चिल्ला शामिल हैं।

सीमा की अनुसूची मोहाली निगम की सीमा की अनुसूची सेक्टर-56 ए के उत्तरी कोने से मोहाली की मौजूदा सीमा के भीतर स्थित है, जिसकी मौजूदा सीमा चंडीगढ़ (यूटी) और मोहाली की सीमा है और पूर्व की ओर बढ़ते हुए मोहाली के सेक्टर 56 ए, 56, 55,54, 53, 52, 61 51, 62, 63, 50, 49, 64, 65, 65-ए, 48 जो रेलवे लाइन के बाईं ओर रेलवे लाइन से सटे बिंदु बी से चंडीगढ़ की सीमा के साथ चलती है। खंड के अंतिम कोने से चंडीगढ़ की सीमा के साथ पंजाब की सीमा तक चलती है।

इसी तरह, पूर्व बिंदु B से दक्षिण दिशा में रेलवे लाइन के साथ सेक्टर 48, 65 (अल्वा) के बाईं ओर और रेलवे लाइन बिंदु C तक है जो सेक्टर 66 अल्फा के उत्तर-पश्चिम दिशा और रेलवे लाइन का प्रतिच्छेद बिंदु है। बिंदु C से दक्षिण की ओर रेलवे लाइन के साथ सेक्टर-66 अल्फा के दक्षिण-पश्चिम कोने के साथ बिंदु D तक। बिंदु B से बिंदु D तक की सीमा की पूर्वी सीमा बिल्कुल रेलवे लाइन के साथ होगी। बिंदु D से पूर्व दिशा में गांव पापड़ी के साथ और सेक्टर-66 अल्फा के पूर्व-दक्षिण और उस बिंदु तक जहाँ मिश्रित भूमि उपयोग जुड़ा हुआ है। बिंदु E से उत्तर दिशा में गांव चाचू माजरा के साथ। बिंदु F से सेक्टर 66 बीटा के दक्षिण-पश्चिम में और उस बिंदु तक जहां मिश्रित भूमि उपयोग जुड़ा हुआ है। सेक्टर बीटा की बाउंड्री के साथ-साथ चलते हुए, सेक्टर बीटा के नॉर्थ-ईस्ट कोने पर सेक्टर रोड को क्रॉस करते हुए पॉइंट H तक। पॉइंट H से, सेक्टर 66 बीटा के ईस्टर्न साइड से सटे सेक्टर रोड के साथ-साथ चलते हुए, मिक्स्ड लैंड यूज़ वन की बाउंड्री के साथ-साथ और सेक्टर 66 बीटा की साउथ-ईस्ट दिशा में पॉइंट तक। पॉइंट I से, मिक्स्ड लैंड यूज वन की बाउंड्री के साथ-साथ ईस्टर्न दिशा में पॉइंट L तक चलते हुए। इसी तरह दक्षिण पूर्व बिंदु A से, सेक्टर 82 अल्फा और सेक्टर 83 अल्फा के सेक्टर रोड के साथ दक्षिण की ओर जाते हुए, सेक्टर 83 अल्फा के दक्षिण पूर्व कोने पर बिंदु M तक जा रहे हैं, बिंदु अहम से, सेक्टर 83 अल्फा के दक्षिण पूर्व पश्चिम कोने की ओर पश्चिम की ओर जा रहे हैं, जो सेक्टर 83, 83 अल्फा, 101 अल्फा और सेक्टर 101 के जंक्शन पर है, बिंदु A से, सेक्टर 83 अल्फा के सेक्टर रोड के साथ उत्तर की ओर जाते हुए, सेक्टर 82 अल्फा और सेक्टर 82 के सेक्टर रोड के जंक्शन पर बिंदु जीरो तक जा रहे हैं और बिंदु O से सेक्टर 82, 81 के सेक्टर रोड के साथ पश्चिम की ओर जाते हुए, सेक्टर 80, सेक्टर 81, सेक्टर 84 और सेक्टर 85 के जंक्शन पर बिंदु P तक जा रहे हैं। बिंदु P से, बिंदु Q तक जा रहे हैं जो सेक्टर 85 के दक्षिण पूर्व कोने पर पड़ता है 869 से पॉइंट I तक, पॉइंट S से सेक्टर 78 के दक्षिण-पूर्व कोने पर और सेक्टर 88 को पॉइंट I से जोड़ने वाली सेक्टर रोड पर, पॉइंट I से दक्षिण दिशा में सेक्टर 88 के दक्षिण-पश्चिम कोने तक, पॉइंट I से पश्चिम दिशा में पॉइंट V तक जो सेक्टर 89,90 और 94 के जंक्शन पर पड़ता है, पॉइंट V से दक्षिण दिशा में सेक्टर 94 की सेक्टर सीमा के साथ, पॉइंट 20 से दक्षिण दिशा में सेक्टर 94 की सेक्टर सीमा के साथ, पॉइंट डबल तक जो सेक्टर 94 के दक्षिण-पूर्व कोने पर पड़ता है, विंदूदल से सेक्टर 93 के पश्चिमी किनारे तक, लांडरान गोल्फ कोर्स, स्पोर्ट्स एंड क्रिएशन, 92 अल्फा, सेक्टर 116 के साथ, गांव चप्परचिड़ी खुर्द, लांडरान और टेकिंग चप्पर चिड़ी कला के दक्षिण पश्चिमी कोने में जहां बस्तियों की सीमा है, पॉइंट X तक, इसी तरह दक्षिण पश्चिमी पॉइंट X से म्युनिसिपल काउंसिल खरड़ की सीमा के साथ, म्युनिसिपल काउंसिल खरड़, नेशनल हाईवे नंबर 5 लुधियाना-चंडीगढ़ को पार करके पॉइंट A-1 तक, फिर पॉइंट A-1 से, नेशनल हाईवे लुधियाना-चंडीगढ़ के साथ, सेक्टर 121 के साथ, ATS कासा पिना की मौजूदा पश्चिमी बाउंड्री वॉल के साथ पॉइंट B-1 तक, इस पॉइंट से ATS लुधियाना-चंडीगढ़ की मौजूदा पश्चिमी बाउंड्री वॉल के साथ पूरब की ओर जाते हुए, पॉइंट A-1 को पार करते हुए, फिर पॉइंट A-1 से, नेशनल हाईवे लुधियाना-चंडीगढ़ के साथ, सेक्टर 121 के साथ जाते हुए, इसी तरह इस पॉइंट से ATS कासा पिना की बाउंड्री के साथ पूरब की ओर जाते हुए और वेरका प्लांट के आखिरी कोने पर पॉइंट C-1 तक, पॉइंट C-1 से। सेक्रेटेरिएट के साथ उत्तर की ओर सेक्टर 57 तक, जो म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन की मौजूदा लिमिट में है, पॉइंट D1 तक, फिर पॉइंट D1 से उत्तर की ओर सेक्टर 56 अल्फा में शुरुआती पॉइंट A तक, जो बताए गए बाउंड्री शेड्यूल के तहत आने वाले एरिया को कवर करता है, मोहाली ने सिर्फ़ सेक्टर की अंदर की सड़कों को बाउंड्री में शामिल किया है, बताए गए एरिया से सटी सेक्टर की सड़कों को गमाडा के तहत माना जाएगा।



*मोहाली कॉर्पोरेशन की डिलिमिटेशन लोगों की मांग के अनुसार की गई है। इसके लिए हम पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान और अन्य लोगों के आभारी हैं, जिन्होंने मोहाली के सर्वांगीण विकास के लिए अपनी दूर की सोच जाहिर की है।*
***मोहाली विधायक, कुलवंत सिंह***



*पंजाब सरकार द्वारा मोहाली कॉर्पोरेशन की नई डिलिमिटेशन के संबंध में जारी किया गया। नोटिफिकेशन संघर्ष की जीत है। लोगों ने सरकार को इसके लिए मजबूर किया है।*
***मोहाली मेयर, अमरजीत सिंह जीती सिद्धू***




*मोहाली के वार्ड नंबर एक से पार्षद मैडम जसप्रीत कौर ने कहा कि इससे इलाके का हर तरफ विकास होगा और मोहाली देश-विदेश के इन्वेस्टर्स के लिए पहली पसंद का शहर बनेगा।*
***पार्षद, वार्ड नंबर एक मैडम जसप्रीत कौर***



*म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन मोहाली की बाउंड्री काफी हद तक बढ़ा दी गई है। टीडीआई सिटी, बालोंगी और आस-पास के दूसरे इलाकों को ऑफिशियली इसमें शामिल कर लिया गया है। यह सिर्फ सरकारी नोटिफिकेशन नहीं है, बल्कि स्थानीय लोगों के लंबे संघर्ष की जीत है।*
***डिप्टी मेयर, कुलजीत सिंह बेदी***

# कांग्रेस में कलह गहराई: तो खिसक जाएगी राजा वड़िंग की कुर्सी! चन्नी ने संभाली कमान

## तो क्या फिर से कांग्रेस में फिर से चल सकता है कैप्टन अमरिंदर वाला फॉर्मूला

गुरशरण सिंह | लुधियाना
समर न्यूज़

हरियाणा—पंजाब की राजनीति के बीच अब पंजाब कांग्रेस में भी जोरदार उथल-पुथल देखने को मिल रही है। तरनतारन उपचुनाव में करारी हार और ज़मानत ज़ब्त होने के बाद प्रदेश कांग्रेस में धड़ेबंदी तेज हो गई है। चर्चा यह है कि अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग जनवरी के पहले हफ्ते में प्रदेश अध्यक्ष पद से हटाए जा सकते हैं। इसी राजनीतिक माहौल में पूर्व मुख्यमंत्री और जालंधर से सांसद चरणजीत चन्नी ने खुद को नए "एकता सूत्रधार" के रूप में पेश कर दिया है। चन्नी का हाईकमान को संदेश- उन्हें मौका दें, 2027 से पहले कांग्रेस को फिर एकजुट कर देंगे। चन्नी ने अपने बेटे के जन्मदिन के बहाने सभी वरिष्ठ कांग्रेसी नेताओं को बुलाकर शक्ति-प्रदर्शन भी किया।

इसके बाद उन्होंने सोशल मीडिया पर "एकजुट कांग्रेस" शीर्षक से एक वीडियो जारी किया जिसमें वे पंजाब कांग्रेस के सभी बड़े नेताओं से मिलते दिखाई दिए। यह सीधा संदेश था- "मैं सबको साथ ला सकता हूं! हालांकि चन्नी का गुट वड़िंग से अलग चलता है, लेकिन चन्नी खुले तौर पर वड़िंग विरोधी और पूर्व मंत्री भारत भूषण आशू को सपोर्ट करते हैं। फिर भी उन्होंने अपने बेटे के कार्यक्रम में राजा वड़िंग को बुलाकर उन्हें गले लगाकर यह दिखाया कि नेता अगर चाहें तो "एकजुट तस्वीर" बनाई जा सकती है।

### तरनतारन में हार- क्या जिम्मेदार राजा वड़िंग




*कांग्रेस, जो 2027 में आम आदमी पार्टी को हराने का दावा कर रही थी, तरनतारन में चौथे स्थान पर रही और ज़मानत तक ज़ब्त हो गई। पार्टी में यह चर्चा है कि वड़िंग की कार्यशैली, उनके द्वारा पूर्व केंद्रीय मंत्री बूटा सिंह के खिलाफ की गई टिप्पणी और सिख बच्चों के जुड़े (केस) से संबंधित विवाद ने कांग्रेस की छवि को नुकसान पहुंचाया।*

▪ **चन्नी नहीं चाहते 'सिद्धू वाली गलती' दोहराना...**
*2022 में पंजाब कांग्रेस में जब नवजोत सिद्धू ने मुख्यमंत्री पद का दावा ठोक दिया था, तो पार्टी दो गुटों में बंट गई थी। राहुल गांधी ने चन्नी को सीएम फेस घोषित किया, लेकिन सिद्धू ने पूरे दिल से प्रचार नहीं किया। नतीजतन पार्टी को ऐतिहासिक हार मिली। चन्नी का कहना है कि अगर वड़िंग अध्यक्ष बने रहे तो वही स्थिति दोहराई जा सकती है, इसलिए बदलाव ज़रूरी है।*

▪ **कौन सा फॉर्मूला चलेगा? कैप्टन अमरिंदर वाला...**
*कांग्रेस हाईकमान पहले भी "एक चेहरा, एक कमान" वाला फॉर्मूला अपनाता रहा है- 2002, 2012 और 2017 में कैप्टन अमरिंदर सिंह को चेहरा बनाकर चुनाव लड़ा गया। 2007 और 2017 की जीत के बाद अमरिंदर मुख्यमंत्री बने। उनके कार्यकाल में कोई और नेता उनके बराबर नहीं उभर सका, खासकर प्रताप सिंह बाजवा। अब यही मॉडल चन्नी पर लागू किया जा सकता है, ताकि पार्टी एकजुट दिखाई दे और 2027 की रेस में मजबूती से दौड़ सके।*

# कनाडा के क्यूबेक में धार्मिक चिन्ह के उपयोग पर पाबंदी

एजेंसी । ऑटावा

कनाडा के क्यूबेक प्रांत से एक हैरान करने वाली खबर सामने आई है, जहां सरकार ने धर्मनिरपेक्षता के मॉडल को और सख्त बनाने के लिए नया कानून "सैक्यूलरिज़्म 2.0" पेश किया है। यह नया बिल, जिसे बिल 9 कहा जा रहा है, वर्ष 2019 में पारित विवादित बिल 21 का विस्तार है। बिल 21 के तहत जजों, पुलिस अधिकारियों, अध्यापकों सहित कई सरकारी कर्मचारियों को काम के दौरान हिजाब, पगड़ी, किरपान जैसे धार्मिक प्रतीक पहनने से रोका गया था। नए बिल 9 के अनुसार, अब पार्कों, सड़कों और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर नगरपालिका की अनुमति के बिना सामूहिक धार्मिक गतिविधियों जैसे समूहिक प्रार्थनाओं पर रोक रहेगी। सरकार का कहना है कि यह कदम हाल ही में हुए फिलिस्तीन समर्थक प्रदर्शनों में सार्वजनिक स्थलों पर की गई सामूहिक प्रार्थनाओं के बाद उठाया गया है। धर्मनिरपेक्षता मंत्री जीन-फ्रांस्वा रॉबर्ज के मुताबिक, बिना अनुमति के ट्रैफिक रोकना और सार्वजनिक स्थलों को पूजा स्थल में बदलना स्वीकार्य नहीं है। इसके साथ ही सब्सिडी प्राप्त डे-केयरों में स्टाफ द्वारा धार्मिक प्रतीक पहनने पर प्रतिबंध बढ़ाया जाएगा, तथा डे-केयर से लेकर पोस्ट-सेकेंडरी स्तर तक छात्रों और स्टाफ के लिए चेहरा ढकने वाले वस्त्रों पर भी रोक लागू होगी।

## Good DAY

समर न्यूज़ | लुधियाना



*आपका आज का दिन खुशियों, ऊर्जा और सकारात्मकता से भरा रहे। हर सुबह अपने साथ एक नया अवसर लेकर आती है कुछ नया सीखने का, कुछ बेहतर करने का और खुद को और अधिक मजबूत बनाने का। इस खूबसूरत दिन की शुरुआत एक मुस्कान से करें, क्योंकि आपकी मुस्कान ही आपका सबसे बड़ा आत्मविश्वास है। आज अपने दिल और दिमाग को शांत रखकर आगे बढ़ें। जो लोग आपकी राह में मिलें, उन्हें प्रेम और सम्मान दें, क्योंकि छोटी-छोटी दयालुताएँ भी बड़ा असर छोड़ जाती हैं। जिंदगी हमेशा चुनौतियाँ लेकर आती है, लेकिन आप में उन्हें पार करने की ताकत भी उतनी ही है। खुद पर विश्वास रखें, क्योंकि विश्वास ही वह चाबी है जो हर बंद दरवाज़ा खोल सकती है। प्रकृति का धन्यवाद करें, अपने परिवार और दोस्तों को अपना प्यार दें, और इस दिन को एक यादगार दिन बनाने की कोशिश करें।*

***डॉ. अंजू गर्ग***
***सीनियर गायनेकोलॉजिस्ट और इनफर्टिलिटी स्पेशलिस्ट, डॉ. अंजू IVF क्लिनिक, लुधियाना***

# अंबाला मेयर का आरोपः पार्टी कार्यालय में हुआ अपमान, शीर्ष नेतृत्व को भेजा शिकायत पत्र

## मेयर बोलीं, मेरी और विधायक की छवि खराब की गई

**समर न्यूज़ | अंबाला**

अंबाला सिटी की मेयर शैलजा सचदेवा ने भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली को शिकायती पत्र भेजा है, जिसमें उन्होंने आरोप लगाया कि पार्टी कार्यालय में उनका और कालका विधायक शक्ति रानी शर्मा का अपमान किया गया।

इस पत्र की प्रति प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल और संगठन महासचिव फणीन्द्र नाथ को भी भेजी गई है।

मेयर के अनुसार, डिप्टी मेयर राजेश मेहता और भाजपा पार्षदों ने मिलकर भाजपा के अंब कमल कार्यालय में पत्रकार वार्ता आयोजित की। इस दौरान अवैध कॉलोनी के मुद्दे को



शैलजा संदीप सचदेवा
महापौर
नगर निगम अम्बाला
जगाधरी गेट, अम्बाला शहर। निवास: #378, सैक्टर-7, अम्बाला शहर।
94664-67032, 98130-24123
shailjasachdeva378@gmail.com
दिनांक 28/11/25

सेवा में
श्री मोहनलाल बड़ौली
प्रदेश अध्यक्ष, भारतीय जनता पार्टी।

विषय:- पूर्व महापौर अंबाला नगर निगम एवं वर्तमान विधायक कालका श्रीमती शक्ति रानी शर्मा व वर्तमान महापौर शैलजा संदीप सचदेवा के विरुद्ध भाजपा कार्यालय से प्रेस वार्ता कर दुष्प्रचार करने को लेकर अनुशासनात्मक कार्रवाई करने हेतु

माननीय प्रदेश अध्यक्ष जी,

मैं अत्यंत दुख और पीड़ा के साथ आपको यह पत्र लिख रही हूं हमारी भारतीय जनता पार्टी अनुशासन पर चलने वाला संगठन है परंतु मुझे आपको बताते हुए अत्यंत दुख है कि भारतीय जनता पार्टी के ही अंबाला जिला कार्यालय में प्रेस वार्ता बुलाकर भाजपा की अंबाला नगर निगम में प्रथम निर्वाचित महापौर को निशाना बनाया गया है। भाजपा जिला अध्यक्ष के कार्यालय में रखी गई इस प्रेस वार्ता में तथ्यों से परे और पार्टी के मंच पर या किसी भी अधिकारी से चर्चा किए बिना यह अनर्गल बयान बाजी करवाई गई है।

दिनांक 27 नवंबर दोपहर में की गई इस प्रेस वार्ता में नगर निगम अंबाला के हाल ही में कांग्रेस से भाजपा में आए डिप्टी मेयर, सीनियर डिप्टी मेयर, मंडल अध्यक्ष, मंडल उपाध्यक्ष व अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे। प्रेस वार्ता की शब्दावली और जिस प्रकार सत्य और तथ्यों को हाशिए पर रखकर वहां वक्तव्य दिए गए उन्हें सुनकर ऐसा प्रतीत हो रहा था कि बोलने वाले भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता होने का दावा तो करते हैं परंतु पार्टी की रीति-नीति और अनुशासन का एक भी कतरा उनके रक्त में नहीं है। अनगिनत संघर्षों के बाद पार्टी आज जिन सफलताओं को पाने में सफल हुई है और कार्यकर्ताओं की मेहनत से जो जिला कार्यालय आज बन पाए हैं, उन पर केवल सत्ता का आनंद लेने पार्टी में आए

मेयर द्वारा भेजी गई शिकायत की फोटो - समर न्यूज़

लेकर मेयर और कालका विधायक के खिलाफ गलत टिप्पणियां की गईं और जनता के बीच उनकी छवि खराब करने का प्रयास किया गया।

शिकायती पत्र में मेयर ने वीडियो और दस्तावेजी साक्ष्य भी संलग्न किए हैं, जो इस दुष्प्रचार की पुष्टि करते हैं।

शैलजा सचदेवा ने कहा कि यह पहली बार नहीं है जब पार्टी के ही नेताओं ने उनके खिलाफ सार्वजनिक मंचों पर बयान दिए हैं। इससे पहले भी पार्टी के वरिष्ठ नेतृत्व को शिकायत की जा चुकी है। मेयर ने अपने पत्र में यह भी लिखा कि भाजपा कार्यालय का दुरुपयोग कर अनुचित बयानबाजी की गई, जिसका संगठन से कोई लेना-देना नहीं था। उन्होंने आरोप लगाया कि हाल ही में अन्य दलों से आए कुछ लोग पार्टी कार्यालय का इस्तेमाल कर मूल कार्यकर्ताओं को हाशिए पर करने का प्रयास कर रहे हैं।

तीन दिन बीतने के बावजूद भाजपा जिलाध्यक्ष ने इस मामले पर कोई कार्रवाई नहीं की है। मेयर ने कहा कि जिलाध्यक्ष की चुप्पी भी एक गलत संदेश दे रही है और पार्टी में गुटबाजी को बढ़ावा दे रही है। इस मामले में मेयर शैलजा सचदेवा ने चेतावनी दी है कि वे जल्द ही पार्टी शीर्ष नेतृत्व से मिलकर अंबाला में संगठन को प्रभावित करने वाली इन गतिविधियों के खिलाफ अपनी बात रखेंगी।

**क्या है मामला**

बीते वीरवार को भाजपा के अंब कमल कार्यालय में डिप्टी मेयर और पार्षदों ने प्रेस वार्ता की थी। इस दौरान आरोप लगाया गया कि जनता के मुद्दों पर पार्षदों को मेयर का सहयोग नहीं मिला।

विशेष एजेंडा (सर्कुलेशन) जारी किया गया, जिसमें मेयर को छोड़कर सभी पार्षदों ने हस्ताक्षर किए। आरोप लगाया गया कि मेयर ने एनडीसी पोर्टल पर कई खसरा नंबरों से जुड़ी समस्याओं का समाधान नहीं किया।

# बेटे ने मां और प्रेमी की हत्या की, शव लेकर पहुंचा थाने

## चुन्नी से गला दबाकर की हत्या, पुलिस जांच में जुटी

**समर न्यूज़ | चंडीगढ़**

सिरसा, गांव थेहड़ सिकंदरपुर में एक युवक ने अपनी मां और उसके प्रेमी की गला दबाकर हत्या कर दी। घटना का मुख्य कारण कथित अवैध संबंध बताया जा रहा है। हत्या के बाद आरोपी युवक ने दोनों शवों को पिकअप वाहन में लेकर स्वयं सदर थाना पहुंचकर आत्मसमर्पण किया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। मृतकों की पहचान 50 वर्षीय अंगूरी देवी और 52 वर्षीय लेखचंद के रूप में हुई है।

पुलिस के अनुसार, वीरवार देर रात अंगूरी देवी ने अपने पति के बाहर जाने के बाद लेखचंद को घर बुलाया। उनके बेटे राजकुमार को यह बात पता चली और उसने दोनों को कमरे में साथ देखकर गुस्से में आकर चून्नी से उनका गला दबा दिया।



शव को पिकअप से थाने में लेकर आता आरोपी - समर न्यूज़

शुक्रवार सुबह करीब साढ़े नौ बजे राजकुमार शवों को पिकअप में लेकर थाने पहुंचा और पुलिस को पूरी घटना की जानकारी दी। राजकुमार ने बताया कि गांव में उसकी मां के कथित संबंधों को लेकर हो रही चर्चा और सामाजिक ताने-बाने ने उसकी मानसिक स्थिति पर गहरा असर डाला। पुलिस ने शवों का पोस्टमार्टम कराया और परिजनों को सौंप दिया। मृतक लेखचंद के परिवार ने पोस्टमार्टम के लिए उपस्थित होने से इनकार कर दिया, क्योंकि उनकी पत्नी गुजरात में दिहाड़ी मजदूरी कर रही थी। लेखचंद अपने बुजुर्ग पिता के साथ अकेले ही गांव में रह रहे थे।

# हरियाणा सरकार हिसार में 300 एकड़ पर बनाएगी आईआईटी

**समर न्यूज़ | हिसार**

हरियाणा सरकार ने इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के लिए हिसार में 300 एकड़ सरकारी जमीन देने का प्रस्ताव केंद्रीय सरकार को भेजा है। कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को विजन डॉक्यूमेंट सौंपते हुए जमीन की उपलब्धता और संभावनाओं पर विस्तार से जानकारी दी। राज्य में आईआईटी स्थापना के लिए केंद्र सरकार ने सैद्धांतिक मंजूरी पहले ही दे दी है। तकनीकी शिक्षा विभाग ने आठ महीने पहले प्रक्रिया शुरू की थी और सभी जिला उपायुक्तों को संभावित भूमि की पहचान करने के लिए पत्र भेजा गया। वर्तमान में 300 एकड़ भूमि अधिग्रहण करने की आवश्यकता है, जो हिसार में मौजूद सरकारी जमीन से पूरी की जा सकती है। मंत्री गंगवा के अनुसार हिसार में लगभग 10,000 एकड़ खाली सरकारी जमीन उपलब्ध है। क्षेत्र में पहले से हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, गुरु जम्भेश्वर


मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी - समर न्यूज़

विश्वविद्यालय और लाला लाजपत राय पशु चिकित्सा विश्वविद्यालय मौजूद हैं। साथ ही, महाराज अग्रसेन एयरपोर्ट और अच्छी सड़क कनेक्टिविटी के कारण यह शहर आईआईटी के लिए आदर्श है।

हरियाणा के पांच भाजपा सांसद भी अपने-अपने क्षेत्र में आईआईटी स्थापना के लिए सक्रिय हैं। केंद्रीय मंत्री और पूर्व सीएम मनोहर लाल खट्टर (करनाल), राव इंद्रजीत (गुरुग्राम), कृष्ण पाल गुर्जर (फरीदाबाद) समेत अन्य सांसद इस परियोजना को अपने संसदीय क्षेत्रों में लाने के प्रयास कर रहे हैं। बालसमंद, पाली और मदीना जैसी पंचायतें पहले ही आईआईटी के लिए जमीन देने का प्रस्ताव पास कर चुकी हैं। इसके अलावा, चांदवास गांव की पंचायत ने भी सहमति पत्र भेजा है। हिसार में बनने से न केवल राज्य के विद्यार्थी बल्कि सीमावर्ती राजस्थान और पंजाब के छात्र भी उच्च शिक्षा के अवसरों का लाभ उठा सकेंगे। राज्य सरकार का लक्ष्य है कि प्रदेश के युवाओं को तकनीकी और उच्च शिक्षा में बेहतर अवसर मिलें। हिसार में सरकारी जमीन पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है, जिससे अतिरिक्त अधिग्रहण खर्च नहीं होगा। शहर की अच्छी कनेक्टिविटी और पहले से मौजूद विश्वविद्यालय और रिसर्च सेंटर इसे परियोजना के लिए अनुकूल बनाते हैं। हरियाणा सरकार का उद्देश्य है कि आईआईटी प्रोजेक्ट प्रदेश के शिक्षा और तकनीकी क्षेत्र को नई दिशा दे। हिसार के अलावा करनाल, गुरुग्राम, कुरुक्षेत्र और भिवानी में भी संभावित विकल्पों पर विचार किया जा रहा है, लेकिन हिसार की जमीन उपलब्धता और सुविधा इसे सबसे मजबूत दावेदार बनाती है।

# 10वीं–12वीं ओपन स्कूल विद्यार्थियों के लिए अब अनिवार्य होगी 30 पीरियड उपस्थिति

**समर न्यूज़ | भिवानी**

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड ने ओपन स्कूल के माध्यम से 10वीं और 12वीं की परीक्षा देने वाले छात्रों के लिए नई शैक्षणिक शर्तें लागू कर दी हैं। बोर्ड की हाल ही में हुई बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स की बैठक में इन बदलावों को मंजूरी दी गई। बैठक की अध्यक्षता चेयरमैन डॉ. पवन कुमार ने की, जिसमें शिक्षा और स्वास्थ्य विभाग सहित 11 विभागों के निदेशक उपस्थित थे।

क्रेडिट ट्रांसफर पॉलिसी के तहत ओपन स्कूल से 10वीं की परीक्षा देने वाले छात्रों के लिए कम से कम 30 पीरियड की अनिवार्य उपस्थिति, आवेदक की आयु न्यूनतम 14 वर्ष होना जरूरी। 10वीं और 12वीं की परीक्षा के बीच कम से कम 2 वर्ष का अंतर। पहले केवल यह जरूरी था कि छात्र संबंधित डीईओ या सक्षम अधिकारी द्वारा सत्यापित स्कूल छोड़ने का प्रमाण पत्र जमा करें। लेकिन अब प्रक्रिया को और पारदर्शी व सुव्यवस्थित करने के लिए अतिरिक्त शर्तें जोड़ी गई हैं।

# हरियाणा की झांकी ने अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में जीता अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार

## गांव की चौपाल से बड़े परदे तक हरियाणा की कहानी ने अंतरराष्ट्रीय मंच पर जीता दिल

**समर न्यूज़ | चंडीगढ़**

गोवा में 20 से 28 नवंबर 2025 तक आयोजित अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में हरियाणा ने अपनी सांस्कृतिक और फिल्मी छाप से दर्शकों और निर्णायक मंडल दोनों को प्रभावित किया। राज्य की झांकी, जिसे नॉन स्टॉप फिल्मी हरियाणा थीम पर प्रस्तुत किया गया। पारंपरिक लोकनृत्य, संगीत, सांस्कृतिक विरासत और आधुनिक फिल्मी उपलब्धियों को एक साथ प्रदर्शित किया। सूचना, जनसंपर्क, भाषा एवं कला संस्कृति विभाग, हरियाणा के महानिदेशक के. मकरंद पांडुरंग के मार्गदर्शन में अतिरिक्त निदेशक विवेक कालिया और संयुक्त निदेशक नीरज टुटेजा ने राज्य का प्रतिनिधित्व किया। झांकी को फिल्म-कैमरे के रूप में सजाया गया, जो हरियाणा की रचनात्मक चेतना, ऊर्जा और उज्ज्वल भविष्य का प्रतीक बनकर सामने आई।

28 प्रतिभागियों के बीच प्रस्तुत झांकियों का मूल्यांकन करते हुए



अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव कार्यक्रम स्थल की तस्वीर - समर न्यूज़

निर्णायक मंडल ने हरियाणा की झांकी को पुरस्कार से सम्मानित किया। इस उपलब्धि पर महानिदेशक पांडुरंग ने विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों को बधाई दी और कहा कि हरियाणा फिल्म सिटी के माध्यम से राज्य की संस्कृति और पर्यटन को वैश्विक मंच पर प्रदर्शित करेगा। झांकी में हरियाणा की सांस्कृतिक विरासत, थिएटर-कला, पर्यटन स्थल और फिल्मांकन की संभावनाओं को कलात्मक रूप में पेश किया गया। डिजिटल स्क्रीन पर झलकती कहानी में गांव की चौपाल से लेकर बड़े परदे तक की यात्रा, सुनहरे सरसों के खेतों और लोक कथाओं के माध्यम से राज्य की सांस्कृतिक समृद्धि को प्रदर्शित किया गया। इस पुरस्कार ने हरियाणा को न केवल देश में, बल्कि अंतरराष्ट्रीय सिनेमा मंच पर भी एक अलग और सजीव पहचान दिलाई। राज्य की यह पहल स्थानीय फिल्मकारों और कलाकारों के लिए अवसरों का नया दरवाजा खोलने के साथ-साथ पर्यटन और सांस्कृतिक संरक्षण में भी योगदान देगी।

# आईपीएस वाई पूरन के गनमैन सुशील कुमार के खिलाफ जिला अदालत में चार्जशीट पेश

**समर न्यूज़ | रोहतक**

पुलिस ने दिवंगत आईपीएस वाई पूरन कुमार के गनमैन एएसआई सुशील कुमार के खिलाफ पुलिस ने अदालत में चार्जशीट दाखिल कर दी है। सुशील कुमार पर एक शराब ठेकेदार से ढाई लाख रुपये की रिश्वत मांगने का आरोप है। चार्जशीट अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश कपिल राठी की कोर्ट में पेश की गई है। पुलिस के अनुसार, शिकायतकर्ता द्वारा रिकॉर्ड की गई ऑडियो सैंपल की फोरेंसिक जांच में आवाज का मिलान सुशील कुमार से हुआ, जिससे रिश्वत मांगने की पुष्टि हुई। कॉल डिटेल्स और वीडियो फुटेज से भी यह पता चला कि सुशील कुमार आईजी वाई पूरन कुमार और कई एसएचओ के संपर्क में था।

17 पेज की चार्जशीट में बताया गया कि सुशील कुमार ने कई मोबाइल फोन का इस्तेमाल कर मंथली रिश्वत ली। फोरेंसिक साइंस लेबोरेटरी की रिपोर्ट में शिकायतकर्ता की रिकॉर्ड की गई आवाज का मेल मिला। वीडियो फुटेज से शराब ठेकेदार के कार्यालय में सुशील कुमार की उपस्थिति साबित हुई।

# करनाल में वोट चोरी के आरोपों पर यूथ कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

## डीसी को सौंपा ज्ञापन, बैरिकेडिंग तोड़ने की कोशिश

**समर न्यूज़ | करनाल**

वोट चोरी के आरोपों को लेकर यूथ कांग्रेस ने शनिवार को करनाल में जोरदार राज्यस्तरीय प्रदर्शन किया। फव्वारा पार्क सेक्टर-12 से निकली रैली में सैकड़ों युवा कार्यकर्ता नारेबाजी करते हुए जिला सचिवालय पहुंचे, जहां उन्होंने डीसी को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने बैरिकेडिंग तोड़ने की भी कोशिश की, जिससे माहौल तनावपूर्ण हो गया। प्रदर्शन में पहुंचे यूथ कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय चिब ने सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि मौजूदा सरकार वोट चोरी के सहारे सत्ता में आई है। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग से लेकर प्रशासन तक को "सरकारी एजेंट" की तरह इस्तेमाल किया जा रहा है,


प्रदर्शन करते हुए कांग्रेस के नेता और कार्यकर्ता - समर न्यूज़

जो लोकतंत्र पर बड़ा आघात है। चिब ने स्पष्ट कहा कि कांग्रेस लोकतंत्र की रक्षा के लिए हर स्तर पर संघर्ष करेगी। उदय चिब ने आरोप लगाया कि आचार संहिता लागू होने के बावजूद महिलाओं को दस-दस हजार रुपये देकर मतदान को प्रभावित करने की कोशिश की गई। उन्होंने इसे नियमों का सीधा उल्लंघन बताया और कहा कि जनता के टैक्स का पैसा चुनावी लाभ के लिए खर्च किया गया।

हरियाणा की बास्केटबॉल खिलाड़ी की हाल ही में हुई मौत पर दुख जताते हुए चिब ने कहा कि खिलाड़ियों की मांगों को लगातार नजरअंदाज किया गया। उन्होंने कहा कि सरकार सिर्फ वादे करती है, निभाती नहीं चाहे खिलाड़ी हों या आम लोग। यूथ कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि सरकार अपने ही चुनावी वादों को भूल चुकी है। 500 रुपये में गैस सिलेंडर और बेटियों को स्कूटी देने जैसे वादे आज भी कागजों में ही हैं। उन्होंने कहा कि जब भरोसा वोट चोरी पर हो, तो वादे पूरे करने की जरूरत नहीं समझी जाती। प्रदर्शन में शामिल युवा कार्यकर्ताओं ने चेतावनी दी कि लोकतंत्र को कमजोर करने वाली हर कोशिश के खिलाफ लड़ाई सड़कों से संसद तक जारी रहेगी। प्रदर्शन में युवाओं का बड़ा जमावड़ा रहा और उन्होंने साफ कहा कि चुनावी गड़बड़ी और दमन के खिलाफ उनकी आवाज बुलंद होती रहेगी।

# पलवल में जिला स्तरीय गीता महोत्सव का शुभारंभ

**समर न्यूज़ | पलवल**

नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्टेडियम में शनिवार को जिला स्तरीय गीता महोत्सव का शुभारंभ उपायुक्त हरीश कुमार वशिष्ठ ने किया। उन्होंने सूचना जनसम्पर्क एवं भाषा विभाग की प्रदर्शनी का रिबन काटकर उद्घाटन किया और जिला प्रशासन, सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का अवलोकन किया।

कार्यक्रम में विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी आकर्षण का केंद्र रहीं। उपायुक्त वशिष्ठ ने कहा कि गीता केवल एक ग्रंथ नहीं, बल्कि जीवन को सही दिशा देने वाला सिद्धांत है। उन्होंने बताया कि श्रीमद्भागवत गीता का भारतीय संस्कृति और दर्शन पर गहरा प्रभाव है तथा इसके संदेश हर वर्ग और हर आयु के लिए प्रासंगिक हैं। उन्होंने युवाओं और बच्चों से गीता का नियमित अध्ययन करने का आह्वान किया।

# महेंद्रगढ़ में रंजिश में बुजुर्ग की स्कॉर्पियो से टक्कर में मौत

**समर न्यूज़ | महेंद्रगढ़**

जिले के कनीना क्षेत्र के गांव नौताना में दो परिवारों के बीच चल रही पुरानी रंजिश एक बड़े हादसे का कारण बन गई। देर शाम एक स्कॉर्पियो ने 62 वर्षीय बुजुर्ग सूबे सिंह को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे उनकी मौके पर ही हालत बिगड़ गई।

अस्पताल ले जाने पर डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। हादसे में तीन युवक भी घायल हुए हैं। मृतक के भाई श्योचंद ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि कुछ दिन पहले सूबे सिंह के बेटे हैप्पी का गांव के कुछ युवकों से विवाद हुआ था। शुक्रवार को श्योचंद, सूबे सिंह और हैप्पी अपने रिश्तेदारों के साथ युवकों


मृतक बुजुर्ग की फोटो - समर न्यूज़

से समझौता कराने गए थे, लेकिन बात नहीं बनी। इसी दौरान युवकों ने हैप्पी और उसके दो चचेरे भाइयों के साथ मारपीट भी की। इसके बाद पूरा परिवार प्लॉट से घर लौट रहा था। श्योचंद के मुताबिक, जब सभी लोग सड़क से नीचे उतर रहे थे, उसी समय सामने से तेज रफ्तार स्कॉर्पियो आई और सीधे सूबे सिंह को टक्कर मार दी।

टक्कर लगने से सूबे सिंह सड़क पर गिर पड़े और उनकी छाती में गंभीर चोट आई। परिजन उन्हें तुरंत कनीना उप-नागरिक अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। दुर्घटना में घायल तीन युवकों का उपचार जारी है। परिजनों ने आरोप लगाया है कि हैप्पी से पुरानी रंजिश निकालने के लिए आरोपी पक्ष ने जानबूझकर सूबे सिंह को निशाना बनाया।

मृतक के भाई श्योचंद ने एक नामजद सहित पांच लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि शिकायत के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी गई है। जांच में सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# रोहतक में महिला पीछा करने वाले युवक की लोगों ने की पिटाई

**समर न्यूज़ | रोहतक**

गोहाना अड्डे पर एक महिला को लगातार परेशान करने वाले युवक को स्थानीय लोगों ने सरेआम पकड़कर पिटाई कर दी। मामला उस समय सामने आया जब महिला बाजार में सामान खरीद रही थी और युवक ने उसका पीछा करते हुए मोबाइल नंबर मांगना शुरू कर दिया। महिला ने युवक को स्पष्ट रूप से मना किया, लेकिन वह आपत्तिजनक बातें करता रहा। महिला ने शोर मचाया, जिससे आसपास के लोग घटनास्थल पर इकट्ठा हुए और आरोपी युवक को पकड़कर थप्पड़ और मुक्कों से सबक सिखाया। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है, जिसमें महिला और स्थानीय लोग आरोपी की पिटाई करते नजर आ रहे हैं।

वीडियो में युवक हाथ जोड़कर माफी


युवक की पिटाई करते हुए लोग - समर न्यूज़

मांगता भी दिखाई दिया, लेकिन लोग उसकी बातों को अनसुना करते हुए उसे मारते रहे। मौके पर एक ई-रिक्शा चालक भी शामिल हुआ और आरोपी को रिक्शा में बैठाकर ले गया। स्थानीय दुकानदार ने बताया कि युवक कई बार महिला के पास आया और बार-बार नंबर मांगता रहा। लोग घटना के बाद कह रहे हैं कि इस तरह के लोग महिलाओं को सार्वजनिक स्थानों पर सुरक्षित महसूस नहीं करने देते और ऐसे लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए।

# शादी में विवाद बढ़ा, युवक की पीट-पीटकर दर्दनाक मौत

**समर न्यूज़ | भिवानी**

जिले में एक शादी समारोह के दौरान हुई मारपीट में हुमायूंपुर गांव निवासी रोहित (25) की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, रोहित अपने दोस्त के साथ रेवाड़ी खेड़ा गांव में आई एक बारात में शामिल होने गया था। समारोह में बैंड बाजा बज रहा था और लोग नाच रहे थे। इसी दौरान किसी बात को लेकर रोहित की कुछ बारातियों से कहासुनी हो गई। बात तेजी से बढ़ी और आरोपियों ने रोहित पर बुरी तरह हमला कर दिया। हमले में गंभीर रूप से घायल रोहित को पहले नजदीकी निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां से डॉक्टरों ने हालत गंभीर देखते हुए उसे रोहतक पीजीआई रेफर कर दिया। लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। पीजीआई पहुंचने पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और बारातियों से पूछताछ शुरू की।

**वायरल** | 2014 स्वच्छता नारा टिप्पणी से घिरे मंत्री, बयान सोशल मीडिया पर वायरल

# आत्मनिर्भर भारत कार्यक्रम में मंत्री विपुल गोयल ने बांटे स्वदेशी संकल्प पत्र

**समर न्यूज़ | पलवल**

पलवल रेलवे स्टेशन पर आयोजित आत्मनिर्भर भारत, विकसित भारत कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने यात्रियों को स्वदेशी संकल्प पत्र वितरित कर स्वदेशी अपनाने और देश को विकसित बनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में राज्य मंत्री राजेश नागर, जिला अध्यक्ष विपिन बैंसला, जिला उपायुक्त डॉ. हरीश कुमार वशिष्ठ और सैकड़ों लोग मौजूद थे। मंत्री ने पलवल रेलवे स्टेशन के ऐतिहासिक महत्व का उल्लेख किया। 10 अप्रैल 1919 को महात्मा गांधी को इसी स्टेशन पर पहली बार राजनीतिक रूप से गिरफ्तार किया गया था। इस स्थल पर एक शिलापट भी स्थापित है।


आत्मनिर्भर भारत कार्यक्रम के दौरान मंत्री विपुल गोयल - समर न्यूज़

कार्यक्रम के दौरान पत्रकारों से बात करते हुए विपुल गोयल ने लाल किले की प्राचीर और गांधी जी के इतिहास को भूलकर कहा कि स्वच्छता का नारा गांधी ने 2014 में लालकिले की प्राचीर से दिया था। यह बयान सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुआ और मंत्री की किरकिरी का कारण बना। विशेषज्ञों और सोशल मीडिया उपयोगकर्ताओं ने इसे ऐतिहासिक तथ्यों से मेल न खाने वाला बताया।

# विपक्ष में 'मैं भी बोलूं' की होड़, परंपराओं को तोड़ने का प्रयास : मुख्यमंत्री सुक्खू

## तथ्यों के साथ बात रखे, सरकार संवाद के लिए तैयार, पेंशनरों की समस्या का होगा समाधान

राहूल। धर्मशाला
समर न्यूज़

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि विधानसभा सत्र के दौरान विपक्ष के नेता एक-दूसरे पर राजनीतिक बढ़त दिखाने की होड़ में लगे हुए हैं, मानो यह जताने की कोशिश हो कि 'मैं भी बोलूं'। इससे स्पष्ट होता है कि विपक्ष के भीतर गुटबाजी हावी है। तपोवन में शुक्रवार को पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि विपक्ष यह मानकर चलता है कि केवल वही सही बोल रहा है जबकि सदन में चर्चा की एक स्थापित परंपरा और प्रक्रिया होती है।

मुख्यमंत्री ने बताया कि सत्र के तीसरे दिन प्रश्नकाल जारी था, इसी बीच नेता प्रतिपक्ष अचानक खड़े होकर अपनी बात रखने की ज़िद करने लगे। विधानसभा अध्यक्ष ने उन्हें प्रक्रियानुसार प्रश्नकाल के बाद वक्त देने की बात कही, लेकिन इसके बावजूद विपक्ष ने नियमों को दरकिनार करने का प्रयास किया। उन्होंने कहा कि सदन की मर्यादा और परंपराएं लोकतंत्र का आधार हैं, जिन्हें तोड़ने की कोशिश करना दुर्भाग्यपूर्ण है। सुक्खू ने कहा कि सरकार ने इसी उद्देश्य से अब तक का सबसे लंबा सत्र बुलाया है, ताकि सभी विधायक चाहे सत्ता पक्ष हों या विपक्ष तथ्यों और तर्कों के साथ अपनी बात रखें। शुरूआती हल्की नोक-झोंक के बाद भी विपक्ष को पूरा अवसर दिया जा रहा है। उनका कहना है कि विपक्ष मुद्दों से ध्यान भटकाने में अधिक व्यस्त है, जबकि सरकार विकास और जनहित से जुड़े कार्यों पर केंद्रित है। कोरम पूरा न होने पर उठे सवालों पर मुख्यमंत्री ने सफाई देते हुए कहा कि शुक्रवार होने के कारण कुछ विधायक अलग-अलग जगह मौजूद थे—कुछ मीडिया से बातचीत में और कुछ अन्य कार्यों में। थोड़ी देर बाद सभी सदस्य सदन में पहुंच गए और कार्यवाही सामान्य रूप से चलती रही। पेंशनर्स की मांगों पर मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी बातें वाजिब हैं और सरकार उन्हें लेकर संवेदनशील है। उन्होंने कहा कि 10 दिसंबर के बाद पेंशनर्स के प्रतिनिधियों को बुलाकर विस्तृत बातचीत की जाएगी, ताकि समाधान की दिशा में आगे बढ़ा जा सके। तपोवन से चल रहे विधानसभा सत्र के दौरान शुक्रवार को भाजपा और कांग्रेस के बीच शब्दों की तीखी नोकझोंक देखने को मिली। भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष और सुलह से विधायक विपिन सिंह परमार ने आरोप लगाया कि सत्र के दौरान तीन दिनों में जनता और फरियादियों की अपेक्षित उपस्थिति नहीं दिखी, जिससे उनके अनुसार सरकार के प्रति लोगों में असंतोष झलकता है। परमार ने कहा कि जनता परिवर्तन के मूड में दिखाई दे रही है। परमार ने राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी के हालिया बयानों पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि जिस संदर्भ में संघ को लेकर टिप्पणियां की गईं, वह उचित नहीं हैं। उन्होंने कहा कि संघ देश में सामाजिक योगदान और राष्ट्र निर्माण की भावना के साथ कार्य करने वाला संगठन है। परमार ने दावा किया कि विभाजन के समय आरएसएस ने धार्मिक आधार पर बंटवारे का विरोध किया था और अखंड भारत की अवधारणा का समर्थन करता रहा है। उन्होंने कहा कि नेगी के बयानों को सदन की कार्यवाही से हटाने की मांग की गई है। कर्मचारी मुद्दों पर परमार ने कहा कि कई सेवानिवृत्त कर्मचारी तीन वर्षों से लंबित लाभों और मेडिकल बिलों के भुगतान का इंतज़ार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा इन मुद्दों को सदन के अंदर और बाहर उठाती रहेगी। उधर, मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने भाजपा के आरोपों को राजनीतिक रंग देने वाला बताया। उन्होंने कहा कि प्रश्नकाल के दौरान कई बार स्पीकर द्वारा दी गई सलाह के बावजूद विपक्ष नियमों का पालन नहीं कर रहा। मुख्यमंत्री ने कहा कि लंबा सत्र इसलिए बुलाया गया है ताकि हर मुद्दे पर विस्तार से चर्चा हो सके, लेकिन विपक्ष मुद्दों से भटकाने की कोशिश कर रहा है।





मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू सत्र को संबोधित किया बाद में पत्रकारों से बातचीत की। - समर न्यूज़

## संजौली में नमाज को लेकर विवाद, समिति ने पुलिस में दी शिकायत



संजू | शिमला
समर न्यूज़

संजौली क्षेत्र में मस्जिद परिसर में नमाज़ को लेकर विवाद की स्थिति उत्पन्न हो गई। स्थानीय स्तर पर पहले सोशल और धार्मिक संगठनों ने अपील की थी कि क्षेत्र में शांति और भाईचारा बनाए रखने के उद्देश्य से समुदाय विशेष के लोग मस्जिद में एकत्र न हों। इसी बीच, संजौली मस्जिद के मौलवी शहज़ाद ने भी लोगों से नमाज़ के लिए मस्जिद न आने का अनुरोध किया। इसके बावजूद रियासत अली नामक व्यक्ति मस्जिद पहुंचा और नमाज़ अदा की, जिसे लेकर हिंदू संघर्ष समिति ने आपत्ति जताई। समिति ने संजौली थाना पुलिस में शिकायत देकर आरोप लगाया कि यह कदम स्थानीय हालात को देखते हुए विवाद पैदा करने वाला है। समिति ने FIR दर्ज करने की मांग भी उठाई है। समिति के प्रतिनिधियों ने कहा कि क्षेत्र में पहले से संवेदनशील स्थिति को देखते हुए 21 नवंबर को प्रशासन और स्थानीय लोगों के बीच मस्जिद में किसी भी प्रकार की गतिविधि रोकने को लेकर सहमति बनी थी। शुक्रवार को पुलिस की मौजूदगी में नमाज़ अदा किए जाने से लोगों में असंतोष उत्पन्न हुआ है। उन्होंने प्रशासन से स्पष्ट जवाब की मांग की है। नेताओं ने कहा कि सप्ताहांत में प्रस्तावित समिति की बैठक में इस मुद्दे को प्रमुखता से उठाया जाएगा। उनका कहना है कि जब तक इस मामले पर प्रशासन स्पष्ट समाधान नहीं देता, समिति बैठक स्थल से बाहर नहीं निकलेगी।

## राजस्व मंत्री की टिप्पणी पर रणधीर शर्मा का पलटवार पंचायत चुनावों पर बढ़ी सियासी गर्मी

राहुल। धर्मशाला
समर न्यूज़

तपोवन विधानसभा परिसर में आज राजनीतिक हलचल बढ़ गई जब नैना देवी से विधायक रणधीर शर्मा ने प्रेस वार्ता कर राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी की हालिया टिप्पणी को लेकर कड़ा बयान जारी किया। शर्मा ने कहा कि पंचायत चुनावों पर चर्चा के दौरान मंत्री द्वारा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को लेकर की गई टिप्पणी स्वीकार्य नहीं है और इससे भाजपा कार्यकर्ताओं में गहरी नाराज़गी है।

नैना देवी के विधायक रणधीर शर्मा ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ सेवा और संस्कार की परंपरा से जुड़ा हुआ संगठन है। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक आपदाओं से लेकर सामाजिक अभियानों तक संघ के स्वयंसेवक बिना किसी प्रचार के समाज के बीच सक्रिय रहते हैं। शर्मा ने आरोप लगाया कि मंत्री नेगी की टिप्पणी न केवल संघ, बल्कि उसके स्वयंसेवकों की भावना को ठेस पहुंचाने वाली है। शर्मा ने यह भी कहा कि प्रदेश सरकार पंचायत चुनावों पर स्पष्ट रुख नहीं अपना रही है और मुद्दों से ध्यान हटाने के लिए बयानबाज़ी की जा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि कई विभागीय चुनौतियों और अव्यवस्थाओं के लिए राजस्व मंत्री की कार्यप्रणाली जिम्मेदार है।



विधायक रणधीर शर्मा। - समर न्यूज़

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पर की गई टिप्पणी दुर्भाग्यपूर्ण है। संघ वर्षों से सेवा और समाज निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता आया है। मंत्री जी को अपनी टिप्पणी पर पुनर्विचार करना चाहिए। प्रदेश में उत्पन्न अव्यवस्था और जनता की दिक्कतों के लिए जिम्मेदारी तय होनी चाहिए। पंचायत चुनावों पर सरकार को स्पष्टता दिखानी चाहिए, न कि बयानबाज़ी से ध्यान भटकाना चाहिए।

## कांगड़ा एयरपोर्ट विस्तार को 460 करोड़ मंजूर, सीएम ने तंगरोटी में सुनी जन शिकायतें

समर न्यूज़ | धर्मशाला

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने शुक्रवार को धर्मशाला विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत तंगरोटी में सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम के दौरान स्थानीय लोगों की शिकायतें एवं सुझाव सुने। उन्होंने पंचायत के महिला मंडलों को एक-एक लाख रुपये की राशि देने तथा तंगरोटी और आसपास के क्षेत्रों में विभिन्न सड़कों की मरम्मत और टारिंग के लिए बजट स्वीकृत करने की घोषणा की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कांगड़ा जिला को राज्य की पर्यटन राजधानी बनाया गया है और इस दिशा में कई नई परियोजनाएं तेजी से आगे बढ़ रही हैं। उन्होंने बताया कि कांगड़ा एयरपोर्ट के विस्तारीकरण के लिए 460 करोड़ रुपये जारी किए गए हैं और कार्य प्रगति पर है।

विकास के बाद क्षेत्र में पर्यटन गतिविधियां बढ़ेंगी और स्थानीय अर्थव्यवस्था को गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहन देने के लिए सरकार ने पहली बार प्राकृतिक पद्धति से उत्पादित फसलों का न्यूनतम समर्थन मूल्य निर्धारित किया है। राज्य सरकार गेहूं 60 रुपये प्रति किलोग्राम, मक्की 40 रुपये प्रति किलोग्राम और कच्ची हल्दी 90 रुपये प्रति किलोग्राम की दर से खरीद रही है। दूध के समर्थन मूल्य को बढ़ाते हुए गाय के दूध का मूल्य 51 रुपये प्रति लीटर और भैंस के दूध का मूल्य 61 रुपये प्रति लीटर तय किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन सुधारों का उद्देश्य किसानों और पशुपालकों की आय में स्थायी बढ़ोतरी सुनिश्चित करना है।





मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने लोगों की शिकायतें सुनीं। - समर न्यूज़

मुख्यमंत्री सुक्खू ने शिक्षा और स्वास्थ्य क्षेत्र में चल रहे सुधारों का उल्लेख करते हुए कहा कि हिमाचल प्रदेश ने 99.30 प्रतिशत साक्षरता दर के साथ पूर्ण साक्षर राज्य का दर्जा प्राप्त किया है और अब गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के मामले में देश के शीर्ष पांच राज्यों में शामिल है। स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करते हुए टांडा और चमियाना चिकित्सा संस्थानों में रोबोटिक सर्जरी सुविधा शुरू की गई है। उन्होंने बताया कि टांडा मेडिकल कॉलेज में 28 करोड़ रुपये की लागत से पैट स्कैन मशीन लगाई जा रही है। कार्यक्रम में कांग्रेस नेता देवेंद्र जग्गी ने विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के लिए मुख्यमंत्री के प्रयासों की सराहना की तथा कहा कि तंगरोटी क्षेत्र में दूध संग्रहण केंद्र का विस्तार भी कराया जाएगा। कार्यक्रम में स्थानीय प्रतिनिधियों और विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने भी भाग लिया।

## चुराह वन मंडल में अवैध शिकार में आई गिरावट

समर न्यूज़ | चुराह

सर्दियों के मौसम की शुरुआत के साथ अक्सर अवैध शिकार की घटनाओं में वृद्धि देखने को मिलती है, लेकिन चुराह वन मंडल ने इस पर सख्त नियंत्रण किया है। वन विभाग के निरंतर प्रयासों के चलते अवैध शिकार में उल्लेखनीय गिरावट दर्ज की गई है। वन मंडल अधिकारी सुशील कुमार गुलेरिया के नेतृत्व में वन विभाग की टीम लगातार नाके और पेट्रोलिंग कर रही है। विभाग ने बताया कि शिकारियों की गतिविधियों पर पैनी नजर रखने के चलते अवैध शिकार की घटनाओं में कमी आई है। विभाग आने वाले समय में इसे और प्रभावी बनाने के लिए नई रणनीतियों पर काम कर रहा है। सुशील कुमार गुलेरिया ने मीडिया से बातचीत में कहा, "वन विभाग की टीम के अथक प्रयासों के चलते अवैध शिकार में गिरावट आई है।

## जोरावर स्टेडियम में पेंशनर्स का हल्ला बोल, विधानसभा की ओर बढ़ने से पुलिस ने रोका

राहुल। धर्मशाला
समर न्यूज़

धर्मशाला के तपोवन स्थित विधानसभा परिसर में चल रहे शीतकालीन सत्र के तीसरे दिन पेंशनर संघ की रैली ने माहौल गर्मा दिया। हिमाचल प्रदेश के विभिन्न जिलों से हजारों की संख्या में पहुंचे पेंशनर संघ के सदस्यों ने अपनी लंबित मांगों को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया। पुलिस ग्राउंड से शुरू हुई रैली जोरावर स्टेडियम तक पहुंची, जहां पुलिस द्वारा लगाए गए बैरिकेड्स ने पेंशनरों की राह रोक दी। इसी दौरान पेंशनर संघ ने बैरिकेड हटाने का प्रयास किया, लेकिन पुलिस ने उन्हें आगे बढ़ने नहीं दिया।

इसी बीच नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर का काफिला भी विधानसभा की ओर बढ़ रहा था। पेंशनर संघ के सदस्यों ने उनका वाहन रोक लिया और अपनी मांगें उनके सामने रखीं। स्थिति को देखते हुए जयराम ठाकुर को अपनी गाड़ी छोड़कर बैरिकेड पार कर पैदल ही विधानसभा परिसर की ओर जाना पड़ा। उन्होंने पेंशनरों को आश्वासन दिया कि उनकी मांगों को सदन में मजबूती से उठाया जाएगा, लेकिन इसके बावजूद पेंशनर संघ के लोगों ने उनका वाहन आगे नहीं बढ़ने दिया और नारेबाजी जारी रखी।पेंशनर संघ की मुख्य मांगों में डीए की लंबित किश्तें, चिकित्सा प्रतिपूर्ति और अन्य भत्तों का भुगतान शामिल है, जो लंबे समय से रुके हुए हैं। पेंशनर्स का कहना है कि महंगाई बढ़ने के बावजूद उन्हें राहत नहीं मिल रही है और सरकार उनकी आवाज सुनने से बच रही है।



पेंशनर्स का हल्ला बोल प्रदर्शन। - समर न्यूज़

## ऊना में पूर्व सैनिकों के साथ करोड़ों की ठगी

समर न्यूज़ | ऊना

जिला ऊना के गगरेट थाना क्षेत्र में पूर्व सैनिकों के साथ ठगी का मामला सामने आया है। पुलिस को दी गई शिकायत में बताया गया कि बाहरी राज्य की एक कंपनी ने उन्हें 10% ब्याज का लालच देकर करोड़ों रुपए का निवेश कराया, लेकिन न तो ब्याज मिला और न ही मूल राशि वापस हुई। शिकायतकर्ता राजिंद्र सिंह और उनके 14 अन्य साथी पूर्व सैनिकों ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत में बताया गया कि हेमंत कुमार राय, संगीता राय, श्रेया राय, राजेश कुमार सिंह और अवदेश कुमार सहित कई लोगों ने श्रेया ग्रुप ऑफ कंपनीज के नाम पर दिसंबर 2022 में आयोजित सेमिनार में निवेश के लिए आकर्षित किया। कुल मिलाकर 4.45 करोड़ रुपये निवेश करवाए गए और 6.09 करोड़ रुपये वापस करने का वादा किया गया था, लेकिन बाद में यह कंपनियां फर्जी साबित हुईं और निवेशकों का पैसा हड़प लिया गया।

## जश्न नहीं, सरकार जन संकल्प सम्मेलन की तैयारियां कर रही : अनिरुद्ध सिंह

धर्मवीर। मंडी
समर न्यूज़

मंडी में आयोजित संयुक्त प्रेस वार्ता के दौरान ग्रामीण एवं पंचायती राज मंत्री अनिरुद्ध सिंह ने स्पष्ट किया कि प्रदेश सरकार मंडी में अपने तीन वर्ष पूरे होने पर कोई उत्सव नहीं मना रही है, बल्कि जन संकल्प सम्मेलन का आयोजन कर रही है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने स्वयं इस सम्मेलन का नाम जन संकल्प रखा है, जिसमें अगले दो वर्षों के लिए सरकार के विज़न और प्राथमिकताओं पर विस्तृत चर्चा की जाएगी। मंत्री ने कहा कि पड्डल मैदान में होने वाले इस बड़े सम्मेलन में लगभग 20 हजार लोगों की उपस्थिति का लक्ष्य रखा गया है। अनिरुद्ध सिंह ने बताया कि सम्मेलन के दौरान आपदा प्रभावित परिवारों को राहत राशि सीधे और खातों के माध्यम से उपलब्ध करवाई जाएगी। विपक्ष द्वारा इस आयोजन को "जश्न" कहे जाने पर प्रतिक्रिया देते हुए उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम पूरी तरह सरकारी है और जनहित पर केंद्रित है। प्रशासन की ओर से भाजपा विधायकों को भी आमंत्रण भेजा जाएगा, तथा इसमें भाग लेना या न लेना उनका व्यक्तिगत निर्णय होगा।

पंचायती राज चुनावों के मुद्दे पर अनिरुद्ध सिंह ने बताया कि प्रदेश में फिलहाल डिज़ास्टर एक्ट लागू है, इसके बावजूद प्रशासन के सहयोग से पंचायत चुनावों की तैयारियां लगभग पूरी कर ली गई हैं। उन्होंने कहा कि इन चुनावों को भाजपा अनावश्यक रूप से बड़ा मुद्दा बना रही है, जबकि पंचायत चुनाव स्थानीय स्तर के होते हैं और इनका दायरा सीमित होता है। मंत्री ने कहा कि सरकार के पास 30 जनवरी तक का समय है, और जैसे ही सभी क्षेत्रों में मार्ग बहाल होंगे।



पंचायती राज मंत्री अनिरुद्ध सिंह प्रेस वार्ता करते हुए। - समर न्यूज़

**संवाद** — तीन साल की कर्जखोरी अव्यवस्था और प्रशासनिक पतन छुपाने के लिए सड़क पर उतरी सरकार : भाजपा प्रदेश अध्यक्ष

## कांग्रेस का वॉकआउट और धरना गंभीर संवैधानिक सवाल खड़े करता है : बिंदल

समर न्यूज़ | शिमला

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने कहा कि हिमाचल प्रदेश के राजनीतिक इतिहास में पहली बार ऐसा देखने को मिला कि मुख्यमंत्री उपमुख्यमंत्री मंत्रिमंडल के सदस्य और सत्ता पक्ष के विधायक अपनी ही सरकार द्वारा बुलाए गए विधानसभा सत्र को छोड़कर सड़क पर उतर आए और धरना देने लगे। उन्होंने इसे लोकतांत्रिक परंपराओं पर कलंक और संवैधानिक शासन पर सीधा प्रश्नचिह्न बताया।

डॉ. बिंदल ने कहा कि विधानसभा परिसर में तख्तियां लेकर प्रदर्शन करना और मंत्रीगण का सड़कों पर नारेबाजी करना इस बात का प्रमाण है कि प्रदेश में स्थिति कितनी भयावह हो चुकी है। जिन पर शासन चलाने की जिम्मेदारी थी वे स्वयं शासन छोड़कर सड़क पर आ गए। यह इस बात की स्वीकारोक्ति है कि वर्तमान कांग्रेस सरकार पूर्ण रूप से प्रशासन चलाने में विफल हो चुकी है।

उन्होंने कहा कि 2022 में जनता ने कांग्रेस को विश्वास के साथ सत्ता सौंपी थी लेकिन उस विश्वास के साथ धोखा हुआ। झूठे वादों और छल के सहारे सत्ता में आई कांग्रेस सरकार ने मात्र तीन वर्षों में प्रदेश को आर्थिक और प्रशासनिक दिवालियापन की कगार पर खड़ा कर दिया है। हजारों वरिष्ठ नागरिक अपने अधिकारों के लिए सड़कों पर बैठकर विरोध करने को मजबूर हैं और विडंबना यह है कि सरकार खुद भी सड़कों पर उतरकर नारे लगा रही है। डॉ. बिंदल ने कहा कि जनता पूछ रही है कि लोग सड़कों पर क्यों हैं क्योंकि सरकार ने उनके अधिकार छीन लिए हैं। लेकिन सत्ता के सुख भोग रहे मंत्री विधायक सड़क पर क्या करने आए हैं। ऐसी सरकार नैतिक अधिकार खो चुकी है और सत्ता में बने रहने का कोई औचित्य नहीं रह जाता।



भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल। - समर न्यूज़

उन्होंने कहा कि तीन वर्षों में सरकार ने 45 हजार करोड़ का कर्ज चढ़ाया 50 से अधिक चेयरमैन उपाध्यक्ष नियुक्त किए और विभिन्न माफियाओं को संरक्षण देकर शासन चलाया। अब जब जनता सवाल पूछ रही है तो सरकार प्रधानमंत्री मोदी को कोसने और भाजपा को दोष देने में व्यस्त है। यदि कांग्रेस नेतृत्व को नारे लगाने का इतना ही शौक है तो उन्हें त्यागपत्र दे देना चाहिए। जनता सरकार बेहतर चला लेगी और कांग्रेस चाहे जितने नारे लगाती रहे।

डॉ. बिंदल ने कहा कि तीन वर्षों तक भाजपा को कोसने के बाद अब कांग्रेस ने आरएसएस पर हमला बोलना शुरू कर दिया है। विभाजन की त्रासदी और लाखों लोगों के नरसंहार के लिए जिम्मेदार कांग्रेस आज उन स्वयंसेवकों को अपमानित कर रही है जो हर संकट में राष्ट्र और समाज के साथ खड़े रहे हैं।

उन्होंने कहा कि भारत विरोधी ताकतों को संरक्षण देने वाली चीन को 40 हजार वर्ग मील भूमि सौंपने वाली कश्मीर में दशकों तक नरसंहार होने देने वाली और वोट बैंक की राजनीति के लिए 1 करोड़ घुसपैठियों को बसाने वाली कांग्रेस आज आरएसएस को राष्ट्रविरोधी कहने की धृष्टता कर रही है। राम मंदिर कृष्ण जन्मस्थान और देश के गौरवशाली क्रांतिकारियों का अपमान करने वाली कांग्रेस का असली चरित्र देश देख चुका है।

डॉ. बिंदल ने कहा कि कृत्यों की पराकाष्ठा पार कर चुकी कांग्रेस का पतन अब निश्चित है। बिहार में करारी हार के बाद हिमाचल की कांग्रेस सरकार अपनी हताशा सड़कों पर उतरकर निकाल रही है।

## मंडी में 6 करोड़ की नई रेहड़ी-फड़ी मार्केट तैयार

समर न्यूज़ | मंडी

मंडी शहर के बाईपास पर 6 करोड़ रुपये की लागत से नई रेहड़ी-फड़ी मार्किट का निर्माण किया जा रहा है, जिसे पूरा शहर एक ही स्थान पर रेहड़ी-फड़ी लगाने के लिए तैयार किया जा रहा है। इस पहल से मंडी शहर में फैली रेहड़ी-फड़ी का अतिक्रमण समाप्त होगा और शहर साफ-सुथरा नजर आएगा।

वर्तमान में मंडी शहर में 300 से अधिक रेहड़ी-फड़ी हैं, जो विभिन्न स्थानों पर लगाकर रोज़गार कमाते हैं। लेकिन अब सभी रेहड़ी-फड़ी धारकों को एकत्रित करके एक ही स्थान पर मार्किट का निर्माण किया जा रहा है। इस मार्किट में लगभग 400 रेहड़ियों के लिए स्थान बनाया जाएगा और जो खाली जगह बचेगी उसे पार्किंग के रूप में इस्तेमाल किया जाएगा।

## सीएम का बिना टूर अचानक दिल्ली भागना बड़े राजनीतिक धमाके का संकेत: राणा

समर न्यूज़ | शिमला

हिमाचल प्रदेश भारतीय जनता पार्टी के मुख्य प्रवक्ता और सुजानपुर के पूर्व विधायक राजेंद्र राणा ने सुक्खू सरकार पर करारा हमला बोला है। राजेंद्र राणा ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में अब वह होने जा रहा है जिसकी कल्पना खुद मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने भी नहीं की होगी। विधानसभा के शीतकालीन सत्र के बीच मुख्यमंत्री सुक्खू का बिना किसी टूर प्रोग्राम अचानक दिल्ली रवाना होना इस बात का साफ संकेत है कि सरकार और कांग्रेस पार्टी अंदर से बुरी तरह हिल चुकी है और कोई बड़ा राजनीतिक भूचाल आने वाला है।

राजेंद्र राणा ने आरोप लगाया कि कांग्रेस के कई कैबिनेट मंत्री और विधायक अब मुख्यमंत्री सुक्खू की कार्यशैली से परेशान और लगातार हताश हैं।



राजेंद्र राणा। - समर न्यूज़

जनता महीनों से त्रस्त है, लेकिन अब सरकार चलाने वाले भी घुटन महसूस कर रहे हैं। धर्मशाला में चल रहे सत्र के दौरान विधानसभा परिसर इस बार लगभग सूना पड़ा रहा, जहां पहले हजारों फरियादी, आम नागरिक और खुश जनता दिखाई देती थी, वहां इस बार मायूसी और खालीपन है। इससे साफ जाहिर है कि अब किसी को भी मुख्यमंत्री से कोई उम्मीद नहीं रही।

# दिनदहाड़े रोज गार्डन के बाथरूम में महिला की गला रेत कर हत्या; खून से सना चाकू मौके से बरामद

## पुलिस का बयानः हर एंगल से जांच, आरोपी जल्द पकड़ा जाएगा, प्रेम प्रसंग की आशंका

समर न्यूज़ | चंडीगढ़

चंडीगढ़ के शांत माने जाने वाले रोज़ गार्डन में शनिवार दोपहर एक दिल दहला देने वाली वारदात सामने आई, जब पार्क के लड़कियों के बाथरूम में एक महिला की गला रेतकर हत्या कर दी गई। दिनदहाड़े हुई इस हत्या ने पूरे शहर को दहशत में डाल दिया है।

पुलिस ने स्थल से खून से सना चाकू बरामद किया है और मामले की जांच कई पहलुओं पर एक साथ शुरू कर दी गई है, जिसमें प्रेम प्रसंग की संभावना भी शामिल है। घटना शाम करीब चार बजे की है। उस समय पार्क में काफी लोग मौजूद थे, जो सामान्य दिनों की तरह टहल रहे थे। अचानक लड़कियों के बाथरूम की दिशा से तेज चीख सुनाई दी। पहले तो लोगों को लगा कि कोई गश खाकर गिरा होगा, लेकिन चीख जारी रहने पर एक युवक ने तुरंत गेट पर मौजूद ट्रैफिक पुलिस कर्मियों को इसकी जानकारी दी।



लड़कियों के बाथरूम में एक महिला की गला रेतकर हत्या कर दी गई, मौके पर पहुंची पुलिस। -समर न्यूज़

पुलिस कुछ ही मिनटों में मौके पर पहुँच गई। पुलिस ने वहां मौजूद एक महिला से अनुरोध किया कि वह बाथरूम में जाकर स्थिति की पुष्टि करे। जैसे ही महिला अंदर पहुँची, उसने देखा कि दूसरी महिला खून से लथपथ हालत में फर्श पर गिरी हुई है। चश्मदीदों के अनुसार, पीड़िता उस वक्त भी जिंदगी और मौत के बीच जूझ रही थी और महिला के देखते ही देखते उसने अंतिम सांस ले ली। तुरंत बाद पीड़िता को अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस के अनुसार, महिला की पहचान और घटना के पीछे के कारण अभी स्पष्ट नहीं हो पाए हैं। प्राथमिक जांच में धारदार हथियार से किए गए हमले की पुष्टि हुई है। वारदात की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने पूरे बाथरूम क्षेत्र को सील कर दिया है। फॉरेंसिक टीम ने मौके से सैंपल उठाए और खून से सने चाकू सहित कई अहम सुराग इकट्ठे किए हैं। इसके अलावा, पार्क के प्रवेश द्वारों, गलियारों और आसपास लगे सभी सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है, जिससे हमलावर के आने और निकलने के रास्ते का पता लगाया जा सके। वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट, डीएनए सैंपल और सीसीटीवी फुटेज के विश्लेषण के बाद मामले की दिशा और स्पष्ट होगी। पुलिस इस संभावना की भी जांच कर रही है कि क्या हत्या किसी निजी रंजिश, विवाद या प्रेम संबंध की वजह से की गई है। शहर में इतनी व्यस्त जगह पर दिनदहाड़े हत्या ने यहां पर आने वाले पर्यटकों की सुरक्षा व्यवस्था पर भी गंभीर सवाल खड़े किए हैं। पुलिस ने जल्द ही मामले का खुलासा करने का आश्वासन दिया है।

# जीरकपुर वीआईपी रोड पर शिकंजाः तीन स्पा सेंटरों में 10 लड़कियां और ग्राहक पकड़ा

## मालिक फरार- पुलिस की त्वरित कार्रवाई से इलाके में हड़कंप

खुशविंदर धालीवाल | जीरकपुर
समर न्यूज़

जीरकपुर की वी.आई.पी रोड पर स्थित अपोज़िट देवा जी प्लाज़ा रोड मार्किट कॉम्प्लेक्स में चल रहे संदिग्ध गतिविधियों की गुप्त सूचना पर पुलिस ने देर शाम एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया। पी-3 (P3) स्पा, रशियन स्पा और नेचर स्पा पर छापेमारी कर पुलिस ने देह व्यापार का भंडाफोड़ किया। इस दौरान तीनों स्पा सेंटरों में चल रहे अनैतिक कारोबार से 10 युवतियों को रेस्क्यू किया गया, जबकि एक ग्राहक को मौके से गिरफ्तार किया गया। वहीं, स्पा के मालिक और मैनेजर छापेमारी की भनक लगते ही फरार हो गए।

सूत्रों के मुताबिक पिछले कई दिनों से इन स्पा सेंटरों में देह व्यापार की शिकायतें पुलिस को मिल रही थीं। स्थानीय लोगों ने एरिया में संदिग्ध गतिविधियों और देर रात तक आने-जाने वाले लोगों पर सवाल उठाए थे। पुलिस ने शिकायतों की गम्भीरता को देखते हुए एक विशेष टीम गठित की और गुप्त रूप से पड़ताल शुरू की। विश्वसनीय इनपुट मिलते ही पुलिस टीम ने अचानक कार्रवाई करते हुए तीनों स्पा पर एक साथ छापा मारा।



मौके पर पहुंची पुलिस। -समर न्यूज़

छापेमारी के दौरान पुलिस को स्पा कमरों में आपत्तिजनक अवस्था में लोग मिले। पुलिस ने मौके से कंडोम, नकद पैसे, रजिस्टर और मोबाईल फोन भी बरामद किए हैं। इनसे प्राप्त डाटा व चैटिंग के आधार पर पुलिस ने मालिक और मैनेजरों की पहचान कर ली है, जिन्हें जल्द गिरफ्तार किए जाने की संभावना है। पुलिस की इस कार्रवाई से पूरे इलाके में हड़कंप मच गया। स्थानीय लोगों ने भी पुलिस के इस कदम की खुलकर सराहना की है। लोगों का कहना है कि वी.आई.पी रोड जैसे व्यस्त और प्रतिष्ठित इलाके में इस तरह के अवैध कार्यों का चलना शर्मनाक था। पुलिस की त्वरित कार्रवाई से ऐसे अवैध धंधों पर रोक लगेगी और माहौल सुरक्षित बनेगा। एसएचओ ने बताया कि महिलाओं को काउंसलिंग के बाद सुरक्षित स्थान पर भेजा जाएगा। आरोपियों पर अनैतिक व्यापार निषेध अधिनियम सहित संबंधित धाराओं के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस का यह ऑपरेशन जीरकपुर में बढ़ते महिलाओं के शोषण और देह व्यापार के नेटवर्क पर एक कड़ा संदेश है कि ऐसे अवैध कारोबार किसी भी सूरत में बर्दाशत नहीं किए जाएंगे। इनफार्मर ने सूचना दी वी.आई.पी रोड पर देह व्यापार सपा सेंटर की आड़ मैं चल रहा है हम रंगे हाथों पकड़ना चाहते थे हमें सफलता भी मिली लेकिन इन सपा सेंटर्स के मालिक मौके से फरार हो गए हमें दस सेक्स वर्करस और एक ग्राहक मौके पर मिला इन सब को पुलिस गिरफ्तार कर आगे की कारवाई के लिए थाने ले जा रही है।

# अवैध खनन पर बड़ा प्रहारः 24 घंटे में 4 टिप्पर, 1 ट्रैक्टर-ट्रॉली पकड़े, तीन चौकियों ने की कार्रवाई

मुकुल शर्मा | पंचकूला
समर न्यूज़

पुलिस ने अवैध माइनिंग के खिलाफ अपना शिकंजा और कसते हुए बीते 24 घंटों में लगातार निगरानी कर चार टिप्पर और एक ट्रैक्टर-ट्रॉली अवैध खनन सामग्री सहित जब्त किए। पुलिस कमिश्नर शिवास कविराज द्वारा पिछले दिनो बुलाई गई हाई लेवल मीटिंग के बाद से लगातार जिलेभर में माइनिंग माफिया और अवैध सामग्री ढोने वाले वाहनों पर पैनी नजर रखने के लिए सभी जोनों में अतिरिक्त गश्त, नाकेबंदी और कैमरा से निगरानी को बढ़ाया गया है।बीती रात और आज दोपहर के समय मढ़ावाला चौकी टीम ने लगातार दो बड़ी सफलताएं हासिल कीं। चौकी इंचार्ज भीम सिंह, एएसआई कप्तान सिंह और एएसआई संदीप ने गश्त के दौरान देर रात गांव नानकपुर के पास अवैध खनन सामग्री ले जा रहे टिप्पर को पीछा कर पकड़ा।



इसके अलावा आज दोपहर मढ़ावाला मेन रोड पर एक टिप्पर को अवैध सामग्री के साथ पकड़ा गया। दोनों वाहनों को चौकी में सुरक्षित खड़ा किया गया है। बरवाला चौकी इंचार्ज गुरपाल सिंह ने सुबह के समय एएसआई राजबीर और एसपीओ सुखदेव के साथ विशेष रेड की। इसी दौरान एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को अवैध खनन सामग्री के साथ पकड़ा गया। जिसके बाद वाहन को चौकी में खड़ा कर लिया गया।रामगढ़ चौकी इंचार्ज तजिन्द्र पाल सिंह की अगुवाई में टीम ने बीती रात करीब 8 बजे गांव बिल्ला के पास सड़क पर नाकाबंदी के दौरान दो टिप्पर पकड़े, जिनमें बिना ई-रवाना बिल के अवैध खनन सामग्री ले जाई जा रही थी। टीम द्वारा तुरंत वाहनों को चौकी में खड़ा किया गया। पांचों वाहनों को कब्जे में लेकर पंचकूला पुलिस ने तुरंत माइनिंग विभाग को रिपोर्ट भेज दी थी, ताकि नियमों के अनुसार आगे की कार्रवाई की जा सके। पंचकूला पुलिस कमिश्नर शिवास कविराज ने बतायाः हमारी एंटी इलीगल माइनिंग टीमें के साथ-साथ सभी स्थानीय पुलिस इकाई भी पूरी तरह अलर्ट हैं। कैमरा मॉनिटरिंग, नाकों पर फोर्स की तैनाती और लगातार रात-दिन गश्त के कारण बीते 24 घंटे में 4 टिप्पर और 1 ट्रैक्टर-ट्रॉली को पकड़ने में सफलता मिली है।

# किसान ट्रेनिंग कैंप और खेती की लगी प्रदर्शनी

परदीप सिंह हैप्पी | मोहाली
समर न्यूज़

साल 2025-26 के दौरान, एग्रीकल्चर और किसान भलाई डिपार्टमेंट, मोहाली की तरफ से आत्मा स्कीम के तहत किसान विकास चैंबर में डिस्ट्रिक्ट लेवल किसान ट्रेनिंग कैंप लगाया गया। इस कैंप में जॉइंट डायरेक्टर एग्रीकल्चर डॉ. करनजीत सिंह गिल खास तौर पर शामिल हुए। कैंप में आए किसानों को पंजाब सरकार की तरफ से खेती से जुड़ी हर तरह की सुविधाएं देने का भरोसा दिलाया गया और किसानों के सवालों के जवाब भी दिए।

चीफ एग्रीकल्चर ऑफिसर, डॉ. गुरमेल सिंह ने किसानों को रबी की फसलों, फसल की अलग-अलग तरह की किस्मों, कुदरती चीज़ों और पानी के सही इस्तेमाल के बारे में जानकारी दी। डॉ. गुरमीत सिंह, डिस्ट्रिक्ट ट्रेनिंग ऑफिसर, मोहाली



ने किसानों से अपील की कि धान की पराली का सही मैनेजमेंट तो ज़रूरी है ही, साथ ही फालतू खर्चों से बचना भी समय की ज़रूरत है। कैंप में शामिल किसान संगठनों के नेताओं ने एग्रीकल्चर डिपार्टमेंट की तरफ से सब्सिडी पर दी जा रही मशीनों के लिए सरकार का धन्यवाद किया और किसानों की अलग-अलग मांगों के बारे में जानकारी शेयर की। असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. हरमीत कौर ने किसानों को रबी फसलों में कीड़ों और बीमारियों के कंट्रोल के बारे में डिटेल में जानकारी दी।

इस डिस्ट्रिक्ट लेवल कैंप का स्टेज डॉ. गुरदयाल कुमार एग्रीकल्चरल डेवलपमेंट ऑफिसर, और डॉ. दानिश कुमार एग्रीकल्चरल डेवलपमेंट ऑफिसर, माजरी ने कंडक्ट किया। चीफ एग्रीकल्चर ऑफिसर, डॉ. गुरमेल सिंह ने इस कैंप में शामिल सभी किसान पुरुषों, किसान महिलाओं और अलग-अलग डिपार्टमेंट के रिप्रेजेंटेटिव का धन्यवाद किया।

# MSW नियमों का उल्लंघन, 7 बस ऑपरेटरों का किया चालान

समर न्यूज़ | चंडीगढ़

म्युनिसिपल सॉलिड वेस्ट (MSW) मैनेजमेंट नियमों के पालन को मज़बूत करने की अपनी लगातार कोशिशों में, म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन चंडीगढ़ ने पूरे शहर में नियमों को लागू करना तेज़ कर दिया है। इस ड्राइव के हिस्से के तौर पर, MCC ने सेक्टर-53 में एक खास सैनिटेशन और नियमों को लागू करने का ऑपरेशन चलाया, जहाँ सैनिटेशन नियमों का उल्लंघन करने वाले प्राइवेट बस ऑपरेटरों का पब्लिक में परेशानी पैदा करने और सिविक हाइजीन स्टैंडर्ड्स की अनदेखी करने के लिए चालान किया गया। सैनिटेशन ड्राइव पिछली शाम देर रात हेल्थ सुपरवाइज़र, चीफ सैनिटरी इंस्पेक्टर और सैनिटरी डिपार्टमेंट, MC चंडीगढ़ के सैनिटेशन इंस्पेक्टरों की देखरेख में चलाया गया। ड्राइव के



दौरान, टीम ने गलत तरीके से कचरा फेंकने और पब्लिक में परेशानी पैदा करने वाले व्यवहार से जुड़े उल्लंघनों के लिए बस ड्राइवरों के सात चालान किए। हर उल्लंघन को फोटोग्राफिक और जियो-टैग्ड सबूतों के साथ ध्यान से डॉक्यूमेंट किया गया, जिससे नियमों को लागू करने में ट्रांसपेरेंसी और अकाउंटेबिलिटी सुनिश्चित हुई। अधिकारियों ने बताया कि सेक्टर-53 में गलत और बिना नियम वाली बस पार्किंग की वजह से सफाई की समस्याएँ बढ़ रही हैं।

# जिला परिषद, समिति चुनाव का किया रिव्यू

परदीप सिंह हैप्पी | मोहाली
समर न्यूज़

स्टेट इलेक्शन कमीशन, पंजाब द्वारा ज़िला परिषदों और पंचायत समिति के लिए चुनाव शेड्यूल की घोषणा के बाद, डिप्टी कमिश्नर-कम-डिस्ट्रिक्ट इलेक्शन ऑफिसर, कोमल मित्तल ने आज ज़िला परिषद साहिबज़ादा अजीत सिंह नगर और पंचायत समिति मोहाली, खरड़, माजरी और डेराबस्सी के आने वाले चुनावों की तैयारियों का रिव्यू किया। उन्होंने नामांकन प्रक्रिया के दौरान पूरी गंभीरता और निष्पक्षता बनाए रखने पर जोर दिया, जो सोमवार, 1 दिसंबर, 2025 से शुरू होगी और 4 दिसंबर, 2025 तक जारी रहेगी। नामांकन पत्रों की जांच 5 दिसंबर को होगी, जबकि 6 दिसंबर, 2025 को नामांकन वापस लेने की अनुमति होगी। नामांकन पत्र दाखिल



करने, जांच करने और वापस लेने का समय संबंधित रिटर्निंग अधिकारियों के नामित कार्यालयों में सुबह 11:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक तय किया गया है। मित्तल ने बताया कि एडीसी (शहरी विकास) अनमोल सिंह धालीवाल को जिला परिषद चुनावों के लिए रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त किया गया है, और नामांकन पत्र कमरा नंबर 401, तीसरी मंजिल, जिला प्रशासनिक परिसर, सेक्टर 76, एसएएस नगर में प्राप्त किए जाएंगे। पंचायत समिति मोहाली के लिए, एसडीएम मोहाली, दमनदीप कौर रिटर्निंग ऑफिसर होंगी, जिनका ऑफिस रूम नंबर 111, ग्राउंड फ्लोर, डिस्ट्रिक्ट एडमिनिस्ट्रेटिव कॉम्प्लेक्स, सेक्टर 76, एस.ए.एस नगर में है। पंचायत समिति खरड़ के लिए, एस.डी.एम खरड़, दिव्या पी को रिटर्निंग ऑफिसर बनाया गया है, और नॉमिनेशन रूम नंबर 1, सब डिविजनल कॉम्प्लेक्स, खरड़ में लिए जाएंगे। डेराबस्सी के लिए, SDM अमित गुप्ता रिटर्निंग ऑफिसर होंगे, जो डेराबस्सी SDM ऑफिस में नॉमिनेशन पेपर लेंगे। पंचायत समिति माजरी के लिए, एस्टेट ऑफिसर (प्लॉट), GMADA, रविंदर सिंह को रिटर्निंग ऑफिसर बनाया गया है, और नॉमिनेशन BDPO ऑफिस, माजरी में लिए जाएंगे। कैंडिडेट खुद या उनके ऑथराइज़्ड प्रपोज़र (लिखकर ऑथराइज़्ड) बताए गए शेड्यूल के हिसाब से नॉमिनेशन पेपर जमा कर सकते हैं या वापस ले सकते हैं।

# शिक्षिका बनी हीरो... स्नैचर तक पहुंचा सुराग, पुलिस ने काबू किया

खुशविंदर धालीवाल | जीरकपुर
समर न्यूज़

पंचकूला की एक प्राइवेट स्कूल में कार्यरत शिक्षिका विनी गांधी बलटाना निवासी ने अद्भुत साहस का परिचय देते हुए चैन स्नैचिंग के मामले में खुद हीरो जैसी भूमिका निभाई। पिछले सप्ताह जब वह रोज़ाना की तरह स्कूल जा रही थीं, तभी व्हाइट एक्टिवा पर सवार दो युवकों ने उनके गले से सोने की चेन छीनकर फरार हो गए। आमतौर पर ऐसे मामलों में पीड़ित केवल शिकायत तक सीमित रह जाते हैं, लेकिन शिक्षिका विनी गांधी ने हार न मानते हुए आरोपी तक पहुंचने के लिए खुद सुराग जुटाने शुरू कर दिए। विनी गांधी ने घटना के बाद हिम्मत दिखाते हुए आसपास लगे सीसीटीवी, राहगीरों और क्षेत्र के युवाओं से मिली छोटी-छोटी जानकारियों को जोड़कर एक संदिग्ध का सुराग हासिल किया। उन्होंने यह इनपुट तुरंत पुलिस को उपलब्ध कराया। पुलिस ने उनकी दी जानकारी के आधार पर कार्रवाई तेज की और जांच में आया नाम दीप सिंह। पुलिस ने FIR दर्ज कर इस युवक को दबोच लिया। पूछताछ में दीप सिंह ने विनी गांधी के साथ हुई स्नैचिंग की बात कबूलते हुए बताया कि छीनी गई सोने की चेन उसने दिल्ली निवासी एक व्यक्ति, कुलदीप सिंह, को सौंप दी है। गिरफ्तार आरोपी दीप सिंह का आपराधिक रिकॉर्ड पुलिस को चौंकाने वाला मिला। पंचकूला, चंडीगढ़, मोहाली और लुधियाना में उसके ऊपर स्नैचिंग, चोरी और लूट के कुल 19 मुकदमे दर्ज हैं।

# धन धन अमर शहीद जत्थेदार बाबा हनुमान सिंह के जन्मदिवस के मौके पर विशाल नगर कीर्तन निकाला



परदीप सिंह हैप्पी | मोहाली
समर न्यूज़

धन धन अमर शहीद जत्थेदार बाबा हनुमान सिंह जी के जन्मदिवस के मौके पर यहां के पास गांव सोहाना के ऐतिहासिक गुरुद्वारा सिंह शहीद सोहाना में एक विशाल नगर कीर्तन निकाला गया। इस बारे में जानकारी देते हुए आयोजन कमेटी के एक प्रवक्ता ने बताया कि यह विशाल नगर कीर्तन सुबह 10 बजे उस जगह से शुरू हुआ जहां धन धन अमर शहीद जत्थेदार बाबा हनुमान सिंह जी ने अपने चरण छुए थे और मोहाली के अलग-अलग गुरुद्वारों, सेक्टरों, कुंभड़ा, मटौर, मोली और अलग-अलग इलाकों से होता हुआ गुरुद्वारा सिंह शहीद सोहाना में खत्म हुआ। नगर कीर्तन को पंज प्यारों ने लीड किया। उनके पीछे पवित्र श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के पवित्र स्वरूप को एक खास तरह से बनी कांच की शानदार पालकी में रखा गया था। इस पालकी जी को फूलों से बहुत खूबसूरत तरीके



से सजाया गया था। पालकी जी के पीछे रागी सिंह और संगत गुरबानी का सुंदर कीर्तन गा रहे थे।

इस मौके पर इलाके की हजारों संगतों ने हिस्सा लिया। मिलिट्री बैंड और कई दूसरे बैंड वालों ने नगर कीर्तन की खूबसूरती बढ़ाई। नगर कीर्तन के पूरे रास्ते को बहुत ही सुंदर तरीके से वेलकम गेट से सजाया गया था। जगह-जगह नगर कीर्तन का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। जगह-जगह पंज प्यारों को सिरोपा दिए गए और संगत ने खूब चाय, ब्रेड पकोड़े, मिठाई और ड्राई फ्रूट्स परोसे।



**प्राउड मोमेंट** अमन अरोड़ा ने दोनों युवा ऑफिसर्स को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की

# अकादमी के कैडेट पारसदीप, युवराज इंडियन नेवी में ऑफिसर बने

## महाराजा रणजीत सिंह प्रिपरेटरी इंस्टीट्यूट में 16वें कोर्स के लिए एंट्रेंस एग्जाम 4 को

परदीप सिंह हैप्पी | मोहाली
समर न्यूज़

महाराजा रणजीत सिंह आर्म्ड फोर्सेज प्रिपरेटरी इंस्टीट्यूट, मोहाली के दो पूर्व कैडेट्स को केरल के एझिमाला में हुई इंडियन नेवल एकेडमी (INA) की पासिंग आउट परेड (POP) में इंडियन नेवी में ऑफिसर के तौर पर कमीशन किया गया है। परेड का निरीक्षण चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान, P.V.S.M., U.Y.S.M., A.V.S.M., S.M., V.S.M. ने किया।

दोनों ऑफिसर पारसदीप सिंह खोसा और युवराज सिंह तोमर पढ़े-लिखे बैकग्राउंड से हैं। फरीदकोट



जिले के रहने वाले पारसदीप सिंह खोसा G.G.S. के प्रिंसिपल हैं। युवराज सिंह तोमर खालसा स्कूल, भलूर में पढ़े-लिखे हैं और उनके पिता गुरु नानक मिशन गर्ल्स कॉलेज, बाघापुराना के डायरेक्टर हैं। जालंधर के रहने वाले युवराज सिंह तोमर भी पढ़े-लिखे परिवार से हैं। उनके पिता डलहौजी पब्लिक स्कूल के प्रिंसिपल हैं और उनकी मां उसी स्कूल में कोऑर्डिनेटर और साइकोलॉजिस्ट हैं। गौरतलब है कि युवराज का छोटा भाई अभी महाराजा रणजीत सिंह प्रिपरेटरी इंस्टिट्यूट में ट्रेनिंग ले रहा है।

पंजाब के एम्प्लॉयमेंट जेनरेशन, स्किल डेवलपमेंट और ट्रेनिंग मिनिस्टर अमन अरोड़ा ने पारसदीप सिंह खोसा और युवराज सिंह तोमर को उनकी शानदार कामयाबी के लिए बधाई दी। अरोड़ा ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की और उम्मीद जताई कि वे पूरी लगन से देश की सेवा करते रहेंगे और पंजाब का नाम रोशन करेंगे।

महाराजा रणजीत सिंह आर्म्ड फोर्सेज प्रिपरेटरी इंस्टिट्यूट के डायरेक्टर मेजर जनरल अजय एच. चौहान, VSM (रिटायर्ड) ने इन ऑफिसर्स को बधाई दी और कहा कि इस कामयाबी के साथ, इस इंस्टिट्यूट के कुल 181 कैडेट्स आर्म्ड फोर्सेज में कमीशन्ड ऑफिसर बन गए हैं, जिनमें इंडियन नेवी में 22 कैडेट्स शामिल हैं। उन्होंने इस सफलता का श्रेय पंजाब के लोगों की बहादुरी को दिया, जिससे यह राज्य के लिए गर्व का पल बन गया।

> मेजर जनरल अजय एच. चौहान ने बताया कि इंस्टीट्यूट में 16वें कोर्स के लिए एडमिशन प्रोसेस चल रहा है। इस इंस्टीट्यूट के ज़रिए, 10वीं क्लास के NDA स्टूडेंट्स जो कोर्स में शामिल होना चाहते हैं, वे 15 दिसंबर, 2025 तक https://recruitment-portal.in पर ऑनलाइन अप्लाई कर सकते हैं। इस कोर्स के लिए एंट्रेंस एग्जाम 4 जनवरी, 2026 को होगा।

# समीरा रेड्डी ने शेयर की हेल्दी ओट्स कुकीज की रेसिपी



**मुंबई**। अभिनेत्री समीरा रेड्डी ने बीच में कुछ समय के लिए सिल्वर स्क्रीन से ब्रेक लिया था। हालांकि, वे अब फिल्म चिमनी से फिर वापसी कर रही हैं। अभिनेत्री अपने अभिनय के साथ फिटनेस और हेल्दी डाइट पर काफी ध्यान देती हैं और अपने प्रशंसकों को भी उसे अपनाने की सलाह देती हैं। वे सोशल मीडिया पर अक्सर फिटनेस और हेल्दी रेसिपी के वीडियो शेयर करती रहती हैं। शनिवार को भी अभिनेत्री ने इंस्टाग्राम पर वीडियो पोस्ट किया, जिसमें उन्होंने हेल्दी ओट्स कुकीज की रेसिपी बताई है। इस वीडियो में उन्होंने बताया है कि आप बिना किसी गिल्ट के हेल्दी कुकीज खा सकते हैं। अभिनेत्री ने इसके बनाने की विधि कैप्शन में दी है। उन्होंने लिखा, "जब भी मीठा खाने का मन करे या कुछ हेल्दी खाना चाहें, तो ये कुकीज आपकी क्रेविंग भी पूरी करेंगी और सेहत का भी ध्यान रखेंगी।" उन्होंने विधि बताते हुए लिखा, "इसको बनाने के लिए 100 ग्राम मैश किया हुआ केला, 45 ग्राम ओट्स, थोड़ा-सा कटे हुए खजूर और चॉकलेट चिप्स को आपस में मिला लें। आप चाहें तो 30 ग्राम प्रोटीन पाउडर भी मिला सकते हैं ताकि कुकीज और ज्यादा हेल्दी और प्रोटीन से भरपूर बन जाएं। एक बाउल में सारी सामग्री डालकर अच्छी तरह मिला लें। एक बेकिंग ट्रे पर बटर पेपर लगा लें और मिश्रण को 6–8 छोटे गोल हिस्सों में रखें। हाथ से हल्का सा दबाकर कुकी का आकार दे दें। अब इसे बनाने के लिए 180 पर ओवन में रख दें। 15–20 मिनट तक बेक करें, जब तक कुकीज सुनहरी और अच्छी तरह पक न जाएं।"

ये कुकीज सेहत के लिए फायदेमंद हैं। इनके सेवन से फाइबर, विटामिन (बी6, सी), और मिनरल्स (पोटेशियम, मैग्नीशियम) मिलते हैं, जो पाचन, हृदय स्वास्थ्य और ऊर्जा के लिए फायदेमंद हैं। ये वजन घटाने में मदद कर सकती हैं क्योंकि ये लंबे समय तक पेट को भरा रखती हैं। साथ ही, ये ब्लड शुगर को नियंत्रित करने और मधुमेह रोगियों के लिए भी अच्छा विकल्प हैं।

# दो महीने के एक्टिंग कोर्स के बाद ही चमकी थी ईशा गुप्ता की किस्मत



**नई दिल्ली** । 2012 में आई 'जन्नत 2' की सीधी-साधी जाह्नवी तौमर से 'आश्रम' की तेज-तर्रार सोनिया तक, ईशा गुप्ता ने हर किरदार से फैंस का दिल जीता है। किसी को नहीं पता था कि पहली फिल्म में अपनी खूबसूरती से सबका दिल जीतने वाली ईशा हर किरदार को पर्दे पर सादगी से उतार देंगी, लेकिन क्या आप जानते हैं कि मॉडलिंग से अपने करियर की शुरुआत करने वाली ईशा शेफ बनकर अपना खुद का होटल चलाना चाहती थी, लेकिन ऐसा हो नहीं सका? 28 नवंबर को दिल्ली में जन्मी ईशा गुप्ता को बचपन से ही खाना बनाने का शौक था। 12 साल की उम्र में उन्होंने सोच लिया था कि वे बड़ी होकर किसी फाइव स्टार होटल में शेफ बनेंगी या खुद का रेस्तरां शुरू करेंगी, लेकिन एक्ट्रेस का शाकाहारी होना भी उनके करियर पर भारी पड़ गया। एक शेफ बनने के लिए शाकाहारी और मांसाहारी दोनों तरह के पकवानों की जानकारी होनी चाहिए, लेकिन ईशा सिर्फ शाकाहारी व्यंजनों के बारे में जानकारी रखती थी। अब ऐसे में उनके पिता के दोस्त ने ही उन्हें खुद का छोटा-मोटा रेस्तरां खोलने की सलाह दी थी, लेकिन एक्ट्रेस का ख्वाब कुछ बड़ा करने का था, जिसकी वजह से उन्होंने शेफ बनने का आइडिया ड्रॉप कर दिया।

फिल्म इंडस्ट्री में भी ईशा को फिल्में मिलने में ज्यादा मेहनत नहीं लगी। दो महीने के एक्टिंग कोर्स के बाद ही उन्हें ऑडिशन के बाद मुकेश भट्ट की फिल्म 'जन्नत 2' में रोल मिल गया। एक इंटरव्यू में खुद इस बात का जिक्र करते हुए ईशा ने बताया था कि मॉडलिंग के बाद फिल्मों में काम करने के लिए उन्होंने अनुपम खेर की एक्टिंग एकेडमी में 2 महीने एक्टिंग का कोर्स किया था और फिर ऐसे ही ऑडिशन देने के लिए चली गई थी। पहले फिल्म में प्राची देसाई लीड रोल प्ले करने वाली थी लेकिन फिल्म की शूटिंग से दो हफ्ते पहले ही उन्हें रिप्लेस कर दिया गया और वो जगह ईशा को मिली।

'जन्नत 2' के बाद ईशा के लिए फिल्म इंडस्ट्री के दरवाजे खुल गए। उन्होंने साल 2012 में ही 'राज़ 3 डी' और 'चक्रव्यूह' में भी काम किया। 'राज़ 3 डी' हॉरर फिल्म थी, जबकि 'चक्रव्यूह' में एक्ट्रेस निगेटिव रोल में दिखीं। दोनों ही फिल्मों को पर्दे पर अच्छा रिस्पांस मिला और ईशा ने 1 साल के अंदर तीन फिल्में करके अपनी पहचान बनाई, जिसके बाद ईशा 'बेबी', 'पलटन', 'रुस्तम', और 'टोटल धमाल' जैसी फिल्मों में नजर आईं।

फिल्मों में आना ईशा के लिए आसान रहा, लेकिन अपने गहरे रंग को लेकर उन्हें काफी कुछ सुनना पड़ता था। एक्ट्रेस ने एक इंटरव्यू में खुद इस बात का खुलासा किया था कि करियर की शुरुआत में उन्हें अपने रंग को लेकर शर्मिंदा करने की कोशिश की जाती थी, लेकिन उन्हें इन बातों से कोई फर्क नहीं पड़ता।

# एली अवराम ने बताई 'हुमा डोल' के पीछे अपने सपनों की कहानी, बोलीं- 'प्रिंसेस की तरह कर रही थी महसूस'



**मुंबई**। बॉलीवुड और इंटरनेशनल म्यूजिक के फैंस के लिए 'हुमा डोल' एक यादगार म्यूजिक वीडियो बन गया है। यह गाना न सिर्फ अपने खूबसूरत संगीत के लिए चर्चा में है, बल्कि इसके पीछे की कहानी भी किसी सपने की तरह है।

अभिनेत्री एली अवराम ने आईएएनएस को दिए इंटरव्यू में अपने अनुभवों को साझा करते हुए बताया कि कैसे यह प्रोजेक्ट उनके लिए दो बड़े सपनों को सच करने जैसा रहा। एली अवराम ने कहा कि उन्होंने हमेशा चाहा था कि वह मोरक्को के सुपरस्टार गायक साद लमजारेंड के साथ किसी म्यूजिक वीडियो में काम करें। उनके लिए यह मौका लंबे समय से एक सपना बनकर रहा था। उन्होंने कहा, ''जब मैंने साद लमजारेंड का एक सुपरहिट अरबी गाना सुना था, तब से ही मन में यही इच्छा थी कि एक दिन उनके साथ काम करेंगी। यह सपना आखिरकार 'हुमा डोल' के जरिए सच हो गया।'' गाने को एक साल पूरा होने पर जब उनसे यादों के बारे में पूछा गया, तो एली ने कहा कि उनके दिमाग में सेट की एनर्जी और उत्साह समेत कई यादें ताजा हो गईं। उन्होंने कहा, "मेरे इस अनुभव ने दो सपनों को पूरा किया। पहला सपना तो साद लमजारेंड के साथ काम करने का था और दूसरा सपना था कि मैं किसी पुराने जमाने की कहानी में एक प्रिंसेस जैसा लुक अपनाकर अभिनय करूं। 'हुमा डोल' ने मेरे इन दोनों सपनों को पूरा किया। मैं शूटिंग के दौरान सच में खुद को एक प्रिंसेस की तरह महसूस कर रही थी। एली ने कहा, ''जब म्यूजिक वीडियो की टीम ने मुझे कास्ट करने के लिए संपर्क किया, तब एहसास हुआ कि बड़े सपने देखने से कभी डरना नहीं चाहिए। अगर आप अपने सपनों को लेकर गंभीर रहते हैं और उन्हें महसूस करने की इच्छा रखते हैं, तो एक दिन वह सच हो सकते हैं। मेरे इस अनुभव ने साबित कर दिखाया कि सपने सच में पूरे हो सकते हैं। 'हुमा डोल' गाने को लेकर एली ने बताया कि म्यूजिक वीडियो शूट करना उनके लिए किसी फिल्म बनाने से कम नहीं लगता, क्योंकि इसमें सिर्फ अभिनय ही नहीं, बल्कि परफॉर्मेंस और इमोशन भी देना पड़ता है। उन्हें उम्मीद है कि आगे भी उन्हें ऐसे ही शानदार और जादुई म्यूजिक वीडियो करने का मौका मिलेगा।

# डेल स्टेन ने चुनी भारत-साउथ अफ्रीका की कंबाइंड इलेवन, इन खिलाड़ियों को दी जगह



**नई दिल्ली**। साउथ अफ्रीका के पूर्व तेज गेंदबाज डेल स्टेन ने भारत और साउथ अफ्रीका के बीच वनडे सीरीज से पहले 'कंबाइंड इलेवन' चुनी है, जिसमें साउथ अफ्रीकी कप्तान टेंबा बावुमा को शामिल नहीं किया।

दोनों देशों के बीच पहला मैच रांची के जेएससीए इंटरनेशनल स्टेडियम कॉम्प्लेक्स में रविवार को खेला जाएगा। साउथ अफ्रीकी दिग्गज का मानना है कि दोनों टीमों की कंबाइंड इलेवन चुनना एक 'मुश्किल' काम था, क्योंकि दोनों टीमों के पास 'बहुत सारे शानदार खिलाड़ी' हैं। डेल स्टेन की कंबाइंड इलेवन में रोहित शर्मा, क्विंटन डी कॉक, विराट कोहली, तिलक वर्मा, केएल राहुल, डेवाल्ड ब्रेविस, रवींद्र जडेजा, मार्को जानसेन, कुलदीप यादव, अर्शदीप सिंह और लुंगी एनगिडी को स्थान दिया गया है।

'स्टारस्पोर्ट्स' की ओर से सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर शेयर किए गए एक वीडियो में जब स्टेन से टीम चुनने के लिए कहा गया, तो उन्होंने कहा, "दोनों टीमों को मिलाना मुश्किल है। दोनों टीमों के पास बहुत सारे शानदार खिलाड़ी हैं। निश्चित रूप से किसी को बाहर होना पड़ेगा, लेकिन रोहित बैटिंग और क्विंटन डी कॉक ओपनिंग करेंगे। विराट कोहली नंबर तीन पर, तिलक वर्मा नंबर चार पर, केएल राहुल नंबर पांच पर, और ब्रेविस नंबर छह पर होंगे। इनके अलावा, रवींद्र जडेजा, जानसेन, कुलदीप, अर्शदीप और लुंगी एनगिडी इस टीम में होंगे।"

साउथ अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट सीरीज 0-2 से गंवाने के बाद भारत तीन मुकाबलों की वनडे सीरीज में मेहमान टीम का सामना करेगा। इसके बाद पांच मुकाबलों की टी20 सीरीज भी खेली जाएगी।

इस सीरीज में कप्तान शुभमन गिल नहीं खेल रहे हैं। वे साउथ अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट सीरीज के दौरान चोटिल हुए थे। उनके स्थान पर केएल राहुल को टीम इंडिया की कमान सौंपी गई है। साउथ अफ्रीका की कमान टेंबा बावुमा संभालेंगे। विराट कोहली और रोहित शर्मा एक बार फिर क्रिकेट मैदान पर नजर आएंगे।

भारत और साउथ अफ्रीका की टीमें 30 नवंबर को रांची में वनडे सीरीज का पहला मैच खेलेंगी। इसके बाद 3 दिसंबर को दोनों देश रायपुर में आमने-सामने होंगे। 6 दिसंबर को विशाखापत्तनम में सीरीज का तीसरा मैच खेला जाएगा।

# जब रोहित-कोहली आसपास हों तो अलग ऊर्जा का हिस्सा बनना रोमांचक : बावुमा



**रांची**। भारत और साउथ अफ्रीका के बीच रविवार से तीन वनडे मुकाबलों की सीरीज शुरू होगी। पहला मैच जेएससीए इंटरनेशनल स्टेडियम में खेला जाएगा। साउथ अफ्रीकी कप्तान टेंबा बावुमा का मानना है कि रोहित शर्मा और विराट कोहली जैसे दिग्गजों की मौजूदगी में मैदान पर एक अलग तरह की ऊर्जा होगी, जिसका हिस्सा बनना रोमांचक होगा। स्टार स्पोर्ट्स के इंस्टाग्राम अकाउंट पर शनिवार को पोस्ट किए गए एक वीडियो में बावुमा ने कहा, "मुझे लगता है कि यह रोमांचक है। यह भारतीय फैंस के लिए रोमांचक है। दो दिग्गज वापस आ रहे हैं। वे कुछ समय के लिए भारत की धरती पर खेल रहे हैं। जब ये दो बड़े खिलाड़ी आसपास हों, तो एक अलग तरह की ऊर्जा का हिस्सा बनना हमारे लिए रोमांचक है। यह कुछ ऐसा है जिसका हम इंतजार कर रहे हैं।" टेंबा बावुमा ने भारत की इस अनुभवी जोड़ी को लेकर कहा, "मुझे लगता है कि किसी भी दूसरे खिलाड़ी की तरह, हम भी उनके आस-पास अपनी तैयारी करेंगे। जो भी रणनीति हमारे पास होगी, हम उन्हें फॉलो करेंगे। हम जानते हैं कि ऊर्जा थोड़ी अलग होगी, लेकिन यह रोमांचक होगा।" उन्होंने आगे कहा, "एक कप्तान के नजरिए से, मुझे नहीं लगता कि मेरी टीम के लिए ज्यादा कुछ बदलेगा। मुझे लगता है कि आप जाहिर तौर पर बल्ले से प्रदर्शन करना चाहते हैं। आप मैदान पर रणनीति के मुताबिक खिलाड़ियों को लीड करना चाहते हैं। इसलिए मुझे नहीं लगता कि ज्यादा कुछ बदलेगा।" रोहित शर्मा और विराट कोहली ने अक्टूबर में ऑस्ट्रेलिया दौरे पर वनडे सीरीज खेली थी। इसके बाद चर्चा थी कि शायद यह जोड़ी वनडे वर्ल्ड कप में न खेले, लेकिन कुछ फैंस को विश्वास है कि 'रो-को' आगामी विश्व कप में टीम इंडिया का हिस्सा होंगे।

# ब्ल्यूबीबीएल : रेनेगेड्स को शिकस्त देकर प्वाइंट्स टेबल में शीर्ष पर स्टार्स



**मेलबर्न**। मेलबर्न स्टार्स ने शनिवार को जंक्शन ओवल में खेले गए विमेंस बिग बैश लीग (डब्ल्यूबीबीएल) 2025 के 28वें मुकाबले में मेलबर्न रेनेगेड्स के खिलाफ 45 रन से मुकाबला अपने नाम किया। इस जीत के साथ मेलबर्न स्टार्स ने प्वाइंट्स टेबल में शीर्ष स्थान अपने नाम कर लिया है। मेलबर्न स्टार्स 7 में से 5 मुकाबले अपने नाम कर चुकी है। इस टीम ने 1 मैच गंवाया है, जबकि 1 मुकाबला बारिश के चलते बेनतीजा रहा था। वहीं, दूसरी ओर मेलबर्न रेनेगेड्स ने 8 में से 4 मुकाबले अपने नाम किए हैं। यह टीम 4 मैच गंवा भी चुकी है। रेनेगेड्स फिलहाल प्वाइंट्स टेबल में तीसरे पायदान पर मौजूद है। टॉस गंवाकर पहले बल्लेबाजी के लिए उतरी मेलबर्न स्टार्स ने 20 ओवरों के खेल में 5 विकेट खोकर 160 रन बनाए। इस टीम ने महज 14 रन पर रिस मैककेना (4) का विकेट गंवा दिया था। यहां से मेग लैनिंग ने एमी जोन्स के साथ दूसरे विकेट के लिए 51 गेंदों में 62 रन की साझेदारी करते हुए टीम को संभाला। एमी जोंस 33 गेंदों में 7 चौकों के साथ 43 रन बनाकर पवेलियन लौटीं।

यहां से लैनिंग ने कप्तान एनाबेल सदरलैंड के साथ तीसरे विकेट के लिए 43 गेंदों में 70 रन जोड़कर टीम को 146 के स्कोर तक पहुंचा दिया। सदरलैंड ने 16 गेंदों में 27 रन बनाए, जबकि लैनिंग 58 गेंदों में 1 छक्के और 7 चौकों के साथ 73 रन बनाकर नाबाद रहीं। विपक्षी टीम की तरफ से मिली इलिंगवर्थ ने 3 विकेट निकाले, जबकि जॉर्जिया वेयरहैम ने 2 विकेट अपने नाम किए।

इसके जवाब में मेलबर्न रेनेगेड्स की टीम 16.3 ओवरों में महज 115 रन पर सिमट गई। इस टीम के लिए डिएंड्रा डॉटिन और निकोल फाल्टम ने 23-23 रन बनाए, जबकि इसी वोंग ने 20 रन की पारी खेली। स्टार्स के लिए मैसी गिब्सन ने 3 विकेट निकाले।

### लुधियाना में मोटरसाइकिल लुटेरों का कहर

# दो साइकिल सवारों से लूट, विरोध करने पर तेजधार हथियारों से हमला

**शेखर वर्मा | लुधियाना**
**समर न्यूज़**

मोटरसाइकिल सवार लुटेरों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। हालात यह हैं कि देर रात सड़क पर अकेला दिखने वाला कोई भी व्यक्ति इन बदमाशों का शिकार बन सकता है। इसी तरह की एक गंभीर वारदात 25 नवंबर की रात सामने आई, जब एसबीएस नगर के नजदीक थरीके इलाके में दो साइकिल सवार युवकों पर पांच लुटेरों ने हमला कर उन्हें लूट लिया। विरोध करने पर एक युवक को तेजधार हथियार से घायल कर दिया गया। पूरी घटना पास ही लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है।

जानकारी के अनुसार, दोनों युवक रात करीब 11:15 बजे काम से घर लौट



सीसीटीवी में कैद घटना। -समर न्यूज़

रहे थे। जैसे ही वे थरीके के पास पहुंचे, दो मोटरसाइकिलों पर सवार पांच लुटेरों ने उन्हें घेर लिया। पहले उन्होंने एक युवक को साइकिल से खींचकर गिराया और उसका मोबाइल व नकदी छीन ली। इसी दौरान दूसरा साइकिल सवार आगे बढ़ने की कोशिश करने लगा, लेकिन लुटेरे उसे पीछा करते हुए पकड़ लाए। उन्होंने युवक को जमीन पर गिराकर बुरी तरह पीटा और तेजधार हथियारों से उसके सिर पर हमला कर दिया। हमले के बाद बदमाश दोनों युवकों से मोबाइल और पैसे छीनकर फरार हो गए। गंभीर रूप से घायल युवक को स्थानीय लोगों की मदद से एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज चल रहा है। समाज सेवक संदीप शुक्ला ने बताया कि फुटेज इकट्ठी कर ली गई है और इसे पुलिस को सौंपकर शिकायत दर्ज करवाई जाएगी। उन्होंने कहा कि लुधियाना में इस तरह की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं, जिससे लोगों में असुरक्षा का माहौल बना हुआ है। शुक्ला ने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि शहर में बढ़ती लूटपाट की घटनाओं पर लगाम लगाने के लिए विशेष अभियान चलाया जाए और दोषियों को जल्द पकड़ा जाए।

# महिला के गले से छीना सोने का हार, सीसीटीवी में घटना कैप्चर

**अशवनी पाहवा | लुधियाना**
**समर न्यूज़**

फिरोजपुर रोड स्थित एक होटल में एक शादी समारोह में शामिल होने आई एक महिला का होटल के बाहर ही बाइक सवार युवकों ने सोने का हार छीन लिया। स्नैचिंग का यह मामले सीसीटीवी कैमरों में कैद हो हुआ। घटना के बाद पुलिस ने विक्रम मेहरा गांव दाद निवासी की शिकायत पर मामला दर्ज किया।

विक्रम मेहरा के अनुसार, घोड़ी की रस्म के समय सभी महिलाएं होटल के मुख्य गेट के पास खड़ी थीं। इसी दौरान उनकी 85 वर्षीय ताई रमीला मेहरा भी वहां मौजूद थीं। तभी एक अज्ञात युवक भीड़ में घुसा और कुछ ही सेकेंड में उनके गले से 15 तोले का सोने का हार खींचकर फरार हो गया। यह सारी घटना होटल के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई, जिसमे साफ तौर पर नजर आता है कि दो युवक बाइक पर होटल के बाहर पहुंचते हैं। उनमें से एक युवक भीड़ में शामिल होकर बुजुर्ग महिला तक पहुंचता है और पलक झपकते ही उनका नेकलेस छीन लेता है।

जैसे ही परिवार के दो सदस्य पीछा करते हैं, आरोपी तुरंत बाहर खड़ी बाइक पर बैठकर अपने साथी के साथ फरार हो जाता है। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज अपने कब्जे में लेकर आरोपियों की पहचान शुरू कर दी है। होटल परिसर और आस-पास के अन्य कैमरों की भी जांच की जा रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि दोनों आरोपियों को जल्द काबू कर लिया जाएगा।

# कैबिनेट मंत्री संजीव अरोड़ा, रवजोत सिंह व राज्यसभा सांसद सींचेवाल ने किया विधायक ग्रेवाल से शोक प्रगट



शोक प्रगट करते कैबिनेट मंत्री संजीव अरोड़ा। -समर न्यूज़

**दलजीत विक्की | लुधियाना**
**समर न्यूज़**

दिवंगत बलवीर सिंह ग्रेवाल के निधन के बाद कैबिनेट मंत्री संजीव अरोड़ा, लोकल बॉडी मिनिस्टर रवजोत सिंह और राज्यसभा सांसद संत बलबीर सिंह सींचेवाल शनिवार को विधायक दलजीत सिंह ग्रेवाल के निवास पर पहुंचे और उनसे उनके पिता के निधन पर शोक प्रगट किया। गौरवतलब है कि 21 नवंबर को दिवंगत बलवीर सिंह ग्रेवाल अपनी संसारिक यात्रा को पूरा कर प्रभु चरणो में लीन हो गए थे। इस दौरान शोक प्रगट करने पहुंचे कैबिनेट मंत्री संजीव अरोड़ा,रवजोत सिंह, और राज्य सभा सदस्य बलवीर सिंह ने उन्हें सांत्वना देते हुए कहा कि वे सभी उनकी इस दुख की घड़ी में ग्रेवाल परिवार के साथ है उपरोक्त नेताओ ने कहा कि पिता घर में एक वट वृक्ष की तरह होता है जिसकी छाव तले सारा परिवार संसारिक दुखों से बचा रहता है उनके इस दुनिया से अचानक चले जाने से परिवार को जो झटका लगा है वह सहना बड़ा ही मुश्किल है वे भगवान से प्रार्थना करते है कि दिवंगत आत्मा को अपने चरणों में स्थान दे और ग्रेवाल परिवार को इस दुख को सहने की शक्ति दे।

### लुधियाना मुख्य बस स्टैंड की बदहाल सफाई व्यवस्था, यात्रियों और दुकानदारों में बढ़ी नाराजगी

# बदबू से यात्री परेशान, निगम की कार्रवाई के बावजूद हालात जस के तस

**अशवनी पाहवा | लुधियाना**
**समर न्यूज़**



लुधियाना बस स्टैंड की वह तस्वीर जो खुद ब खुद यहां के हालात बयां कर रही है। फोटो लक्की भट्टी -समर न्यूज़

लुधियाना के मुख्य बस स्टैंड की स्वच्छता व्यवस्था लगातार सवालों के घेरे में है। शहर का सबसे व्यस्त यातायात केंद्र होने के बावजूद यहां सफाई की स्थिति बेहद चिंताजनक बनी हुई है। परिसर और इसके आस-पास जगह-जगह कूड़ा-बखरा पड़ा मिल रहा है। फर्श पर गंदगी जमी रहती है और पानी के कूलरों तथा नलों के आसपास गाद जैसी परत बनने से यात्रियों को पीने के साफ पानी तक पहुंचने में डर लगने लगा है। शौचालयों में जमा गंदगी और बदबू ने यात्रियों को परेशान कर रखा है, वहीं दुकानदार भी इन हालातों से परेशान होकर बार-बार शिकायत कर रहे हैं। बस स्टैंड पर रोजाना हजारों यात्री आते-जाते हैं, लेकिन उनकी संख्या के अनुपात में सफाई कर्मचारियों की तैनाती बेहद कम बताई जा रही है। कई यात्रियों का कहना है कि सफाई स्टाफ दिन भर नज़र भी नहीं आता, जिसके चलते कचरा समय पर नहीं उठता और जगह-जगह ढेर बन जाता है। इससे न सिर्फ बदबू फैलती है, बल्कि मच्छरों और मक्खियों की बढ़ोतरी से स्वास्थ्य संबंधी खतरा भी बढ़ रहा है। दुकानदारों के अनुसार कूड़ेदानों की संख्या कम है, और जो लगे हुए हैं, वे अक्सर भरे रहते हैं, जिससे लोग मजबूरन खुले में कचरा फेंक देते हैं। इसी तरह शौचालयों की कमी और खराब हालत के कारण कई लोग खुले में शौच कर देते हैं, जिससे आसपास की सफाई व्यवस्था और बिगड़ती जा रही है। नगर निगम ने हाल में साफ-सफाई में सुधार के लिए कुछ कदम उठाए जरूर हैं, जैसे रात के समय खुले में कचरा फेंकने वालों के खिलाफ चालान करना, पेट्रोलिंग बढ़ाना और निगरानी के लिए हेल्पलाइन शुरू करना। निगम अधिकारियों के मुताबिक चलन-सुधार के लिए टीमों को सक्रिय किया गया है और संवेदनशील इलाकों में विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए हैं। लेकिन नागरिकों का कहना है कि इन कदमों का असर अभी जमीनी स्तर पर दिखाई नहीं दे रहा है। चालान तो किए जा रहे हैं, लेकिन कचरा उठान की नियमित व्यवस्था नहीं होने से गंदगी फिर वही की वही बनी रहती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि बस स्टैंड जैसे भीड़भाड़ वाले स्थान को सफाई की दृष्टि से प्राथमिकता दी जानी चाहिए। स्थायी डंपिंग प्वाइंट्स की सफाई, कूड़ा उठान के उचित समय, कर्मचारियों की पर्याप्त तैनाती और अधिक कूड़ेदान लगाने जैसे मूलभूत कदम उठाए बिना हालात में सुधार संभव नहीं है। इसके अलावा शौचालयों की संख्या बढ़ाने, उनकी नियमित सफाई और पानी की सुविधाओं को दुरुस्त करना भी बेहद जरूरी है।

# हैबोवाल में डेपार्टमेंटल स्टोर पर चोरी दो लूटेरों ने शटर तोड़कर सामान लूटा

**सुनील शिंगार | लुधियाना**
**समर न्यूज़**



सीसीटीवी में कैप्चर -समर न्यूज़

लुधियाना के हैबोवाल इलाके में देर रात चोरी की सनसनीखेज वारदात सामने आई है। दो अज्ञात चोरों ने एक डेपार्टमेंटल स्टोर का शटर तोड़कर अंदर घुसकर सामान चुरा लिया। हैरानी की बात यह रही कि चोरी के दौरान दोनों चोर काफी बेफिक्र दिखाई दिए और स्टोर में रखी कोल्डड्रिंक वहीं खड़े होकर पीने के बाद आराम से फरार हो गए। पूरी घटना स्टोर में लगे सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो चुकी है। जानकारी के अनुसार, रात करीब एक बजे दो चोर स्टोर के बाहर पहुंचे और शटर तोड़ने की कोशिश की, लेकिन पहली बार में सफलता नहीं मिली। कुछ देर इधर-उधर देखने के बाद दोनों वहां से चले गए। लगभग दो मिनट बाद वे फिर लौटे और दोबारा कोशिश की। इस बार उन्होंने शटर तोड़ दिया और आसानी से अंदर प्रवेश कर लिया।

अंदर घुसने के बाद चोरों ने जल्दी-जल्दी सामान खंगालना शुरू किया और जो भी कीमती सामान हाथ लगा, उसे उठा लिया। स्टोर मालिक के मुताबिक कुछ जरूरी आइटम और नकदी भी गायब है। सबसे चौंकाने वाली बात यह रही कि चोरी के बीच ही दोनों चोरों ने फ्रीज़ खोला, कोल्डड्रिंक निकाली और आराम से वहीं खड़े-खड़े पीते रहे। इसके बाद वे बिना किसी डर या जल्दबाजी के स्टोर से बाहर निकलकर मौके से फरार हो गए।

स्टोर मालिक ने घटना की सूचना पुलिस को दे दी है और सीसीटीवी फुटेज भी सौंप दी है। पुलिस अब फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान कर उनकी तलाश कर रही है।

### ▪ अधूरी योजना-अधूरी दुकानें, खरीदारों की बढ़ीं मुश्किलें

# नई सब्जी मंडी में करोड़ों की परियोजना बनी सिरदर्द

**लक्की मेहता | लुधियाना**
**समर न्यूज़**



बहादुर के रोड स्थित नई सब्जी मंडी में करोड़ों रुपये खर्च कर बनी पचास दुकानों की बिक्री अब खरीदारों के लिए मुसीबत साबित हो रही है। मंडी प्रशासन ने 28 नवंबर को सभी दुकानों की निशानदेही के नोटिस तो जारी कर दिए थे, लेकिन शुक्रवार को सिविल विंग की टीम मौके पर पहुंची तो सिर्फ 44 दुकानों की ही निशानदेही हो पाई। बाकी 6 दुकानदार अब भी इंतजार में हैं। दुकानदारों का आरोप है कि अलॉटमेंट लेटर जारी होने के बाद पंदह दिन में कब्जा देने का दावा किया गया था, मगर असल में छह महीने से ज्यादा समय लगा दिया गया। इतना ही नहीं, कब्जा देते वक्त कई दुकानदारों को गलत लोकेशन सौंप दी गई कुछ को फुटपाथ की जगह दुकान थमा दी गई, तो कुछ के हिस्से में स्टॉर्म वाटर सीवरेज लाइन के ऊपर की जगह आ गई। कई स्थानों पर हाई-लाइट पोल तक नहीं हटाए गए।

नदारों का कहना है कि अगर मंडी बोर्ड को दुकानें बेचनी ही थीं, तो पहले सिविल वर्क पूरा किया जाता। फड़ियों का कब्ज़ा हटवाकर उन्हें दूसरी जगह शिफ्ट किया जाता और सीवरेज व स्टॉर्म वाटर लाइन के ऊपर बनी जगहें साफ करने के बाद ही निशानदेही होनी चाहिए थी। अधूरे काम की वजह से अब खरीदारों को भारी दिक्कतें झेलनी पड़ रही हैं।

**▪ सचिव बोले—अगले हफ्ते सभी की निशानदेही होगी...** *मंडी सचिव हरिंदर सिंह गिल ने कहा कि अगले हफ्ते बाकी दुकानदारों की भी निशानदेही कर दी जाएगी। जिन दुकानदारों को कोई समस्या है, उनकी शिकायतें उच्च अधिकारियों तक पहुंचाकर जल्द समाधान करवाया जाएगा।*

### ऑडिट की भूमिका पर हुआ संगोष्ठी का आयोजन

# मेयर इंद्रजीत कौर ने कहा, शासन में पारदर्शिता और जवाबदेही जरूरी




मेयर प्रिंसीपल इंद्रजीत कौर आयोजन में भाग लेती हुई। -समर न्यूज़

**लक्की मेहता | लुधियाना**
**समर न्यूज़**

नगर शासन को मजबूत बनाने और सिस्टम में पारदर्शिता बढ़ाने के उद्देश्य से चंडीगढ़ के महात्मा गांधी स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन में आयोजित 'स्थानीय शासन को मजबूत करने में ऑडिट की भूमिका' विषयक संगोष्ठी में लुधियाना की मेयर प्रिंसीपल इंद्रजीत कौर ने हिस्सा लिया। यह आयोजन प्रिंसीपल अकाउंटेंट जनरल (ऑडिट) पंजाब की ओर से किया गया था। कार्यक्रम में पंजाब विधानसभा के स्पीकर कुलतार सिंह संधवां मुख्य अतिथि रहे। मेयर इंद्रजीत कौर, विधायक बुद्ध राम व विधायक कुलवंत सिंह को गेस्ट ऑफ ऑनर के रूप में सम्मानित किया गया। संगोष्ठी में विभिन्न विभागों के अधिकारी और कई जनप्रतिनिधि बड़ी संख्या में पहुंचे। संगोष्ठी में स्थानीय शासन में सुधार, प्रशासनिक तंत्र को अधिक कुशल बनाने और पब्लिक सिस्टम में पारदर्शिता व जवाबदेही बढ़ाने पर विस्तार से विमर्श हुआ। विशेषज्ञों ने प्रेजेंटेशन के जरिए कई अहम बिंदुओं पर रोशनी डाली।

# बूढ़ा दरिया की सफाई पर सरकार सख्त व एसटीपी, इटीपी में ढिलाई पर होगी कार्रवाई

**लक्की मेहता | लुधियाना**
**समर न्यूज़**



बूढ़ा दरिया को प्रदूषणमुक्त बनाने की दिशा में पंजाब सरकार ने अपनी कार्रवाई और तेज कर दी है। स्थानीय निकाय मंत्री डॉ. रवजोत सिंह और राज्यसभा सांसद संत बलबीर सिंह सीचेवाल ने शनिवार को जमालपुर स्थित सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट में 'बूढ़ा दरिया पुनर्जीवन परियोजना' का जायजा लिया।

बैठक में पंजाब वाटर सप्लाई एंड सीवरेज बोर्ड तथा नगर निगम के अधिकारियों को स्पष्ट चेतावनी दी गई कि एसटीपी और इटीपी को पूरी क्षमता से चलाया जाए, अन्यथा विभागीय कार्रवाई तय है।

बैठक में विधायक अशोक प्रशार पप्पी, विधायक दलजीत सिंह भोला ग्रेवाल, मेयर प्रिंसिपल इंद्रजीत कौर, निगम कमिश्नर आदित्य डेचलवाल, तथा पीपीसीबी सहित कई विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

काउडंग और औद्योगिक कचरा डंपिंग पर रोक, उल्लंघन पर कठोर एक्शन मंत्री डॉ. सिंह और सांसद सीचेवाल ने नगर निगम और पीपीसीबी अधिकारियों को निर्देश दिया कि बूढ़ा दरिया में गाय का गोबर और कचरा फेंकने की घटनाएं तुरंत रोकी जाएं।

उन्होंने कहा कि नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ तुरंत और सख्त कार्रवाई की जाए।

नेताओं ने बताया कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान इस परियोजना की प्रगति पर स्वयं नजर रख रहे हैं। सभी कार्यों के लिए समय-सीमा निर्धारित कर दिया गया है और अधिकारियों को साफ निर्देश दिए गए हैं कि किसी भी तरह की देरी या लापरवाही बर्दाशत नहीं की जाएगी।मंत्री डॉ. रवजोत सिंह ने कहा कि सांसद सीचेवाल के प्रयासों ने नदी की सफाई और प्रदूषण रोकने की दिशा में बड़ा योगदान दिया है।

डेयरी मालिकों के साथ बैठक, चेतावनी जारी समीक्षा के बाद विधयाक दलजीत सिंह ग्रेवाल, विधयाक पप्पी और निगम कमिश्नर ने ताजपुर रोड डेयरी कॉम्प्लेक्स में डेयरी संचालकों से मुलाकात की।

**सूचना** — निर्माण कार्य पूरा करने को प्लेटफार्म नंबर 2 और 3 रहेगा बंद

# 1 से 23 फरवरी तक 11 ट्रेन रद्द, ट्रेनों का प्लेटफार्म चेंज

**सुनील शिंगार | लुधियाना**
**समर न्यूज़**

निर्माण कार्य चल रहा होने के कारण 1 दिसंबर से लेकर 23 फरवरी तक जानी पचासी दिनों के लिए लुधियाना का प्लेटफार्म नंबर दो और तीन बंद रहेगा। ऐसे में ट्रेनों का प्रभावित होना निश्चित है। इसी के चलते रेल अधिकारियों की तरफ से लुधियाना आने वाली 11 ट्रेनों को रद्द कर दिया है जो कि रोजाना ही लुधियाना रेलवे स्टेशन पर पहुंचती थी। वहीं इसके इलावा 133 ट्रेनों के प्लेटफार्म नंबर को भी बदल दिया गया है। यह ट्रेनें प्लेटफार्म नंबर दो, तीन और चार पर रुकती थी, जिनको अब चार-पांच, छह और 7 नंबर प्लेटफार्म पर रोका जाएगा। जिन ट्रेनों के प्लेटफार्म बदले गए हैं उनमें वंदे भारत सहित कई वीवीआईपी ट्रेन भी शामिल है।

**इन ट्रेनों को किया गया रद्द**

*▪ ट्रेन संख्या नंबर 54051, 54051, 54603, 54604, 54053, 54054, 64523, 64522, 54605,54606, 54635 को रद्द किया गया है जबकि इसके अलावा कुछ ट्रेन ऐसी हैं जिनको बीच रास्ते में रोक के वहीं से वापस भेजा जाएगा।*

*▪ 1 दिसंबर से प्लेटफार्म नंबर एक पर रुकने वाली ट्रेनें: गाड़ी संख्या नंबर 14504 12426 12446 14662 22318 12379 12549 22705 12380 14505 12238 12013 13006 22432 20434 18 102 18 310*

*▪ 1 दिसंबर से प्लेटफार्म नंबर 4 पर रुकने वाली ट्रेनें: 12425 12445 12413 11077 14631 18309 18101 11905 13307 14691 22445 12331 12 587 15097 15651 15653 15655 22439 12483 12029 12031 11058 20847 14617 12317 12357 22125 12925 15933 22477 14679 20807 14654 14503 14605 22461*

*▪ 1 दिसंबर से प्लेटफार्म नंबर 5 पर रुकने वाली ट्रेनें: 12265 22401 13151 12355 14611 12237 12411 12919 15708 12497 14615 11057 14673 14649 22446 18104 19612 12421 22941 12422 22942 22317 22487 14541 12203 19325 12053 15211 14603 15016*

*▪ 1 दिसंबर से प्लेटफार्म नंबर 6 पर रुकने वाली ट्रेनें: 14035 64521 64551 15531 14720 74962 74963 54572 54571 54575 54633 74964 74645*

*▪ 1 दिसंबर से प्लेटफार्म नंबर 7 पर रुकने वाली ट्रेनें: 20986 14036 12469 18103 22423 2251 14719 12207 14450 16032 16318 16788 19804 22431 19803 19613 54646 54 636 12471 12473 12475 12477 12752 19028 19611 22479 22485 12407 22480 22486 18238 13308 19614 12903*

### 7 तक बिना टिकट रेल यात्रियों के खिलाफ अभियान

# फिरोजपुर मंडल की विशेष मुहिम के पहले दिन 1494 यात्री पकड़े

**सुनील शिंगार | लुधियाना**
**समर न्यूज़**

बिना टिकट या फिर गलत टिकट के साथ यात्रा करने वाले यात्रियों पर अंकुश लगाने के लिए फिरोजपुर मंडल के अधिकारियों की तरफ से 7 दिसंबर तक एक विशेष अभियान शुरू किया गया है। फिरोजपुर मंडल के अधिकारियों द्वारा शुरू किए गए इस अभियान के पहले दिन शुक्रवार को 1494 यात्रियों को काबू कर उनसे 10 लाख रुपए जुर्माना वसूल किया गया। इस मामले में फिरोजपुर मंडल के सीनियर डीसीएम परमदीप सिंह सैनी ने बताया कि इस योजना के जरिए फिरोजपुर मंडल में संचालित ट्रेनों में तथा रेलवे स्टेशनों पर अनियमित और बिना टिकट यात्रा करने वाले यात्रियों पर अंकुश लगाया जाएगा। उन्होंने बताया कि अभियान के दौरान



टिकट चेक करता टीटी। -समर न्यूज़

टिकट की गहनता से जांच की जाएगी और यह भी जांचा जाएगा कि अगर कोई टिकट एजेंट ने बनाई है तो वह कैसे बनाई गई। सीनियर डीसीएम ने बताया कि यह अभियान फिरोजपुर मंडल के जालंधर, अमृतसर, फिरोजपुर, बठिंडा, लुधियाना, पठानकोट कैंट, जालंधर कैंट स्टेशन पर शुरू किया गया है। उन्होंने यात्रियों से भी अपील की है कि वह लोग बिना टिकट यात्रा न करें।

# ताए के बेटे को दूंढने गए भाई, दोस्त पर गोलियां चलाई, बाल-बाल बचा युवक

**समर न्यूज़ | लुधियाना**

मॉडल टाउन इलाके में वीरवार देर रात एक सनसनीखेज घटना सामने आई, जिसमें अपने बड़े भाई को खोजने पहुंचे छोटे भाई और उसके दोस्त पर कुछ लोगों ने गोलियां चला दीं और जान से मारने की धमकियां दीं। इस वारदात के बाद पूरे क्षेत्र में दहशत का माहौल बन गया है।

घटना की शिकायत पीड़ित ने थाना मॉडल टाउन में दर्ज करवाई गई है। न्यू हरगोबिंद नगर निवासी साहिल जोशी के अनुसार, वीरवार रात करीब 11:45 बजे उसे कनाडा से उसके ताए के छोटे बेटे का फोन आया और बताया कि उसका बड़ा भाई काफी देर से फोन नहीं उठा रहा और उसकी मोबाइल लोकेशन मॉडल टाउन इलाके में दिख रही है। इस जानकारी के बाद साहिल अपने दोस्त के साथ तुरंत लोकेशन पर पहुंचा। साहिल ने बताया कि जब वह रात करीब 12 बजे लोकेशन वाले स्थान पर पहुंचा तो वहां उसके ताया जी का बड़ा बेटा कुछ अन्य लोगों के साथ एक दुकान में बैठा हुआ था। साहिल ने उसे घर चलने के लिए कहा, लेकिन दुकान में मौजूद कुछ लोग शराब के नशे में धुत थे और उन्होंने अचानक उसके साथ बदतमीजी शुरू कर दी तो उसके साथ आए दोस्त ने भी उक्त लोगो को बदतमीजी करने से रोका। पीड़ित साहिल का आरोप है कि उन लोगों ने न सिर्फ गाली-गलौज की, बल्कि हाथापाई और धमकियां भी देनी शुरू कर दीं तो वह दुकान से बाहर आ गया। साहिल के मुताबिक जब वह दुकान से बाहर आया तो उक्त लोग भी उसके पीछे बाहर आ गए। स्थिति तब गंभीर हो गई जब वहां मजूद एक वरुणा कार सवार और एक काले रंग की थार गाड़ी के चालको ने पिस्तौल निकालकर उन पर फायरिंग कर दी। गोली साहिल और उसके दोस्त की टांग और सिर के पास से गुजरी, जिससे वे बाल-बाल बच गए।

ग्रुप एडिटरः अर्शदीप सिंह, एग्जीक्यूटिव एडिटर : चंदन स्वप्निल*, मुद्रक, प्रकाशक, इंप्रेशन प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग लिमिटेड, प्लॉट- 22, औद्योगिक क्षेत्र, फेज-2, पंचकूला। आरएनआई पंजीकरण संख्याः CHMUL/25/A1155
*इस अंक में प्रकाशित सभी समाचार पीआरबी के चयन एवं संपादन हेतु हैं। अधिनियम के अंतर्गत सभी उत्तरदायित्व और उससे उत्पन्न सभी विवाद लुधियाना न्यायालय के अधीन होंगे। वर्ष 1 अंक 85